kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❐ वर्ष-15 ❐ अंक-40 ❐ मंगलवार, 10 मार्च 2026 ❐ नगर संस्करण ❐ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❐ मूल्य- ₹ 3.00 ❐ पृष्ठ-12



जब से राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष बने हैं, उनके मन में शायद संसद चलाने की इच्छा ही नहीं है। वह सदन में व्यवधान पैदा करने की योजना बना कर आते हैं, बेबुनियाद विषयों पर सदन का समय खराब करते हैं। तख्ती लाते हैं। वह नेता प्रतिपक्ष के रूप में विफल हैं। ना तो संविधान समझते हैं, ना नैतिकता समझते हैं । पीयूष गोयल

बालेंद्र शाह की जीत के निहितार्थ 11
राज्यपाल ने बजट अभिभाषण में अगले वित्तीय वर्ष में राज्य सरकार की प्राथमिकताओं को रखा 12

## संक्षेप

### कच्चा तेल साढ़े तीन साल बाद 100 डॉलर प्रति बैरल के पार

नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनैतिक संकट के बीच सोमवार को कच्चे तेल के मूल्य में बड़ा उछाल आया और यह साढ़े तीन साल बाद 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया। पिछले कारोबारी दिवस पर 92.69 डॉलर पर बंद होने वाला लंदन का ब्रेंट क्रूड वायदा आज 99.75 डॉलर प्रति बैरल पर खुला और एक समय 119.50 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया था। खबर लिखे जाते समय यह 12.80 प्रतिशत ऊपर 104.55 डॉलर प्रति बैरल पर था। अगस्त 2022 के बाद पहली बार कच्चा तेल 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर निकला है। अमेरिकी वेस्ट टेक्सस क्रूड भी 119.48 अंक तक पहुंचने के बाद 12.18 प्रतिशत ऊपर 101.97 डॉलर प्रति बैरल पर था। गत 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल की संयुक्त सैन्य कार्रवाई में ईरान पर किये गये हमले और उसके बाद ईरान की जवाबी प्रतिक्रिया से पश्चिम एशिया में कच्चे तेल का उत्पादन और आपूर्ति श्रृंखला दोनों पर असर पड़ा है। इससे कच्चे तेल में उछाल आया है और इन 10 दिनों में कीमत 50 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ चुकी है।

### स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) में 100 फीसद ओडीएफ प्लस राज्य बना उत्तर प्रदेश

लखनऊ। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत उत्तर प्रदेश ने स्वच्छता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए 100 प्रतिशत ओडीएफ प्लस राज्य बनने का कीर्तिमान हासिल किया है। वहीं पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि प्रदेश की ग्राम पंचायतें स्वच्छता के क्षेत्र में देश के लिए मिसाल बन रही हैं और सरकार भविष्य में भी इस दिशा में निरंतर काम करती रहेगी। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के प्रथम चरण में प्रदेश को पहले ही 100 प्रतिशत ओडीएफ राज्य घोषित किया जा चुका है। इस चरण में उत्तर प्रदेश में 2.74 करोड़ से अधिक व्यक्तिगत शौचालयों का निर्माण किया गया, जिससे राज्य देश में सर्वाधिक शौचालय निर्माण करने वाला प्रदेश बनकर उभरा। मिशन के दूसरे चरण में ओडीएफ की स्थिति को स्थायी बनाए रखने के साथ-साथ ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन पर विशेष जोर दिया जा रहा है। वर्तमान में प्रदेश के 95,767 गांवों ने ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन की व्यवस्था के साथ स्वयं को ओडीएफ प्लस घोषित किया है, जबकि 94,723 से अधिक गांवों को ओडीएफ प्लस का दर्ज़ा मिल चुका है। दूसरे चरण के तहत अब तक 57,25,291 व्यक्तिगत शौचालयों का निर्माण कराया जा चुका है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए 59,165 सामुदायिक शौचालयों का भी निर्माण कराया गया है। पंचायती राज विभाग के निदेशक अमित कुमार सिंह ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अब जन आंदोलन का रूप ले चुका है। ग्राम पंचायतों, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी से प्रदेश ने स्वच्छता के क्षेत्र में नई पहचान बनाई है।

# राज्य विश्वविद्यालय तय शासनादेश के अनुसार ही लें परीक्षा शुल्क

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

- ❐ योगी सरकार का सख्त निर्देश, राज्य विश्वविद्यालय तय शासनादेश के अनुसार ही लें परीक्षा शुल्क
- ❐ बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए, बीसीए, बीएड, बीपीएड, जैसे पाठ्यक्रमों के लिए 800 रुपये
- ❐ एलएलबी, बीएससी एग्रीकल्चर (ऑनर्स), बीटेक, बायोटेक जैसे पाठ्यक्रमों के लिए 1000 रुपये
- ❐ शासनादेश के विपरीत फीस वसूली पर ऑडिट कराकर कार्रवाई करने की चेतावनी

लखनऊ। उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने राज्य विश्वविद्यालयों को निर्देश दिया है कि वे परीक्षा शुल्क केवल शासनादेश में निर्धारित दरों के अनुसार ही लें। शासनादेश के विपरीत अधिक शुल्क वसूलने वाले विश्वविद्यालयों के ऑडिट कराने और आवश्यक कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी गई है। शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार राज्य विश्वविद्यालयों में परीक्षा शुल्क की समानता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए प्रति सेमेस्टर परीक्षा शुल्क निर्धारित किया गया है। इसके तहत बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए, बीसीए, बीएड, बीपीएड, बीजेएमसी, बीएफए और बीवोक जैसे पाठ्यक्रमों के लिए 800 रुपये, एलएलबी, बीएससी एग्रीकल्चर (ऑनर्स), बीटेक, बायोटेक जैसे पाठ्यक्रमों के लिए 1000 रुपये तथा बीडीएस, नर्सिंग, बीएएमएस और बीयूएमएस जैसे पाठ्यक्रमों के लिए 1500 रुपये ● शेष पेज 11 पर

# हाइकोर्ट का केजरीवाल सहित सभी 23 आरोपियों को नोटिस

## जांच अधिकारी के खिलाफ डिपार्टमेंटल एक्शन पर भी रोक

एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार (9 मार्च) को दिल्ली शराब नीति केस में पूर्व एख्र अरविंद केजरीवाल, पूर्व डिप्टी एख्र मनीष सिसोदिया समेत 23 आरोपियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट की एउक्र अधिकारियों के खिलाफ की गई टिप्पणियों पर रोक लगा दी।

जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने यह भी निर्देश दिया कि संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ट्रायल कोर्ट आगे की सुनवाई तब तक टाल दे, जब तक हाईकोर्ट इस मामले पर आगे सुनवाई न कर ले।

ट्रायल कोर्ट ने 27 फरवरी को इस मामले में सभी 23 आरोपियों को बरी कर दिया था। इसी आदेश को केंद्रीय जांच ब्यूरो ने हाईकोर्ट में चुनौती दी है। एउक्रने अपनी 974 पेज की याचिका में कहा है कि ट्रायल कोर्ट ने चार्ज फ्रेमिंग के चरण में ही मिनी-ट्रायल जैसा व्यवहार किया। कोर्ट ने पूरे सबूतों को विस्तार से जांचना शुरू कर दिया, जैसे कि पूरा केस चल रहा हो। जबकि इस स्तर पर केवल सरसरी नजर से मामला देखा जाता है।




- ❐ दिल्ली शराब नीति केस- सीबीआई अफसर के खिलाफ की गई टिप्पणियों पर रोक, मनी लॉन्ड्रिंग केस में सुनवाई नहीं करने का आदेश

सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि एजेंसी फिलहाल डिस्चार्ज आदेश पर रोक नहीं चाहती, लेकिन यह सुनिश्चित करना चाहती है कि ट्रायल कोर्ट का फैसला क्क की मनी लॉन्ड्रिंग जांच को प्रभावित न करे। हाईकोर्ट ने एक्साइज पॉलिसी केस की जांच करने वाले एउक्र ऑफिसर के खिलाफ डिपार्टमेंटल एक्शन लेने के ट्रायल कोर्ट के ऑर्डर पर रोक लगा दी है।

दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 27 फरवरी को मामले में आरोपी बनाए गए दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल, पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिय समेत 23 लोगों को बरी कर दिया था। फैसला आने के 6 घंटे के बाद ही सीबीआई ने इसके खिलाफ हाइकोर्ट में अपील कर दी थी। एउक्र ने निचली अदालत के आदेश को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट से इसे रद्द करने की मांग की है। वहीं, बरी होने के बाद कोर्ट से बाहर मीडिया से बातचीत के दौरान केजरीवाल भावुक हो गए। उन्होंने कहा- मैंने जिंदगी में सिर्फ ईमानदारी कमाई है। आज ये साबित हो गया कि केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और आम आदमी पार्टी कट्टर ईमानदार हैं।

# भारत का पश्चिम एशिया संकट पर पैनी नजर

## नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता : जयशंकर

एजेंसी

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को संसद में कहा कि भारत सरकार पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष की स्थिति पर करीबी नजर रखे हुए है और क्षेत्र में मौजूद भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं।

लोकसभा और राज्यसभा में 'पश्चिम एशिया की स्थिति' पर दिए गए अपने वक्तव्य में जयशंकर ने बताया कि 28 फरवरी से शुरू हुए इस संघर्ष में इज़राइल और अमेरिका एक तरफ हैं और दूसरी तरफ ईरान है, जबकि कई खाड़ी देशों पर भी हमले हुए हैं। इस संघर्ष में भारी जनहानि और बुनियादी ढांचे को नुकसान हुआ है।

उन्होंने कहा कि स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एक मार्च को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा संबंधी समिति की बैठक हुई, जिसमें क्षेत्र में रह रहे भारतीयों की सुरक्षा तथा क्षेत्रीय सुरक्षा, व्यापार और आर्थिक गतिविधियों पर पड़ने वाले प्रभाव की समीक्षा की गई। समिति को इस इलाके में आने-जाने वाले भारतीय यात्रियों और इन देशों में तय परीक्षाओं में बैठने वाले छात्रों को होने वाली मुश्किलों के बारे में बताया गया। इसने सभी संबंधित मंत्रालयों और विभागों को इन समस्याओं से निपटने के लिए सही कदम उठाने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री नए डेवलपमेंट पर करीब से नज़र रख रहे हैं। विदेश मंत्री ने बताया कि पश्चिम एशिया भारत के लिए विशेष महत्व रखता है क्योंकि खाड़ी देशों में लगभग एक करोड़ भारतीय नागरिक रहते और काम



करते हैं, जबकि ईरान में भी हजारों भारतीय छात्र और पेशेवर मौजूद हैं। इसके अलावा यह क्षेत्र भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। खाड़ी देश एक बड़ा ट्रेड पार्टनर भी हैं, जो हर साल लगभग 200 बिलियन अमेरिकी डॉलर का कारोबार करते हैं। सदन को यह भी पता है कि पिछले दशक में इस इलाके से भारतीय अर्थव्यवस्था में काफी निवेश हुआ है। इसलिए सप्लाई चेन में गंभीर रुकावटें और अस्थिरता के माहौल को हम गंभीर मुद्दे मानते हैं। इसके अलावा, इनमें मर्चेंट शिपिंग पर हमले भी शामिल हैं, जहां भारतीय नागरिक अक्सर क्रू का एक बड़ा हिस्सा होते हैं। दुख की बात है कि हमने ऐसी घटनाओं में पहले ही दो भारतीय नाविकों को खो दिया है और एक अभी भी लापता है। उन्होंने कहा कि सरकार ने स्थिति बिगड़ने के संकेत मिलने पर जनवरी से ही ईरान के लिए यात्रा संबंधी परामर्श जारी किए थे और भारतीय नागरिकों को अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी थी। 14 एवं 23 फरवरी को भी भारतीयों से सभी उपलब्ध साधनों से ईरान छोड़ने की अपील की गई थी। संघर्ष शुरू होने के बाद भारतीय दूतावास ने तेहरान में रह रहे भारतीय छात्रों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में मदद की है और कुछ व्यापारिक कारणों से वहां मौजूद भारतीयों को आर्मेनिया के रास्ते वापस भारत भेजने में सहायता दी है। उन्होंने बताया कि दुबई, दोहा और अबू धाबी जैसे ट्रांजिट केंद्रों में फंसे भारतीय यात्रियों की भी मदद की गई है तथा कई देशों की सीमाओं के जरिए सुरक्षित निकासी की व्यवस्था की गई है। अब तक लगभग 67 हजार भारतीय नागरिक विभिन्न उड़ानों से वापस लौट चुके हैं। जयशंकर ने बताया कि ईरान के अनुरोध पर उसके एक पोत आईरिस लावन को 4 मार्च को कोच्चि में डॉक करने की अनुमति दी गई। जहाज के चालक दल को भारतीय नौसैनिक सुविधाओं में रखा गया है और ईरान ने इस मानवीय सहायता के लिए भारत का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इस टकराव का भारत की ऊर्जा सुरक्षा पर पड़ने वाले संभावित प्रभाव को देखते हुए सरकार इस मुद्दे पर विशेष ध्यान दे रही है। सरकार ऊर्जा बाजार की जवाबदेही, लागत और जोखिमों को पूरी तरह ध्यान में रखते हुए आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। भारतीय उपभोक्ताओं का हित हमेशा सर्वोच्च प्राथमिकता रहा है और आगे भी रहेगा। आवश्यकता पड़ने पर भारतीय कूटनीति ने इस अस्थिर स्थिति में देश की ऊर्जा कंपनियों के प्रयासों का भी समर्थन किया है। विदेश मंत्री ● शेष पेज 11 पर

# ईरान ने अपना सर्वोच्च नेता चुना

## ईरान पर हमला नेतन्याहू के साथ सहमति के बाद ही रुकेगा : ट्रम्प

एजेंसी

तेहरान/ तेल अवीव। इजरायल-अमेरिका का ईरान के साथ चल रहे युद्ध के बीच ईरान ने सोमवार को मोजतबा खामेनई को अपना नया सर्वोच्च नेता नियुक्त किया।

ईरान की मेहर न्यूज एजेंसी (एमएनए) ने बताया, ''इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान की विशेषज्ञों की परिषद (असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स) ने सोमवार तड़के अयातुल्ला सैय्यद मोजतबा खामेनेई को इस्लामिक क्रांति का तीसरा नेता घोषित किया। आठ सितंबर 1969 को मशहद में जन्मे मोजतबा खामेनेई, अली खामेनेई के दूसरे बेटे हैं। उनका चुनाव 88 सदस्यीय 'असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स' ने किया। वह ईरान के राजनीतिक हलके में एक चर्चित शख्सियत हैं, तथा ईरान रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के बीच भी काफी लोकप्रिय हैं। यमन के हूती समूह ने मोजतबा खामेनेई को ईरान का नया सर्वोच्च नेता नियुक्त किए जाने का स्वागत किया है और इसे ईरान के भीतर एकता और शक्ति का प्रतीक बताया है। एक बयान में, समूह की 'सुप्रीम पॉलिटिकल काउंसिल' ने इस नियुक्ति पर ईरानी नेतृत्व और जनता को बधाई दी। बयान में कहा गया कि यह फैसला 'अत्यधिक महत्वपूर्ण और निर्णायक मोड़' पर लिया गया है। ईरान ने अपने नये सर्वोच्च नेता के चयन के साथ ही इजरायल और अमेरिका के सैन्य ठिकानों पर नये हमले किये हैं। इन हमलों में ड्रोन के साथ-साथ हाइपरसोनिक और बैलिस्टिक मिसाइलों का भी इस्तेमाल किया गया। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अधिकारियों ने बताया कि राजधानी अबू धाबी में हुए हवाई हमलों को रोक लिया गया लेकिन रोके गये इन हमलों का मलबा दो अलग-अलग स्थानों पर गिरने से दो लोग घायल हो गये हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 'द टाइम्स ऑफ इज़राइल' के साथ एक टेलीफोन साक्षात्कार में कहा है कि ईरान के साथ जारी संघर्ष को कब समाप्त करना है इसका निर्णय इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ मिलकर लिया जाएगा। श्री ट्रम्प ने कहा, ''मुझे लगता है कि यह कुछ हद तक आपसी है। हम बात कर रहे हैं। मैं सही समय पर फैसला लूँगा लेकिन हर बात को ध्यान में रखा जाएगा।'' उन्होंने सुझाव दिया कि अंतिम फैसला उनका होगा, लेकिन श्री नेतन्याहू के विचारों पर भी विचार किया जाएगा। इस बीच अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने सुरक्षा जोखिमों के कारण सऊदी अरब से गैर-आपातकालीन सरकारी कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों को देश छोड़ने का आदेश दिया है। ईरान के सशस्त्र बलों ने सोमवार को पश्चिमी एशिया में अमेरिकी और इजरायली ठिकानों पर नये हमले किए। इन हमलों में ड्रोन के साथ-साथ हाइपरसोनिक और बैलिस्टिक मिसाइलों का भी इस्तेमाल किया गया। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने कहा कि 'ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस 4' पूरी तरह सफल रहा। इसके तहत क्षेत्र में स्थित अमेरिकी ठिकानों और इजरायल कब्जे वाले उत्तरी क्षेत्रों में कई स्थानों पर एक साथ हमला किया गया। बताया गया है कि इस ऑपरेशन में रणनीतिक ड्रोनों के अलावा खुर्रमशहर, फतह और खैबर मिसाइलों का उपयोग किया गया। सरकारी प्रसारक आईआरआईबी ने आईआरजीसी के हवाले से बताया कि ये हमले नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई के चुनाव के साथ ही किए गए। इस बीच, बहरीन के नेशनल कम्युनिकेशन सेंटर ने बताया कि ईरानी हमले के बाद मामीर गांव में बहरीन पेट्रोलियम कंपनी (बापको) के एक केंद्र में आग लग गई। हालांकि, अधिकारियों ने बाद में स्पष्ट किया कि इस आग से कोई भौतिक नुकसान नहीं हुआ और दमकल टीमों ने स्थिति पर जल्द ही काबू पा लिया।



### सीधी जंग में उतरा तुर्की, समुद्र में मार गिराई मिसाइल

नई दिल्ली। ईरान के साथ बढ़ते तनाव के बीच तुर्की अब खुलकर सक्रिय हो गया है। तुर्की ने दावा किया है कि उसने ईरान की ओर से दागी गई एक बैलिस्टिक मिसाइल को पूर्वी भूमध्यसागर में ही मार गिराया। तुर्की के रक्षा मंत्रालय ने इस कार्रवाई की पुष्टि करते हुए ईरान को कड़ी चेतावनी भी दी है। तुर्की के रक्षा ● शेष पेज 11 पर

# किताबें पढ़ो, सोशल मीडिया का अत्यधिक प्रयोग न करो : योगी

- ❐ मुख्यमंत्री ने दी बच्चों को सीख
- ❐ समय सीमा के अंदर समस्याओं का निस्तारण कराएं
- ❐ उद्यमियों को किसी भी स्तर पर परेशानी होती है तो उसे प्राथमिकता के आधार पर दूर कराएं: सीएम

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को जनता दर्शन के दौरान जिलों के प्रशासनिक व पुलिस अफसरों को निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण समय सीमा के अंदर सुनिश्चित किया जाए। साथ ही बच्चों को सीख दी है कि किताबें पढ़ो और सोशल मीडिया का अत्यधिक प्रयोग न करो। उन्होंने बच्चों को मोबाइल के ज्यादा इस्तेमाल से बचने की भी सलाह दी। मुख्यमंत्री प्रदेश भर से आए पीड़ितों के पास स्वयं चलकर पहुंचे। उनका प्रार्थना पत्र लिया और आश्वस्त किया कि सरकार सभी की उचित समस्याओं के निस्तारण के लिए प्रतिबद्ध है।



निश्चिंत होकर घर जाइए, आपकी समस्याओं का निस्तारण होगा। किताबें पढ़ो, सोशल मीडिया का न्यूनतम प्रयोग करो'जनता दर्शन' में अभिभावकों के साथ कुछ बच्चे भी आए थे। मुख्यमंत्री ने बच्चों को चॉकलेट दी और उनसे पढ़ाई के बारे में जानकारी ली। एक बच्चे के पास पहुंचे मुख्यमंत्री ने कहा कि किताबें पढ़ो। सोशल मीडिया का प्रयोग उतना ही करो, जितनी जरूरी है। इसका अत्यधिक प्रयोग घातक है। मुख्यमंत्री ने मोबाइल आदि का प्रयोग भी कम करने की सलाह दी। निवेश और उद्योग विकास में देरी या लापरवाही स्वीकार नहीं' जनता ● शेष पेज 11 पर

# जन आकांक्षाओं की पूर्ति सरकार का संकल्प : मोदी

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि देश की जनता की आकांक्षाओं को पूरा करना उनकी सरकार का मूल संकल्प है और शिक्षा, कौशल विकास, स्वास्थ्य, पर्यटन, खेल तथा संस्कृति जैसे क्षेत्र इन आकांक्षाओं को साकार करने के प्रमुख माध्यम हैं। उन्होंने शिक्षा प्रणाली को वास्तविक अर्थव्यवस्था से जोड़ने की प्रक्रिया को तेज करने तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता और ऑटोमेशन जैसे विषयों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया।

प्रधानमंत्री मोदी 'सबका साथ, सबका विकास ऽ जन आकांक्षाओं की पूर्ति' विषय पर आयोजित बजट के बाद की वेबिनार शृंखला की चौथी कड़ी को संबोधित कर रहे थे। इस वेबिनार में विभिन्न मंत्रालयों, विभागों के अधिकारियों के साथ-साथ निजी क्षेत्र के विशेषज्ञों और नीति निर्माताओं ने भी भाग लिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि जनता की आकांक्षाओं को पूरा करना केवल एक विषय नहीं, बल्कि सरकार के बजट का मूल उद्देश्य और संकल्प है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, कौशल, स्वास्थ्य, पर्यटन, खेल और संस्कृति जैसे क्षेत्रों में किए जा रहे निवेश और सुधार देश के विकास को नई दिशा देने वाले हैं। इन क्षेत्रों के माध्यम से न केवल युवाओं के लिए अवसर बढ़ेंगे बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। स्वास्थ्य क्षेत्र का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य केवल उपचार आधारित व्यवस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि एक व्यापक और निवारक स्वास्थ्य प्रणाली का निर्माण करना है। पिछले कुछ वर्षों में देश के स्वास्थ्य ढांचे को तेजी से मजबूत किया गया है और योग तथा आयुर्वेद को वैश्विक स्तर पर व्यापक स्वीकार्यता मिली है। उन्होंने बताया कि देश के सैकड़ों जिलों में नए मेडिकल कॉलेज खोले गए हैं तथा आयुष्मान भारत योजना और आरोग्य मंदिरों के माध्यम से आम नागरिकों की स्वास्थ्य सेवाओं तक



पहुंच का विस्तार किया गया है। प्रधानमंत्री ने 'केयर इकॉनमी' के उभरते महत्व का भी उल्लेख किया और कहा कि दुनिया भर में प्रशिक्षित देखभाल कर्मियों की मांग तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने स्वास्थ्य क्षेत्र के विशेषज्ञों से युवाओं को इस क्षेत्र में तैयार करने के लिए नए प्रशिक्षण मॉडल विकसित करने के लिए सुझाव देने का आग्रह किया। डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं पर बात करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि टेली-मेडिसिन ने दूरदराज के क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हालांकि उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि इन सेवाओं को और अधिक सरल बनाने तथा इनके प्रति जन जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है। शिक्षा क्षेत्र पर बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के युवाओं की बदलती सोच और ऊर्जा देश की सबसे बड़ी ताकत है। इसलिए शिक्षा व्यवस्था को भी उसी अनुरूप विकसित करना होगा। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति के माध्यम से शिक्षा को रोजगार और उद्यमिता से जोड़ने के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आने वाले समय में शिक्षा को वास्तविक अर्थव्यवस्था और बाजार की मांग से जोड़ना बेहद जरूरी होगा। उन्होंने विशेष रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ऑटोमेशन और डिजिटल अर्थव्यवस्था जैसे क्षेत्रों में पाठ्यक्रम और प्रशिक्षण को मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने एवीजीसी (एनीमेशन, विजुअल इफ़ेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स) क्षेत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत तेजी से नवाचार आधारित अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने शैक्षणिक संस्थानों से अपने परिसरों को उद्योग सहयोग और अनुसंधान आधारित शिक्षण के केंद्र के रूप में विकसित करने का आह्वान किया ताकि छात्रों को वास्तविक दुनिया का अनुभव मिल सके।

प्रधानमंत्री ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित के क्षेत्र में बढ़ती महिला भागीदारी पर भी संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सरकार भविष्य की तकनीकों में ● शेष पेज 11 पर

# नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ने जनसुनाई कर लोगों की सुनीं समस्याएं, निस्तारण के दिये आदेश

❒ मंत्री श्री शर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आमजन को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा ने लखनऊ स्थित अपने आवास पर जनसुनवाई कर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में लोग अपनी व्यक्तिगत एवं क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर पहुंचे।

मंत्री श्री शर्मा ने सभी की बात ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक मामले का त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।जनसुनवाई के दौरान विद्युत कनेक्शन, विद्युत बिल सुधार, साफ-सफाई की व्यवस्था, सड़क निर्माण, जलनिकासी तथा अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़े कई मामले सामने आए। मंत्री श्री शर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आमजन को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।उन्होंने कहा कि जनता अपनी समस्याओं के समाधान के लिए सरकार और प्रशासन से उम्मीद रखती है, इसलिए अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि वे पूरी संवेदनशीलता, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कार्य करें। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उसका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि लोगों को अनावश्यक रूप से इधर-उधर भटकना न पड़े।मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य आमजन की समस्याओं को सीधे सुनकर उनका प्रभावी समाधान करना है। इससे प्रशासन और जनता के बीच संवाद मजबूत होता है और समस्याओं का समाधान भी तेजी से हो पाता है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित प्रकरणों की नियमित समीक्षा भी की जाए।इस अवसर पर मंत्री श्री शर्मा ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि जनहित से जुड़े कार्यों में तेजी लाई जाए तथा नागरिकों को सरकार की योजनाओं और सुविधाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराया जाए।इस अवसर पर ऊर्जा एवं नगर विकास विभाग के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# खोज: बीएचयू-आईआईटी के वैज्ञानिकों ने सतत फसल सुरक्षा के लिए विकसित की हरित नैनो प्रौद्योगिकी

❒ कृषि पारितंत्र की रक्षा करता है और किसानों की उत्पादकता बढ़ाने में सहायक

वाराणसी । काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के वनस्पति विज्ञान विभाग और आईआईटी (बीएचयू) के स्कूल ऑफ मटेरियल्स साइंस एंड टेक्नोलॉजी के वैज्ञानिकों ने सतत कृषि के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। वैज्ञानिकों ने हरित नैनो प्रौद्योगिकी पर आधारित ऐसी अभिनव तकनीक विकसित की है, जो गेहूं की फसल में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के साथ उसकी उत्पादकता भी सुधार सकती है।

वनस्पति विज्ञान विभाग के डॉ. प्रशांत सिंह के नेतृत्व में शोधकर्ताओं की टीम ने पाया कि पर्यावरण के अनुकूल जिंक ऑक्साइड नैनोकण गेहूं में ल्बाइपोलारिस सोरोकिनियानाङ्क नामक फफूंद से होने वाली स्पॉट ब्लॉच बीमारी के खिलाफ प्रभावी ल्डिफ़ेन्स प्राइमिंग एजेंटङ्क के रूप में कार्य कर सकते हैं। यह बीमारी विश्व स्तर पर गेहूं की सबसे विनाशकारी बीमारियों में गिनी जाती है।शोध के अनुसार, डिफ़ेन्स प्राइमिंग ऐसी रणनीति है जिसमें पौधे सामान्य परिस्थितियों में अतिरिक्त ऊर्जा खर्च किए बिना संभावित तनाव या रोग के लिए पहले से तैयार रहते हैं। जब रोगजनक का हमला होता है, तो पौधे तेजी और प्रभावी ढंग से अपनी रक्षा प्रतिक्रिया सक्रिय कर लेते हैं।अध्ययन में पाया गया कि हरित विधि से तैयार जिंक ऑक्साइड नैनोकणों से उपचारित गेहूं के पौधे सामान्य परिस्थितियों में स्वस्थ बने रहते हैं। वहीं रोगजनक के संपर्क में आने पर उनमें मजबूत प्रतिरोधक क्षमता विकसित हो जाती है। ऐसे पौधों में बेहतर वृद्धि, अधिक स्वस्थ पत्तियां, बेहतर प्रकाश संश्लेषण क्षमता और सशक्त जैव-रासायनिक रक्षा प्रतिक्रियाएं देखी गईं।शोध की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह भी रही कि नैनोकणों द्वारा उत्पन्न यह प्रतिरोध केवल उपचारित पौधों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उनसे उत्पन्न अगली पीढ़ी के पौधों में भी बेहतर प्रतिरोधक क्षमता और प्रदर्शन दर्ज किया गया।आणविक विश्लेषण से संकेत मिला कि यह प्रभाव संभवतः एपिजेनेटिक परिवर्तनों, विशेषकर प्रमुख रक्षा जीनों के नियामक क्षेत्रों में डीएनए मिथाइलेशन के बदलाव से जुड़ा हो सकता है। इससे गेहूं में अंतर-पीढ़ी प्रतिरक्षा स्मृति की मौजूदगी का संकेत मिलता है।डॉ. प्रशांत सिंह ने बताया कि यह शोध दर्शाता है कि हरित नैनोप्रौद्योगिकी के माध्यम से पर्यावरण-अनुकूल और जैविक रूप से प्रभावी फसल सुरक्षा रणनीतियां विकसित की जा सकती हैं।

यह दृष्टिकोण सतत विकास के तीन प्रमुख स्तंभ–पीपुल, प्लैनेट और प्रॉफिट–के अनुरूप है, क्योंकि यह खाद्य सुरक्षा को मजबूत करने के साथ कृषि पारितंत्र की रक्षा करता है और किसानों की उत्पादकता बढ़ाने में सहायक हो सकता है।इस शोध टीम में निधि यादव, बंधना देवी, पी. थिरुनारायणन, संजीव कुमार, चंदन उपाध्याय और डॉ. प्रशांत सिंह शामिल रहे। बीएचयू और आईआईटी (बीएचयू) के बीच हुआ यह सहयोगात्मक शोध इस बात का उदाहरण है कि अंतर्विषयक अनुसंधान के माध्यम से जलवायु-अनुकूल और सतत कृषि के लिए नई पीढ़ी के समाधान विकसित किए जा सकते हैं।

## 100 करोड़ ठगी मामले में फरार आदिल वसी के घर कुर्की पुलिस ने जब्त किया सामान

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** जिले में पुलिस ने ठगी के एक बड़े मामले में फरार आरोपी आदिल वसी के घर कुर्की की कार्रवाई की है। वसी पर लोगों को रकम दोगुना करने का लालच देकर करीब 100 करोड़ रुपये की उगाही करने का आरोप है। पुलिस के मुताबिक वह पटाखा कारोबारी कादिर का करीबी बताया जा रहा है और काफी समय से फरार चल रहा है। कुर्की की कार्रवाई के दौरान पुलिस ने उसके घर से पुराना फर्नीचर, अलमारी, बक्सा, एसी और गैस सिलेंडर समेत कई घरेलू सामान जब्त कर लिया। वसी पर 25 हजार रुपये का इनाम भी घोषित है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की तलाश जारी है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## मासूम की सकुशल बरामदगी से परिजनों ने ली राहत की सांस, पुलिस की तत्परता से टला बड़ा हादसा

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** प्रयागराज में अपहृत मासूम की सकुशल बरामदगी के बाद परिजनों ने राहत की सांस ली है। पुलिस की तेज कार्रवाई और सतर्कता के चलते बच्चे को सुरक्षित वापस लाया जा सका। सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल टीम गठित कर जांच शुरू की और संदिग्धों की तलाश में लगातार दबिश दी। इसी सक्रियता के चलते मासूम को सुरक्षित बरामद कर लिया गया। पुलिस का कहना है कि अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है और किसी भी कीमत पर कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

## फर्जी मार्कशीट गिरोह का भंडाफोड़, वेबसाइट बनाकर बेच रहे थे हाईस्कूल, इंटर के प्रमाणपत्र

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रयागराज पुलिस ने शिक्षा के नाम पर चल रहे बड़े फर्जीवाड़े का खुलासा करते हुए हाईटेक गिरोह का पर्दाफाश किया है। यह गिरोह हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की फर्जी मार्कशीट और प्रमाणपत्र तैयार कर छात्रों को बेच रहा था। जांच में सामने आया कि आरोपी उत्तर प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय परिषद के नाम से अवैध संस्था चलाकर फर्जी वेबसाइट के जरिए अंकपत्र जारी कर रहे थे। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आजमगढ़ निवासी राजमन गोंड को गिरफ्तार कर लिया, जो फिलहाल चिनहट में रह रहा था। पुलिस ने उसके कब्जे से बड़ी संख्या में फर्जी मार्कशीट, मोहरें और जाली दस्तावेज बरामद किए हैं। पूछताछ में आरोपी ने कई वर्षों से इस फर्जीवाड़े को अंजाम देने की बात स्वीकार की है। पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में छापेमारी कर रही है।

## लोक निर्माण विभाग के तकनीकी सलाहकार वीके सिंह का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राज्य सरकार ने लोक निर्माण विभाग में तकनीकी सलाहकार वी.के. सिंह का कार्यकाल एक वर्ष के लिए बढ़ा दिया है। सेवानिवृत्त प्रमुख अभियंता विजय कुमार सिंह तकनीकी सलाहकार पद पर यथावत तैनात रहेंगे। इस आशय का आदेश जारी कर दिया गया है।जारी आदेश में कहा गया है कि फुल डेप्थ रिक्लेमेशन तकनीक के कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित कराने के लिए कार्यकाल बढ़ाया गया है। पहले 28 फरवरी 2026 तक नियुक्ति थी और अब इसे एक मार्च 2026 से 28 फरवरी 2027 तक बढ़ा दिया गया है।

## पुलिस मुख्यालय में मनाया गया होली मिलन समारोह

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के गोमतीनगर विस्तार स्थित पुलिस मुख्यालय में सोमवार को आयोजित होली मिलन समारोह अत्यन्त हर्षोल्लास और आत्मीय वातावरण में सम्पन्न हुआ। पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने इस अवसर पर सभी पुलिस कर्मियों एवं उनके परिजनों को होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने समारोह में उपस्थित कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुये कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस की उपलब्धियों एवं उत्कृष्ट कार्यों की मुख्यमंत्री ने विभिन्न मंचों पर सराहना की है, जो समस्त पुलिस बल के लिए गर्व का विषय है। राज्य सरकार ने यूपी पुलिस को तकनीकी रूप से अधिक सक्षम एवं आधुनिक बनाने के उद्देश्य से इस वर्ष 44 हजार करोड़ रुपये से अधिक का बजट आवंटित किया है। इससे पुलिस बल की कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़, दक्ष तथा समन्वित बनाने में महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। पुलिस महानिदेशक ने कहा कि पुलिस कर्मियों की सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से 1384 भवनों का निर्माण कार्य तीव्र गति से कराया जा रहा है। इससे पुलिस कर्मियों की आवासीय सुविधाओं आदि में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। पुलिस महानिदेशक ने पुलिस बल के सर्म्पण, अनुशासन एवं उत्कृष्ट कार्यों की सराहना करते हुये सभी को उत्साह और सकारात्मकता के साथ अपने कर्तव्यों के प्रति प्रेरित किया।

## प्रोजेक्ट गंगा' के तहत 20 लाख घरों तक हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड पहुंचाने के लिए एमओयू

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** उत्तर प्रदेश के ग्रामीण और तेजी से विकसित हो रहे अर्धशहरी क्षेत्रों में डिजिटल कनेक्टिविटी को मजबूत करने की दिशा में राज्य सरकार ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। 'प्रोजेक्ट गंगा' के तहत प्रदेश सरकार और हिंदुजा ग्रुप के बीच सोमवार को एक महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। एमओयू पर हस्ताक्षर वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना की उपस्थिति में हुए। यह समझौता प्रदेश सरकार और हिंदुजा ग्रुप की सहायक कंपनी वनओटीटी इंटरटेनमेंट लिमिटेड (ओआईएल) के बीच किया गया। इस अवसर पर स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन के सीईओ एवं पूर्व मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह भी मौजूद रहे। लखनऊ के होटल रेनेसां में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री सुरेश कुमार खन्ना मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस परियोजना का उद्देश्य प्रदेश के ग्रामीण और अर्धशहरी क्षेत्रों में डिजिटल नेटवर्क को मजबूत करना और हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड की पहुंच बढ़ाना है। परियोजना के तहत अगले दो से तीन वर्षों में प्रदेश के 20 लाख से अधिक ग्रामीण और अर्धशहरी घरों तक हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए सरकार समर्थित नेटवर्क के माध्यम से डिजिटल सेवाओं का विस्तार किया जाएगा। 'प्रोजेक्ट गंगा' के अंतर्गत न्याय पंचायत स्तर पर लगभग 8 से 10 हजार स्थानीय उद्यमियों को डिजिटल सेवा प्रदाता (डीएसपी) के रूप में तैयार किया जाएगा। ये उद्यमी अपने-अपने क्षेत्रों में हाई-स्पीड इंटरनेट सेवाएं उपलब्ध कराएंगे, जिससे गांवों में इंटरनेट की पहुंच तेज और आसान होगी। इस पहल से बड़े पैमाने पर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। स्थानीय युवाओं को अपने ही क्षेत्र में डिजिटल सेवाओं के माध्यम से नए रोजगार और उद्यमिता के अवसर मिलेंगे। परियोजना की एक खास विशेषता यह भी है कि डिजिटल सेवा प्रदाताओं में लगभग 50 प्रतिशत भागीदारी महिलाओं की सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में महिला उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा और महिलाएं डिजिटल सेवाओं के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त होकर डिजिटल अर्थव्यवस्था की मुख्यधारा से जुड़ सकेंगी।

# जनपद न्यायाधीश ने राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । जनपद न्यायाधीश-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज सत्य प्रकाश त्रिपाठी ने 14 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु सोमवार को जनपद न्यायालय से प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर प्रचार वाहन के साथ समस्त बैंकों के प्रबंधकगण व जिला अग्रणी प्रबंधक, बैंक ऑफ बड़ौदा उपस्थित रहे। प्रचार वाहन के साथ पराविधिक स्वयंसेवक ने पूरे शहर में लोक अदालत का प्रचार प्रसार किया। इस मौके पर रविकांत नोडल ऑफिसर लोक अदालत-एडीजे व शशि कुमार, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।यह जानकारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शशि कुमार ने देते हुए बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार प्रसार पूरे जनपद में किया गया। समस्त जनमानस से अनुरोध किया गया कि 14 मार्च को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने मुकदमे को चिन्हित कर स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर उसका निस्तारण कराएं।

# सर्किट हाउस की ऑनलाइन बुकिंग शुरू, प्रक्रिया की गई आसान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश सरकार ने लोक निर्माण विभाग के सर्किट हाउस और गेस्ट हाउस की बुकिंग व्यवस्था को आधुनिक और पारदर्शी बनाने के लिए ऑनलाइन बुकिंग सेवा शुरू की है। इस व्यवस्था के तहत अब प्रदेश के 21 सर्किट हाउसों और 334 गेस्ट हाउसों में कमरे ऑनलाइन बुक किए जा सकेंगे। बुकिंग प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल हो जाने से सर्किट हाउस और गेस्ट हाउस में कमरों की बुकिंग पहले की तुलना में अधिक आसान, पारदर्शी और सुव्यवस्थित हो जाएगी।लोक निर्माण विभाग ने प्रदेश के सभी सर्किट हाउस और गेस्ट हाउस में बुकिंग की प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन कर दिया है। इसके लिए विभाग ने एक एकीकृत वेब-आधारित सर्किट हाउस सूचना प्रणाली तैयार की है। उपयोगकर्ता को ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से रियल टाइम रूम अवेलेबिलिटी डैशबोर्ड और लाइव रूम स्टेटस की जानकारी मिलेगी। जिससे यह आसानी से पता किया जा सकेगा कि किस सर्किट हाउस में कितने कमरे उपलब्ध हैं। यह प्रणाली सर्किट हाउस के कमरों, भोजन और अन्य संसाधनों के प्रबंधन को डिजिटली संचालित करती है, जो पहले ईमेल या कॉल के माध्यम से मैनुअल तरीके से की जाती थी।ऑनलाइन बुकिंग के साथ पेमेंट और रिकॉर्ड मैनेजमेंट की व्यवस्था को भी पूरी तरह डिजिटल बना दिया गया है।

बुकिंग के समय आवेदक को अपना पहचान पत्र या अधिकृत पत्र अपलोड करना होगा। भुगतान ऑनलाइन माध्यम से ही किया जाएगा। भुगतान के बाद ई-मेल तथा एसएमएस के माध्यम से स्वतः रसीद प्राप्त हो जाएगी।पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर सामान्य व्यक्ति को भी कमरासर्किट हाउस के कुछ कमरे वीआईपी दौरे और आपातकालीन सरकारी उपयोग के लिए आरक्षित रहेंगे, जबकि शेष कमरे सामान्य व्यक्ति के लिए पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर उपलब्ध होंगे।

# तीर्थंकर ऋषभदेव के विचार आज भी समाज को देते हैं दिशा : कुलपति

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कानपुर । तीर्थंकर ऋषभदेव का जीवन और उनके सामाजिक-सांस्कृतिक विचार आज भी मानव समाज को दिशा देने का कार्य करते हैं। ऐसे विषयों पर संगोष्ठियां नई पीढ़ी को भारतीय दर्शन और संस्कृति से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम बनती हैं। इसी दिशा में विश्वविद्यालय में दो दिवसीय दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है।

यह जानकारी सोमवार को छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के कुलपति विनय कुमार पाठक ने दी।छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू) में जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव के जन्म कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष्य में 13 और 14 मार्च को दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की जाएगी। ल्तीर्थंकर ऋषभदेवः उनका सामाजिक-सांस्कृतिक अवदानङ्क विषय पर आयोजित यह संगोष्ठी आचार्य विद्यासागर सुधासागर जैन शोधपीठ तथा दीनदयाल शोध केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में होगी।संगोष्ठी के पहले दिन 13 मार्च को आयोजित उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक करेंगे, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन उपस्थित रहेंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रति-कुलपति प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी और कुलसचिव राकेश कुमार मिश्र शामिल होंगे। न्यासी अतिथि के रूप में प्रदीप जैन 'तिजारा' की उपस्थिति भी रहेगी।कार्यक्रम में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर के डॉ. धर्मेन्द्र कुमार जैन मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार रखेंगे, जबकि वाल्मीकि विद्यापीठ, काठमांडू (नेपाल) के निरज दाहाल विशिष्ट वक्ता के रूप में संबोधित करेंगे। इसके अलावा क्राइस्ट चर्च कॉलेज, कानपुर की पूर्व प्राचार्या डॉ. नीता दवे जैन भी ऋषभदेव के सामाजिक और सांस्कृतिक योगदान पर प्रकाश डालेंगी।दूसरे दिन 14 मार्च को तीसरा सत्र ऑनलाइन आयोजित होगा, जिसकी अध्यक्षता प्रो. अनुपम जैन (इंदौर) करेंगे। इस सत्र में अमेरिका के कैलिफोर्निया से अभय जैन, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय उदयपुर के डॉ. सुमत कुमार जैन, आईआईटी रुड़की के प्रो. अशोक कुमार जैन, समणी संगीत प्रज्ञा जैन (लाडनूं) तथा डॉ. नीलम जैन सहित कई विद्वान संबोधित करेंगे।

# सशक्त और समरस समाज बनाने की दिशा में अहम भूमिका निभाता है होली का पर्व : गजेंद्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता




प्रयागराज । विश्व हिंदू परिषद के प्रांत कार्यालय केसर भवन, पन्नालाल मार्ग में सोमवार को रंगों के पर्व होली के अवसर पर ल्रंगोत्सवङ्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना तथा समाज में ऊंच-नीच और भेदभाव की भावना को समाप्त कर प्रेम व सौहार्द का संदेश देना रहा।

इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय संगठन मंत्री गजेंद्र ने कहा कि होली का पर्व समाज में संकीर्ण भेदभाव की सीमाओं को समाप्त कर एक सशक्त और समरस समाज बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।कार्यक्रम के दौरान प्रणेश देशपांडे व उनके साथियों ने रंगारंग गीतों की प्रस्तुति देकर माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। वहीं दुर्गा वाहिनी और मातृशक्ति की बहनों ने ल्बेटी बचाओङ्क तथा बेटियों को लव जिहाद से बचाने से जुड़े संदेश वाले पोस्टर लेकर लोगों को जागरूक किया और समाज को धर्म व संस्कृति के प्रति सचेत रहने का आह्वान किया।कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के प्रांत अध्यक्ष कविंद्र प्रताप सिंह, प्रांत संगठन मंत्री नितिन, प्रांत मंत्री डॉ. राज नारायण सिंह, पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता, शहर उत्तरी विधायक हर्षवर्धन बाजपेई, फलाहारी आश्रम के महंत रामरतन दास महाराज, डॉ. चंद्रदेव मिश्र, महानगर उत्तर अध्यक्ष अजय गुप्ता, महानगर दक्षिण अध्यक्ष संजय गुप्ता, कमला मिश्रा, पूर्व मंत्री डॉ. नरेंद्र कुमार सिंह गौड़, पूर्व विधायक प्रभाशंकर पांडे, किन्नर अखाड़ा से कौशल्या नंद गिरी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह प्रांत प्रचारक सुनील, प्रांत कोषाध्यक्ष रविंद्र मोहन गोयल तथा भाजपा महानगर मीडिया प्रभारी पवन श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और सामाजिक समरसता व भाईचारे का संदेश दिया।

## उप्र सरकार का हिंदुजा ग्रुप के साथ हुआ एमओयू

लखनऊ । उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार का प्रदेश में निवेश कराने पर विशेष जोर है। सोमवार को शहर के होटल रेनेसां में आयोजित एमओयू साइन सेरेमनी में प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना की उपस्थिति में प्रोजेक्ट गंगा के तहत 20 लाख ग्रामीण और अर्धशहरी घरों में ब्रॉडबैंड पहुंचाने के लिए प्रदेश सरकार और हिंदुजा ग्रुप के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर हुए। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि आज का यह विशेष कार्यक्रम सबके लिए रुचिकर है। आज उप्र हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। खासतौर पर विकास के क्षेत्र में। हम सब अच्छी तरह से जानते हैं कि देश के आगे बढ़ने में कहां कमी रह गयी। हम सब में ज्ञान, आईक्यू और परिश्रम में कोई कमी नहीं है।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई-निविदायें **सिंगल पैकेट सिस्टम** द्वारा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं. | 106-सिग/टेंडर/68/2025-26 |
| कार्य का नाम | उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के एसएसई/सिग/आरआरआई-एलकेओ के अनुभाग में बिजली आपूर्ति व्यवस्था के प्रावधान के साथ-साथ सीमेंस प्रकार के एलईडी ईसीआर और एलईडी के साथ सीमेंस पारंपरिक ईसीआर और वल्वों का प्रतिस्थापन। |
| अनुमानित लागत | रु. 1,26,91,412.25/- |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | रु. 2,13,500/- |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 180 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 27.03.2026, 15:30 बजे। |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/ लखनऊ |

• ठेकेदारों को ई-निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू. सं.: 106-सिग/टेंडर/68/2025-26 दिनांक: 06.03.2026 790/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



# कार्यालय ग्राम पंचायत गोतौना विकास खंड हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी

पत्रांक- दिनांक 09/03/2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गोतौना विकास खंड हैदरगढ़ में मनरेगा ( VB - G Ram G) योजनान्तर्गत एवं ICDS, ग्राम निधि एवं अन्य निधि (यदि) से आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य कराए जाने हेतु बालू, मोरंग, सीमेंट, ईट, गिट्टी, पावर प्लांटिंग मैटेरियल सामग्री, पत्थर व कार्यस्थल, सरिया, दरवाजा, खिड़की, टाइल्स, पेंट, प्लास्टर, विद्युत सामग्री तथा अन्य भवन निर्माण सामग्री आदि की आपूर्ति हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 10 मार्च 2026 से 17 मार्च 2026 को 10 बजे तक निविदा कार्यालय समयावधि में आवेदन पत्र कार्यालय में जमा कर सकते हैं। निविदा 18 मार्च 2026 को समय 3.00 बजे टेंडर कक्ष में खुली बैठक में खोली जाएगी। ठेकेदार को सर्वश्रेष्ठ बोली लगाने वाली निविदा स्वीकार की जाएगी।

| क्र.स. | कार्य का विवरण | सामग्री विवरण | अनुमानित लागत | निविदा शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत गोतौना में आंगनबाड़ी भवन निर्माण | बालू, ईट, गिट्टी, सीमेंट, बालू मोरंग, पत्थर, पावर प्लांटिंग, दरवाजा, खिड़की, टाइल्स, पेंट, प्लास्टर, विद्युत सामग्री व अन्य सामग्री | मनरेगा अंश-7.84 लाख<br>आईसीडीएस-2 लाख<br>ग्राम निधि-2 लाख<br>कुल लागत-11.84 लाख | 100/- |

आवश्यक शर्तें एवं नियमावली

उपरोक्त सामग्री हेतु फर्म से मानकानुसार, आवश्यकतानुसार तथा कार्य की समय सीमा के अंदर आपूर्ति करने वाली फर्म GST पंजीकृत होनी चाहिए। जिसके समस्त अभिलेख सत्यापित एवं कार्यालय द्वारा पंजीकरण होने के बाद ही निविदा में भाग ले सकेंगे। उपरोक्त आपूर्ति आदेश ग्राम पंचायत द्वारा जारी किया जाएगा तथा आपूर्ति समय एवं गुणवत्तानुसार की जाएगी। आपूर्ति की गई सामग्री भुगतान की स्वीकृति के पश्चात किया जाएगा तथा इस संबंध में PWD द्वारा समय-समय के आदेशों का पालन करना अनिवार्य होगा।

**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत गोतौना**
**विकास खंड हैदरगढ़, बाराबंकी**

**सचिव**
**ग्राम पंचायत गोतौना**
**विकास खंड हैदरगढ़, बाराबंकी**

# घरेलु विवाद में किशोर बेटे ने लाठी से पीट-पीटकर की पिता की हत्या

❒ मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के खुजेहटा गांव की घटना आरोपी बेटा फरार, पुलिस की कई टीमें तलाश में

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज,लखनऊ। मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के खुजेहटा गांव में सोमवार को रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली सनसनीखेज घटना सामने आई। पिता से आए दिन होने वाले विवाद से नाराज एक किशोर बेटे ने गुस्से में लाठी से पीट-पीटकर अपने ही पिता की हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी बेटा मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आरोपी की तलाश में कई टीमें लगा दी हैं।

जानकारी के अनुसार खुजेहटा गांव निवासी रामकरन अपनी पत्नी सावित्री और दो बेटों लवकुश व विशाल के साथ रहते थे। परिवार के छोटे बेटे विशाल के मुताबिक उसके पिता का स्वभाव काफी झगड़ालू था और घर में अक्सर मां और भाई से विवाद होता रहता था। होली से कुछ दिन पहले भी रामकरन ने पत्नी सावित्री से झगड़ा कर उसे घर से भगा दिया था, जिसके बाद वह मायके में रह रही थी। बताया जा रहा है कि रामकरन दोनों बेटों को घर में खाना बनाने तक नहीं देता था, जिससे परिवार में लंबे समय से तनाव का माहौल बना हुआ था।सोमवार सुबह छोटा बेटा विशाल बकरियों को चराने के लिए गांव के बाहर चला गया था। इसी दौरान घर पर मौजूद रामकरन और बड़े बेटे लवकुश के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि गुस्से में आकर लवकुश ने लाठी उठाकर पिता के सिर पर ताबड़तोड़ कई वार कर दिए। गंभीर चोट लगने से रामकरन की मौके पर ही मौत हो गई।घटना के समय घर पर मौजूद मृतक के पिता नौमीलाल ने यह खौफनाक मंजर अपनी आंखों से देखा। उन्होंने बीच-बचाव करने की काफी कोशिश की और पोते से बार-बार मत मारो बेटा, छोड़ दो कहते रहे, लेकिन गुस्से में बेकाबू लवकुश ने उनकी एक न सुनी और लगातार लाठी से वार करता रहा। कुछ ही देर में रामकरन लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़े और उनकी मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी किशोर बेटा मौके से फरार हो गया।नौमीलाल की चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार त्रिपाठी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। कुछ देर बाद एडीसीपी दक्षिणी रल्लापल्ली वसंथ कुमार भी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया।फोरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर घटनास्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए और जांच के लिए नमूने एकत्र किए। पुलिस ने मृतक के पिता नौमीलाल की तहरीर पर आरोपी पोते लवकुश के खिलाफ हत्या की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया है।एडीसीपी दक्षिणी रल्लापल्ली वसंथ कुमार ने बताया कि फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए सर्विलांस और पुलिस की कई टीमें लगाई गई हैं। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।


### पत्नी पहुंची तो मचा कोहराम

पति की हत्या की खबर मिलते ही मायके में रह रही पत्नी सावित्री बदहवास हालत में गांव पहुंची। जैसे ही उसने पति का शव देखा, वह उससे लिपटकर फूट-फूटकर रोने लगी। घर में मची चीख-पुकार और गांव में फैली इस दर्दनाक घटना से पूरे इलाके में सनसनी और शोक का माहौल है। यह घटना एक बार फिर इस सवाल को खड़ा करती है कि पारिवारिक कलह और बढ़ते गुस्से के बीच रिश्तों की डोर कितनी कमजोर होती जा रही है, जहां खून के

# नगर निगम मुख्यालय में आयोजित हुआ होली मिलन समारोह

❒ महापौर सुषमा खर्कवाल बोलीं- अगले वर्ष पूरे लखनऊ की होगी एक साथ होली

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । नगर निगम मुख्यालय स्थित त्रिलोकनाथ हॉल में सोमवार को नगर निगम जलकल परिवार द्वारा होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर आयुक्त गौरव कुमार ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल उपस्थित रहीं। समारोह में नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी, विभिन्न कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी तथा पार्षदगण बड़ी संख्या में शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत होली की पारंपरिक शुभकामनाओं के साथ हुई। इस अवसर पर नगर निगम एवं जलकल कर्मचारी संघ, नगर निगम आर.आर. कर्मचारी संघ, जलकल नगर निगम नियमित एवं आउटसोर्सिंग कर्मचारी संघ तथा उत्तर प्रदेश नगर निगम चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे। सभी ने आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ होली की शुभकामनाएं दीं।

इस मौके पर नगर निगम एवं जलकल कर्मचारी संघ के अध्यक्ष आनन्द कुमार मिश्र, महामंत्री कैसर रजा तथा उत्तर प्रदेश स्थानीय कर्मचारी महासंघ के प्रांतीय अध्यक्ष शशि कुमार मिश्र सहित अन्य पदाधिकारियों ने महापौर सुषमा खर्कवाल एवं अन्य गणमान्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में कर्मचारियों और अधिकारियों के बीच सौहार्दपूर्ण माहौल देखने को मिला और सभी ने होली के रंगों के माध्यम से आपसी एकता और भाईचारे का संदेश दिया। समारोह में विभिन्न कर्मचारी संगठनों के अनेक पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। इनमें राम कुमार रावत, गोमती त्रिवेदी, शैलेंद्र तिवारी, राकेश तिवारी, अमरेंद्र दीक्षित, सुधाकर मिश्रा, संतोष श्रीवास्तव, पंकज अवस्थी, मनोज वर्मा, विवेक अवस्थी, राजेश सिंह, नितिन त्रिवेदी, सुनील यादव, मनोज मिश्रा, देवेंद्र यादव, सुरेश यादव, बी.पी. मिश्रा, कमल वाल्मीकि, सुनील धानुक, रमाशंकर साहू और सुशील बच्चा समेत कई अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# नगर निगम की बड़ी कार्रवाई: जोन-4 में हाउस टैक्स के बड़े बकाएदारों के भवन सील

❒ नगर आयुक्त के निर्देश पर उर्दू टीचिंग एंड रिसर्च सेंटर, ट्रांसमिशन भवन और यूपीएसआईडीसी का भवन सील

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । नगर निगम लखनऊ द्वारा गृहकर वसूली को लेकर सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में नगर आयुक्त गौरव कुमार और अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव के निर्देश पर जोन-4 में हाउस टैक्स के बड़े बकाएदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई।

जोनल अधिकारी जोन-4 शिल्पा कुमारी के नेतृत्व में नगर निगम की टीम ने तीन बड़े बकाएदार संस्थानों के भवनों को सील कर दिया। नगर निगम की टीम ने उर्दू टीचिंग एंड रिसर्च सेंटर, ट्रांसमिशन भवन तथा यूपीएसआईडीसी (उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास निगम) के भवन को गृहकर का भारी बकाया होने के कारण सील करने की कार्रवाई की। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार इन संस्थानों पर लंबे समय से गृहकर का बकाया चल रहा था और कई बार नोटिस दिए जाने के बावजूद कर जमा नहीं किया गया, जिसके बाद यह सख्त कदम उठाया गया। जोनल अधिकारी शिल्पा कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया कि उर्दू टीचिंग एंड रिसर्च सेंटर पर कुल 1 करोड़ 23 लाख 93 हजार 473.92 रुपये का गृहकर बकाया है। इसके अलावा ट्रांसमिशन भवन पर 22 लाख 22 हजार 501 रुपये का गृहकर बकाया है। वहीं यूपीएसआईडीसी के भवन पर 52 लाख 735.41 रुपये का गृहकर बकाया पाया गया है। लगातार नोटिस जारी करने और कर जमा करने के लिए समय दिए जाने के बाद भी भुगतान नहीं होने पर इन भवनों को सील करने की कार्रवाई की गई। इस अभियान में टैक्स सुपरिटेंडेंट बनारसी दास और राजस्व निरीक्षक (आरआई) अजय वर्मा ने टीम के साथ सक्रिय रूप से भाग लिया और पूरी प्रक्रिया को नियमानुसार संपन्न कराया। नगर निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर सभी औपचारिकताएं पूरी करते हुए भवनों को सील कर दिया।

# गृहकर वसूली अभियान के तहत नगर निगम ने बकायेदारों से वसूले लाखों रुपये

कैनविज टाइम्स संवाददात



लखनऊ । नगर निगम लखनऊ द्वारा गृहकर वसूली को तेज करने के उद्देश्य से विभिन्न जोनों में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में नगर आयुक्त गौरव कुमार, अपर नगर आयुक्त ललित कुमार एवं मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अशोक सिंह के निर्देशों के अनुपालन में जोन-3 में गृहकर वसूली अभियान चलाया गया।

कर अधीक्षक जोन-3 आलोक श्रीवास्तव के नेतृत्व में विशाल श्रीवास्तव व उनकी टीम की उपस्थिति में बकायेदारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए वसूली अभियान संचालित किया गया। इस दौरान टीम ने वार्ड फैजुल्लागंज चतुर्थ क्षेत्र में पहुंचकर गृहकर बकायेदारों से संपर्क किया और बकाया कर जमा कराने के लिए कार्रवाई की। अभियान के दौरान एक भवन स्वामी द्वारा कुल बकाया धनराशि 1,31,789 रुपये का चेक नगर निगम के पक्ष में जमा कराया गया। इसके अतिरिक्त वार्ड भारतेन्दु हरिश्चन्द्र, सेक्टर-आई स्थित लखनऊ विकास प्राधिकरण के सामुदायिक केंद्र अलीगंज पर भी गृहकर की बकाया राशि को लेकर कार्रवाई की गई। यहां बकाया धनराशि 5,88,953 रुपये जमा कराई गई। नगर निगम की टीम ने संबंधित अधिकारियों और जिम्मेदार व्यक्तियों से संपर्क कर बकाया कर का भुगतान सुनिश्चित कराया। नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि वित्तीय वर्ष के समापन से पहले गृहकर वसूली को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। बकायेदारों से अपील की गई है कि वे समय रहते अपना गृहकर जमा करा दें, अन्यथा उनके खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## मानक नगर रेलवे स्टेशन मार्ग पर पुल के नीचे शराबियों का जमावड़ा, आवागमन के दौरान महिलाओं को परेशानी

**आलमबाग, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** थाना मानक नगर क्षेत्र के अंतर्गत अवध चौराहे से मानक नगर रेलवे स्टेशन जाने वाले मार्ग पर पुल के नीचे अवैध रूप से शराब पीने वालों का जमावड़ा लगने से स्थानीय लोगों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि शाम होते ही पुल के नीचे कुछ लोग बैठकर खुलेआम शराब पीते हैं, जिससे आने-जाने वाले लोगों, खासकर महिलाओं को असहज स्थिति का सामना करना पड़ता है। राहगीरों का कहना है कि कई बार इन लोगों द्वारा अभद्र व्यवहार भी किया जाता है, जिससे क्षेत्र में भय और असुरक्षा का माहौल बन जाता है।क्षेत्रीय निवासियों ने बताया कि यह मार्ग अवध चौराहे से मानक नगर रेलवे स्टेशन को जोड़ता है और यहां से प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग, छात्र-छात्राएं और महिलाएं गुजरती हैं। ऐसे में पुल के नीचे शराबियों का जमावड़ा लगना कानून-व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर रहा है।स्थानीय लोगों ने प्रशासन और पुलिस से मांग की है कि इस स्थान पर नियमित गश्त बढ़ाई जाए और अवैध रूप से शराब पीने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे और राहगीरों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया गया तो स्थिति और गंभीर हो सकती है।

## पुरानी रंजिश में बवाल, पुलिस ने आठ आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार




**मोहनलालगंज, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मोहनलालगंज थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच हुए विवाद में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों पर मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप है। पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर शांति व्यवस्था भंग करने की धाराओं में कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीते शुक्रवार को पीड़िता श्रीमती राधा पत्नी सुखराम लोधी निवासी रंजीत खेड़ा मजरा कनकहा ने पुरानी रंजिश को लेकर कुछ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। इसी मामले को लेकर विवाद उत्पन्न हुआ था। पीड़िता ने बताया कि बीते रविवार को मुकदमे को लेकर दोनों पक्षों के बीच फिर से विवाद की स्थिति बन गई। इसी दौरान कुछ लोग एकत्र होकर हंगामा करने लगे। सूचना पर पहुंची पुलिस के साथ आरोपियों ने विरोध करते हुए धक्का-मुक्की की और विपक्षी पक्ष को गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इससे इलाके में कुछ समय के लिए तनाव की स्थिति बन गई।मामले की नजाकत को देखते हुए मोहनलालगंज पुलिस हरकत में आई और वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में तत्काल कार्रवाई करते हुए उपद्रव करने वाले आठ लोगों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में राजाराम पुत्र स्व. देवदीन, धर्मपाल उर्फ करन रावत पुत्र राजाराम, सूरज पुत्र राजाराम, बिशुनलाल पुत्र बरातीलाल, रामकेश्वर उर्फ नन्हें पुत्र बरातीलाल, अरुण पुत्र माताप्रसाद, शिवम पुत्र सुखराम तथा सुनील पुत्र समरनाथ निवासीगण रजीत खेड़ा मजरा कनकहा शामिल हैं।पुलिस ने बताया कि शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है।

## बुझ गया घर का इकलौता चिराग, पूरे गांव में पसरा मातम

**मोहनलालगंज, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** क्षेत्र के हरिकंशगढ़ी में हुई सड़क दुर्घटना में घायल 25 वर्षीय युवक मुकेश शुक्ला 5 दिन बाद आखिर मौत से जंग हार गया। तीन बहनों के इकलौते भाई की मौत के बाद हसते खेलते परिवार का इकलौता चिराग बुझने से गांव व परिवार में मातम पसरा हुआ है।वहीं, सोमवार की शाम को मुकेश का शव घर पहुंचा तो स्वजन में चीख-पुकार मच गई। मुकेश की तीनों बहनों,पत्नी, पिता व मां का रो-रोकर बुरा हाल था। देर शाम मुकेश के शव का पैतृक गांव मीनापुर में बेहद गमगीन माहौल में सई नदी के तट पर अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार में मोहनलालगंज विधायक अमरेश कुमार रावत व पूर्व मंडल अध्यक्ष सुधांशु सिंह ने पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी मोहनलालगंज क्षेत्र के मीनापुर गांव निवासी राजकुमार शुक्ला तीन बेटियों और एक बेटा व बहू सहित परिवार के साथ रह रहे थे। इससे पहले लगभग 13 वर्ष पूर्व मुकेश के बड़े भाई सनी की भी बचपन में ही सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी और लगभग 8 माह पूर्व मुकेश का विवाह हुआ था।बता दें कि 4 मार्च को राजकुमार शुक्ला का पुत्र मुकेश शुक्ला (25 वर्ष) स्प्लेंडर मोटरसाइकिल से अपनी ससुराल जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही तीन सवारी बैठाए अनियंत्रित टीवीएस अपाचे मोटरसाइकिल (ठध् 32 ख्ञ 8856) के चालक ने तेजी व लापरवाही से टक्कर मार दी। घायल मुकेश को पुलिस ने पीजीआई ट्रामा टू में भर्ती कराया था, जहां से गंभीर हालत को देखते हुए उसे केजीएमयू रेफर कर दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि उपचार के दौरान मुकेश की सोमवार सुबह मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही कोहराम मच गया।

# उप्र पुलिस परीक्षा से पहले भर्ती बोर्ड ने व्हाटसअप नंबर किया जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए जरूरी कदम उठाए हैं। बोर्ड ने व्हाटसअप नंबर और ईमेल आईडी जारी की है।

यूपी पुलिस भर्ती बोर्ड ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा की सूचिता बनाए रखने के लिए। पेपर लीक, पेपर क्रय-विक्रय, परीक्षा में नकल, सॉल्वर गैंग अथवा अन्य किसी भी अवांछनीय गतिविधियों के संबंध में जानकारी पाने के लिए ईमेल आईडी व व्हाट्सएप नंबर जारी किया है । कोई भी व्यक्ति निर्भीक होकर सूचना दे सकता है, सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गुप्त रखी जायेगी। बोर्ड की ओर से जारी ईमेल, satarkta.police-board@gmail.com और व्हाटसअप नंबर 9454457951 जारी किया है। बोर्ड ने यह भी स्पष्ट किया है कि सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

बोर्ड की ओर से कहा गया कि अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि सोशल मीडिया पर उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की होने वाली परीक्षाओं के प्रश्न पत्रों या उनकी कंटेट पर चर्चा, विश्लेषण या प्रसार करना उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम, 2024 के प्रावधानों के तहत ऐसी सभी गतिविधियाँ सख्त रूप से प्रतिबंधित हैं। कोई भी व्यक्ति जो परीक्षा सामग्री या उसकी किसी जानकारी को किसी भी रूप में (मौखिक या लिखित, इलेक्ट्रॉनिक या यांत्रिक माध्यम से) प्रकाशित, पुनरुत्पादित, प्रसारित, संग्रहीत या साझा करते हुए पाया जाता है। या परीक्षा केंद्र प्राप्त करायी गयी मूल ओएमआर शीट को ले जाते हुए पाया जाता है। या सामग्री को अनाधिकृत रूप से कब्जे में रखे हुए पाया जाता है, तो सम्बन्धित व्यक्ति के विरूद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक और वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

# होली के बाद बीकेटी क्षेत्र में गैस सिलेंडर व पेट्रोल-डीजल की किल्लत, उपभोक्ता परेशान

❒ एजेंसी पर गैस सिलेंडर के लिए लंबी कतारें, सैकड़ों लोग लौटेपेट्रोल पंपों पर भी ईंधन न मिलने से वाहन चालकों में रोष

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बख्शी का तालाब, लखनऊ । होली पर्व के बाद बख्शी का तालाब क्षेत्र में एलपीजी गैस सिलेंडर के साथ-साथ पेट्रोल और डीजल की किल्लत से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गैस एजेंसियों पर सुबह से ही उपभोक्ताओं की लंबी कतारें लग रही हैं, लेकिन पर्याप्त आपूर्ति न होने के कारण कई लोगों को बिना सिलेंडर लिए ही वापस लौटना पड़ रहा है।

कठवारा गांव निवासी शैलेन्द्र बाजपेई ने बताया कि उनका गैस कनेक्शन बीकेटी स्थित अर्चना गैस एजेंसी में है। वह पिछले दो दिनों से सिलेंडर लेने के लिए एजेंसी के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन भीड़ अधिक होने और सीमित आपूर्ति के कारण उन्हें अब तक सिलेंडर नहीं मिल पाया।इसी प्रकार हिमांशू, प्रखर और सौरभ श्रीवास्तव समेत कई उपभोक्ताओं ने बताया कि एजेंसी पर सैकड़ों की संख्या में लोग सिलेंडर लेने पहुंच रहे हैं, जिससे अव्यवस्था की स्थिति बनी हुई है। दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों को खासा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।उधर भैंसामऊ-कुम्हरावा रोड स्थित एक पेट्रोल पंप पर पेट्रोल और डीजल समाप्त होने के कारण भारी संख्या में वाहन चालकों को बिना ईंधन भरवाए ही लौटना पड़ा। इससे यात्रियों और स्थानीय लोगों में नाराजगी देखने को मिली।कुछ वाहन चालकों ने आरोप लगाया कि सीतापुर रोड स्थित निर्माण फिलिंग स्टेशन पर निर्धारित दर 94.69 रुपये प्रति लीटर के बजाय करीब 149 रुपये प्रति लीटर पेट्रोल देने की बात कही जा रही है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है।क्षेत्र के लोग इस स्थिति को लेकर तरह-तरह के कयास लगा रहे हैं। कुछ लोगों का मानना है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खाड़ी देशों में चल रही उथल-पुथल का असर आपूर्ति व्यवस्था पर पड़ रहा है। वहीं स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द आपूर्ति व्यवस्था दुरुस्त कराने और कालाबाजारी की जांच कराने की मांग की है।

# महिला दिवस पर शिक्षा की अलख: ड्रॉपआउट बच्चों को फिर से स्कूल से जोड़ने का अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम, लखनऊ । अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रामबक्स खेड़ा मजरा समेसी गांव में ब्रेकथ्रू संस्था द्वारा शिक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में किशोरियों की शिक्षा को बढ़ावा देने और पढ़ाई छोड़ चुके बच्चों को दोबारा स्कूल से जोड़ने का संदेश दिया गया।

यह आयोजन दो ग्राम पंचायतों में किशोरियों के स्कूल-कॉलेज ड्रॉपआउट के मुद्दे पर चलाए गए 15 दिवसीय जागरूकता अभियान के समापन के रूप में किया गया। अभियान के दौरान युवाओं ने गांव-गांव जाकर सर्वे किया और बैठकों, रैलियों तथा दीवार लेखन के माध्यम से लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया। सर्वे में सामने आया कि दो गांवों के 40 किशोर और 68 किशोरियां किसी न किसी कारण से पढ़ाई छोड़ चुके हैं। इसके पीछे आर्थिक समस्या, स्कूल की दूरी, घरेलू कामकाज और लड़के-लड़कियों के बीच भेदभाव जैसे कारण सामने आए। कार्यक्रम में मौजूद जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों और पुलिस अधिकारियों ने शिक्षा, सुरक्षा और विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए अभिभावकों से बच्चों की पढ़ाई जारी रखने की अपील की। महिला दिवस के अवसर पर गांव की महिलाओं को सम्मानित भी किया गया और लड़कियों की शिक्षा को आगे बढ़ाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में गांव के युवाओं और ब्रेकथ्रू टीम का विशेष योगदान रहा। इस दौरान नगराम थाना पुलिस कार्यक्रम में शामिल हो कर विभिन्न विंदुओं पर जानकारी दी।

# कागजों में बची फलपट्टी, जमीनी हकीकत में बागों की जगह प्लॉट

❒ आम के हरे-भरे बागों पर चल रहा आरी का खेल, अवैध कटान के बाद धड़ल्ले से हो रही प्लाटिंग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बख्शी का तालाब, लखनऊ । प्रदेश सरकार द्वारा संरक्षित घोषित फलपट्टी क्षेत्र अब भू-माफियाओं और जिम्मेदार विभागों की कथित मिलीभगत की भेंट चढ़ता दिखाई दे रहा है। आम के हरे-भरे बागों में तेजी से हो रही अवैध प्लाटिंग और पेड़ों की कटान ने पूरे क्षेत्र की पहचान पर संकट खड़ा कर दिया है, लेकिन जिम्मेदार विभाग आंखें मूंदे बैठे हैं।

बताया जाता है कि आम और अन्य फलदार वृक्षों के संरक्षण के उद्देश्य से वर्ष 1997 में प्रदेश सरकार ने मलिहाबाद, माल, काकोरी के साथ बख्शी का तालाब विकास खंड के कई गांवों को फलपट्टी क्षेत्र घोषित किया था। नियमों के मुताबिक अधिसूचित क्षेत्र में बागों को काटकर आवासीय प्लाटिंग करना पूरी तरह प्रतिबंधित है, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट है।फलपट्टी

क्षेत्र के कई गांवों में आम के घने बागों को पहले सुनियोजित तरीके से काटा जा रहा है और फिर उसी जमीन पर प्लॉट काटकर बेचे जा रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि यह पूरा खेल बिना विभागीय संरक्षण के संभव नहीं है। कई मामलों में पेड़ों को रोगग्रस्त या अनुपजाऊ बताकर कटान की अनुमति दे दी जाती है, जबकि बागों में हर साल आम का भरपूर उत्पादन होता रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार बिना किसी स्थल निरीक्षण के ही पेड़ों की कटान की अनुमति जारी कर दी जाती है। वहीं कई जगहों पर रातों-रात पेड़ों की कटाई कर जमीन को समतल कर प्लाटिंग शुरू कर दी जाती है। इसके बावजूद न तो वन विभाग की नजर पड़ती है और न ही उद्यान विभाग कोई सख्त कार्रवाई करता है।फलपट्टी क्षेत्र की रक्षा की जिम्मेदारी उद्यान विभाग और वन विभाग पर है, लेकिन लगातार हो रही अवैध गतिविधियों ने दोनों विभागों की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगी तो आने वाले समय में बख्शी का तालाब क्षेत्र की फलपट्टी केवल कागजों में ही सिमट कर रह जाएगी।हालांकि क्षेत्र में खुलेआम चल रहे इस खेल ने प्रशासनिक दावों की पोल खोल दी है और अब सवाल उठने लगा है कि आखिर फलपट्टी को बचाने की जिम्मेदारी निभाएगा कौन।

### इन क्षेत्रों में धड़ल्ले से हो रही अवैध प्लाटिंग

बीकेटी में अस्ती रोड पर भीखापुरवा,गुमानीपुरवा,बरगदी मगठ,मामपुर बाना, मदारीपुर,राजापुर इंदौरा,शाढ़ामऊ,नन्दना,इटौंजा व महोना समेत आउटर रिंग रोड के दोनों ओर और कई स्थानों पर अवैध प्लाटिंग हो रही है। वही कोटवा,झलऊवा,गोहना,चंदाकोडर, अकोहरी,सरैया,दिगोई,देवरी रुखारा, मिश्रीपुर,सोनवा,बीकामऊ कला व खुर्द,कठवारा, हरधौरपुर,पर्वतपुर, के आसपास भी नियमों के विपरीत आवासीय गतिविधियां चल रही हैं।

### अनदेखी पड़ सकती है भारी

विशेषज्ञों की माने तो नियमों की अनदेखी कर प्लाटिंग करने वालों से आमजन को भी सावधान रहने की जरूरत है। क्योंकि ऐसे प्लाट खरीद कर आगे मुश्किलें भी खड़ी हो सकती है।यही नहीं, आवासीय लोन व अन्य जरूरतों में भी कठिनाइयां आ सकती हैं।

### क्या कहते जिम्मेदार

वरिष्ठ उद्यान अधिकारी दिलीप वर्मा यदि कहीं बागों में अवैध प्लाटिंग या पेड़ों की अवैध कटान की शिकायत मिलती है, तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी। वहीं पेड़ों की कटान के लिए आने वाले आवेदनों पर स्थलीय निरीक्षण के बाद ही अनुमति दी जाती है।

# शाहजहांपुर का विकास पहली प्राथमिकता, इसके लिए निरंतर प्रयासरत हैं: वित्त मंत्री

❐ राठौर साहू समाज ने किया होली मिलन सम्मान समारोह कार्यक्रम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**





शाहजहांपुर । राठौर साहू समाज ने होली मिलन सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन अटल बिहारी बाजपेई ऑडिटोरियम में हुआ। कार्यक्रम में पहुंचे उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना का स्वागत 21 किलो की फूलमाला पहनाकर किया गया। इसके अलावा कार्यक्रम में पहुंची आईपीएस बबीता साहू, पूर्व एडीएम अमृत लाल साहू, डा. डीसी गुप्ता आदि अतिथियों का स्वागत किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ संगठन के अध्यक्ष साहू सत्यप्रकाश आर्य, रविन्द्र सिंह राठौर चेयरमैन पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा बरेली, जिला पंचायत सदस्य रामकुमार राठौर, रामदास राठौर, कैलाश राठौर पीलीभीत, राजकुमार राठौर आगरा, केशवराम राठौर लखीमपुर, डॉ. संजय गुप्ता आदि ने दीप प्रज्वलन से किया। गणेश वंदना प्रस्तुति तान्या राठौर ने की। इसके बाद फूलों की होली खेली गई और रामपुर निवासी और इस वक्त मुंबई में फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े जादूगर जैद आलम खान ने अपने करतब दिखाकर लोगों का मनोरंजन किया। कार्यक्रम में समाज के लोगों को सम्मानित किया गया।इस दौरान वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि साहू राठौर समाज के लोगों ने हमेशा उनका समर्थन और सहयोग दिया है। मैं विश्वास दिलाता हूं कि इस समाज के विकास के लिए काम करता रहूंगा। उन्होंने कहा कि शाहजहांपुर का विकास मेरी पहली प्राथमिकता है और मैं इसके लिए निरंतर प्रयासरत हूं। इस शहर की जनता ने मुझे जो सम्मान और प्यार दिया है, उसके लिए मैं सदैव ऋणि रहूंगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता साहू सत्यप्रकाश आर्य ने की और संचालन मुकेश राठौर ने किया। जबकि मंच व स्वागत सुरेश चंद्र राठौर, डॉ. विनोद राठौर, अंकित राठौर, राजू साहू और प्रेक्षागृह प्रचार- प्रसार, साज-सज्जा, भोजन व्यवस्था में मुख्य रूप से संजय राठौर, मुकेश राठौर, रवि राठौर, अंकुर राठौर, अनिल राठौर खिलाड़ी का प्रमुख योगदान रहा। कार्यक्रम में राठौर साहू समाज के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# सपा पीडीए दिवस के रूप में मनाएगी बहुजन नायक कांशीराम की जयंती

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



शाहजहांपुर। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष व पूर्व चेयरमैन तनवीर खां की अध्यक्षता में पार्टी के जिला कार्यालय पर महानगर और जिला कार्यकारिणी एवं नगर विधानसभा कार्यकारिणी की मासिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में बहुजन नायक कांशीराम की जयंती और एसआईआर में नोटिसो के निस्तारण व हर बूथ पर वोट बढ़ाने को लेकर चर्चा की गई।

इस दौ सपा जिलाध्यक्ष/ पूर्व चेयरमैन तनवीर खां ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार काशीराम का 92वां जन्मदिवस 15 मार्च को बहुजन समाज दिवस अर्थात पीडीए दिवस के रूप में बड़ी ईदगाह के पास कोहिनूर मैरिज लॉन में मनाया जाएगा। जिसमें पार्टी के सभी लोग शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। कहा एसआईआर में अब जो नोटिस रह गए हैं, उनका निस्तारण पार्टी के सभी लोगो को मिलकर जल्द से जल्द कराना है। सभी ब्लॉकों के प्रभारी, बूथ प्रभारी, पार्टी के बीएलओ और पार्टी के जिम्मेदार पदाधिकारी पूरी ताकत से लग जाएं और सही वोटों को बनवाने के लिए अभी से ही फॉर्म नंबर 6 भरवाएं और ऑनलाइन करवाएं। साथ ही मतदाता सूची को सही से चेक करते रहें। पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि 15 मार्च को होने वाली कांशीराम की जयंती पर पार्टी के सभी लोग शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। पूर्व विधायक रोशनलाल वर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार में जनता के साथ जुल्म और उत्पीड़न लगातार बढ़ता जा रहा है, आम जनता भाजपा सरकार में त्रस्त हो चुकी है। बैठक में सपा जिला महासचिव रणंजय सिंह यादव, सपा प्रदेश सचिव विजय सिंह, रामसूरत यादव, महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव गायत्री वर्मा, सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी, सपा महानगर अध्यक्ष चौधरी रामकुमार भोजवाल, लखन प्रताप सिंह, ओंकार सिंह, अवधेश पाल, मिश्रीलाल पटेल, विपिन दीक्षित, गोपाल अग्निहोत्री, प्रसून कुमार कनौजिया, उत्पल यादव, हाफिज अंसारी, सरदार राजवीर सिंह, मोनू मिश्रा, अरविंद पाल, संतोष पाल, इमरान एडवोकेट, राजकुमार शर्मा, महावीर सिंह, धर्मवीर सिंह फौजी, अमित पांडे, लल्ला सिंह, तेजपाल सिंह यादव, अजीम खान, सुरजीत यादव, सर्वेश यादव, अनूप वर्मा, विनोद कठेरिया, फैसल, शाहाब खान, मनोज यादव, रामपाल यादव, अंकित यादव, विपिन यादव, अतुल मौर्य, रानू खान गुफरान खान, शकील अहमद, कौशल यादव, आशीष यादव, राजेश यादव, आसिफ, अमन गुर्जर, अरशद खां, सैयद शकील मियां, रोहित यादव, सिद्दीक खान, नरबीर पाल, सरदार गुरमन सिंह, फराज, मोहसिन खान, महिला सभा की जिलाध्यक्ष किरन कठेरिया, शारदा राज, पार्वती सैनी, सविता, सपा जिलाध्यक्ष के प्रतिनिधि शाहनवाज आदि मौजूद रहे।

# तालाब पट्टा घोटाले पर किसानों का फूटा गुस्सा, आज से आमरण अनशन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

❐ प्रशासन पर भ्रष्टाचार और लापरवाही के गंभीर आरोप, लगान राशि जमा कराने के बाद भी नहीं मिले पट्टे

❐ भारतीय किसान यूनियन ने दी चेतावनी समाधान न हुआ तो तेज होगा आंदोलन

सांडा, सीतापुर। सरकारी तालाबों के पट्टों को लेकर तहसील प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए किसानों ने अब आंदोलन का रास्ता अपना लिया है। किसानों का आरोप है कि मछली पालन के लिए वर्ष 2020 में ग्राम समाज के तालाबों की नीलामी में उनसे लगान की धनराशि जमा कराई गई, लेकिन आज तक अधिकांश लोगों को पट्टा आवंटन पत्र नहीं दिया गया।

इस पूरे मामले को लेकर भारतीय किसान यूनियन (जनमंच) इकाई सीतापुर के जिला अध्यक्ष राम शंकर सिंह ने उपजिलाधिकारी बिसवां को ज्ञापन देकर प्रशासनिक लापरवाही, कदाचार और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि तालाब पट्टा प्रक्रिया में हुई अनियमितताओं के कारण कई किसान और मछुआ समुदाय के लोग आर्थिक, मानसिक और सामाजिक शोषण का शिकार हो रहे हैं।ज्ञापन में बताया गया है कि इस गंभीर प्रकरण को लेकर संगठन पहले भी तहसील प्रशासन को लिखित रूप से अवगत करा चुका है, लेकिन आज तक दोषियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई और न ही पीड़ित किसानों को कोई राहत या मुआवजा दिया गया।भारतीय किसान यूनियन ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि जल्द ही इस मामले में जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा संज्ञान लेकर सकारात्मक वार्ता के माध्यम से समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो संगठन को मजबूर होकर 9 मार्च 2026 से अनिश्चितकालीन आमरण अनशन शुरू करना पड़ेगा।किसान नेताओं का कहना है कि जब सरकार किसानों और मछुआ समुदाय के हितों की बात करती है, तो जमीनी स्तर पर अधिकारियों की लापरवाही उन दावों की पोल खोल देती है। किसानों ने साफ कहा है कि यदि उनके साथ हुए अन्याय का जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी तहसील प्रशासन बिसवां की होगी।किसानों के इस ऐलान के बाद क्षेत्र में प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं और अब सबकी नजरें इस बात पर टिकी हैं कि प्रशासन किसानों की मांगों पर कब और क्या कार्रवाई करता है।

## मेडिकल स्टोरों पर औषधि विभाग की छापेमारी

जौनपुर । यूपी के जौनपुर में शासन के निर्देश पर सोमवार को औषधि विभाग की टीम ने जिले के ग्रामीण बाजारों में संचालित मेडिकल स्टोरों पर विशेष जांच अभियान चलाया। जिला औषधि निरीक्षक रजत कुमार पांडेय के नेतृत्व में गठित स्पेशल टीम ने बक्शा विकास खंड के धनियामऊ और बटाऊवीर सहित आसपास के बाजारों में मेडिकल स्टोरों के लाइसेंस और दवा बिक्री से संबंधित अभिलेखों की गहन जांच की।

## सीएसजेएमयू: मानव विज्ञान के अन्तरराष्ट्रीय सेमिनार में देश-विदेश के वैज्ञानिक देंगे व्याख्यान

कानपुर । छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लाइफ साइंसेज एंड बायोटेक्नोलॉजी द्वारा 12 से 14 मार्च तक इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन एडवांसेस इन लाइफ साइंसेज का आयोजन किया जा रहा है। इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भारत सहित कई देशों से 150 से अधिक वैज्ञानिक, शोधार्थी, शिक्षक और विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। सम्मेलन का उद्देश्य जीवन विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में हो रहे नवीनतम शोध, तकनीकी प्रगति और नवाचारों पर वैश्विक स्तर पर विचार-विमर्श के लिए एक साझा मंच उपलब्ध कराना है।सम्मेलन के मुख्य अतिथि के रूप में सीएसआईआरऽराष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान (एनबीआरआई) लखनऊ के निदेशक डॉ. अजीत कुमार शासनी उपस्थित रहेंगे। वे अपने उद्बोधन में जीवन विज्ञान और वनस्पति विज्ञान के क्षेत्र में हो रहे नवीन अनुसंधानों तथा उनके वैज्ञानिक और सामाजिक महत्व पर प्रकाश डालेंगे।सम्मेलन की अध्यक्षता प्रो. वर्षा गुप्ता करेंगीं, जबकि को-कॉन्फ्रेंस चेयर के रूप में डॉ. अनुराधा कलानी आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

# कवि गोष्ठी में गूंजा काव्य, कमलेश मौर्य 'मृदु' को मिला मार्तण्ड सम्मान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




बिसवां , सीतापुर। जनपद के विख्यात कवि साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु को अनागत कविता मार्तण्ड सम्मान से सम्मानित किया गया।यह सम्मान उन्हें लखनऊ की प्रख्यात साहित्यिक संस्था अखिल भारतीय अनागत साहित्य संस्थान द्वारा संस्थान के योगीनगर स्थित कार्यालय में आयोजित कवि गोष्ठी के अवसर पर प्रदान किया गया।

यह कवि गोष्ठी राष्ट्रीय कवि संगम के राष्ट्रीय मंत्री साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसके मुख्य अतिथि राष्ट्रीय कवि संगम सीतापुर इकाई के उपाध्यक्ष जी एल गांधी रहे व विशिष्ट अतिथि शाहजहांपुर के व्यंग्यकार विजय तन्हा थे। इस अवसर पर लखनऊ की वरिष्ठ कवयित्री श्रीमती मीरा शुक्ला को भी अनागत कविता चंद्रिका सम्मान से सम्मानित किया गया। संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष डा. अजय प्रसून ने अंगवस्त्र व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। संस्थान के उपाध्यक्ष रामराज भारती ने उपस्थित जनों का स्वागत किया व आभार प्रकट किया। कविगोष्ठी में इनके अतिरिक्त बिसवां - सीतापुर से पधारे वरिष्ठ गीतकार सुरेश चंद्र वैश्य, आजमगढ की कवयित्री डा. रेनू सिंह, हास्य कवि अरविंद रस्तोगी, हिमांशु सक्सेना अर्श लखनवी सहित 14 कवियों ने काव्य पाठ कर कवि गोष्ठी को ऊंचाइयां प्रदान कीं। संचालन लहरपुर सीतापुर के वरिष्ठ कवि प्रवीण पाण्डेय आवारा ने किया। अनागत कविता मार्तण्ड सम्मान हेतु श्री मृदु को बिसवां नगर की साहित्यिक सामाजिक व सांस्कृतिक संस्थाओं ने बधाई दी है।बधाई देने वालों में मुख्य है राष्ट्रीय कवि संगम जिलाध्यक्ष आनंद खत्री आनंद , बिसवां लायर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष आनंद मेहरोत्रा एडवोकेट, पूर्व अध्यक्ष बी एन गुप्ता, व कमलेंद्र बाजपेई, बिसवां बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश श्रीवास्तव, नीरज श्रीवास्तव,संस्कार भारती बिसवां के पूर्व महासचिव घनश्याम शर्मा, रसिक काव्य संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष रामकुमार रसिक, कला कुंज भारती के संपादक पद्मकांत शर्मा प्रभात, क्षेत्रीय विधायक निर्मल वर्मा व सदस्य विधान परिषद पवन सिंह चौहान , सृजन साहित्य संस्थान के संस्थापक संदीप मिश्र सरसआदि। सभी ने उन्हें बधाई देते हुए शतायु होने की कामना की है।

# ग्राम सभा की जमीन पर अवैध कब्जे पर प्रशासन की सख्ती, निर्माण कार्य रुकवाया

❐ उपजिलाधिकारी ने तत्काल राजस्व टीम को मौके पर भेजकर निर्माण कार्य रुकवा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



रायबरेली। महराजगंज तहसील क्षेत्र में ग्राम सभा की सुरक्षित जमीन पर अवैध कब्जे के खिलाफ प्रशासन ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। गांव की सरकारी भूमि पर हो रहे अवैध निर्माण की शिकायत मिलने के बाद उपजिलाधिकारी ने तत्काल राजस्व टीम को मौके पर भेजकर निर्माण कार्य रुकवा दिया।जानकारी के अनुसार सोमवार को क्षेत्र के पूरे अचली गांव में स्थित ऊसर भूमि, गाटा संख्या 522 पर गांव के ही सुनील कुमार द्वारा अवैध निर्माण कराया जा रहा था।

इसकी सूचना ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी गौतम सिंह को दी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उपजिलाधिकारी ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश जारी किए। उपजिलाधिकारी के आदेश पर राजस्व टीम और पुलिस बल मौके पर पहुंचा और चल रहे निर्माण कार्य को रुकवा दिया। मौके पर पहुंचे हल्का लेखपाल संदीप यादव ने बताया कि उपजिलाधिकारी के निर्देश पर राजस्व टीम ने अवैध निर्माण को रोक दिया है। साथ ही कब्जेदार के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई के लिए रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेजी जा रही है। प्रशासन की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध कब्जेदारों में हड़कंप मच गया है। अधिकारियों का कहना है कि ग्राम सभा की जमीन पर किसी भी तरह का अवैध कब्जा या निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# राज्य महिला आयोग की सदस्य ने मनाया कन्या जन्मोत्सव

❐ बांटी बेबी किट, कराया अन्नप्राशन

**कनावज टाइम्स सवाददाता**



शाहजहांपुर। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विकास खंड निगोही में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, आशा बहुओं एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में पहुंची राज्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश की सदस्य सुजीता कुमारी ने बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ योजना के तहत कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम में श्रीजी, ज्योति, रोशनी, नाभिया, जेहरा फातिमा, आव्या, रूही, आर्या, प्रिया, किंजल को उपहार स्वरूप बेबी किट दी। इसके बाद आईसीडीएस विभाग द्वारा चंदा व सुनीता की गोद भराई कार्यक्रम तथा श्रेया व शिवानी का अन्नप्राशन कार्यक्रम संपन्न कराया। साथ ही महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक करते हुए समाज में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने का आह्वान किया। इस दौरान तिलहर विधायक सलोना कुशवाहा, ब्लॉक प्रमुख भानु प्रताप सिंह, जिला प्रोवेशन अधिकारी गौरव मिश्रा, जिला कार्यक्रम अधिकारी अरविंद रस्तोगी, खंड विकास अधिकारी पुनीत पाठक, भाजपा जिला मंत्री रजनी सिंह, संरक्षण अधिकारी निकेत कुमार सिंह, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर विनय शर्मा, जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित, जेंडर स्पेशलिस्ट रश्मि, सीडीपीओ स्नेह लता, मुख्य सेविका सीमा सिंह, आंगनबाड़ी कार्यकत्री सुनहरा बानो, मनोरमा देवी आदि मौजूद रहे।

## महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी 11 मार्च को करेंगी जनसुनवाई

**लखीमपुर खीरी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर अंकुश लगाने और पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या श्रीमती सुजीता कुमारी 11 मार्च को जनपद का दौरा करेंगी। उक्त जानकारी डीपीओ लवकुश कुमार भार्गव ने दी। उन्होंने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वह सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में महिला जनसुनवाई करेंगी। इस दौरान पीड़ित महिलाओं की शिकायतें सुनकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे। साथ ही महिला उत्पीड़न से जुड़े मामलों की समीक्षा बैठक भी आयोजित की जाएगी, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे।इसके बाद दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक विकास खंड फूलबेहड़ में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में नारी चौपाल एवं विभागीय योजनाओं से संबंधित विशेष कैंप का आयोजन किया जाएगा। कैंप में महिलाओं को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी और मौके पर ही समस्याओं के समाधान का प्रयास किया जाएगा।

## तेली समाज का होली मिलन समारोह संपन्न

**सीतापुर,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रगतिशील तेली समाज उत्तर प्रदेश द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन स्थानीय मुस्कान गेस्ट हाउस में बड़े उत्साह और सौहार्दपूर्ण वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में समाज के गणमान्य लोगों एवं समर्थकों की भारी संख्या में उपस्थिति रही।कार्यक्रम के मुख्य आयोजकों में सतीश राठौर, राम प्रसाद राठौर, विनोद राठौर, राम भरोसे राठौर, सूरज राठौर, प्रदीप राठौर, संदीप राठौर, अखिल साहू, सर्वेश राठौर, बब्लू राठौर, राहुल राठौर, आदित्य राठौर, यश राठौर, सुमित राठौर, शेखर राठौर तथा संजय राठौर प्रमुख रूप से शामिल रहे।समारोह में हजारों की संख्या में समाज के लोगों ने भाग लेकर आपसी भाईचारे और एकता का परिचय दिया। इस अवसर पर समाज के विकास, शिक्षा के प्रसार तथा युवाओं को आगे बढ़ाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने समाज की एकजुटता पर बल देते हुए कहा कि आगामी चुनावों में समाज की सक्रिय भागीदारी और सहयोग आवश्यक है। साथ ही यह भी विचार व्यक्त किया गया कि सर्वसमाज के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर चलना चाहिए ताकि समाज की प्रगति और मजबूती सुनिश्चित की जा सके।



## अभियान के अन्तर्गत खीरी में एक सप्ताह में बरामद हुए कुल 30 गुमशुदा-अपहृता

**लखीमपुर खीरी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक खीरी, डा0 ख्याति गर्ग द्वारा जनपद खीरी में गुमशुदा/अपहृताओं की सकुशल बरामदगी हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य गुमशुदा को शीघ्रता से खोजकर उनकी सकुशल बरामदगी करते हुये उनके परिवार से मिलाना एवं समाज में सुरक्षा एवं विश्वास की भावना को सुदृढ़ करना था । पुलिस अधीक्षक खीरी महोदया द्वारा चलाये जा रहे उक्त विशेष अभियान के क्रम में जनपद के विभिन्न थानो द्वारा कार्यवाही करते हुये विगत एक सप्ताह में कुल 30 गुमशुदा/अपहृताओं की सकुशल बरामदगी की गई । विभिन्न थानो की पुलिस टीमो द्वारा अभियान के दौरान तकनीकी संसाधनो जैसे-सीसीटीवी फुटेज, सोशल मीडिया मानीटरिंग, जनसंवाद आदि का प्रभावी उपयोग किया गया तथा स्थानीय सूचना तंत्र, बीट पुलिसिंग और सामुदायिक सहयोग को अभियान में शामिल किया गया, जिस कारण गुमशुदा/अपहृताओं की त्वरित एवं सकुशल बरामदगी में खीरी पुलिस को अपेक्षित सफलता प्राप्त हुई है।

## लोडर की हरियाणा के बिलासपुर के पास एक भीषण सड़क हादसे में मौत

**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** दिल्ली में रहकर लोडर चलाने वाले 44 वर्षीय रामकुमार की हरियाणा के बिलासपुर के पास एक भीषण सड़क हादसे में मौत हो गई। सोमवार सुबह उनका शव गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। चंदापुर थाना क्षेत्र के पूरे रिशाल मजरे कुशमहुरा निवासी रामकुमार पिछले 10 सालों से दिल्ली में लोडर चलाते थे। रविवार तड़के करीब 4 बजे बिलासपुर फ्लाईओवर के पास वह अपनी गाड़ी से उतरकर खड़े थे, तभी पीछे से आ रहे एक तेज़ रफ़्तार डंपर ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद जब शव पैतृक गांव पहुंचा, तो पत्नी और दोनों बेटों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पूरे गांव में मातम पसरा है। मृतक के भाई राजकुमार के अनुसार, बिलासपुर थाने में तहरीर दे दी गई है। पुलिस ने आरोपी डंपर को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# घटरोवा में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



रायबरेली। महराजगंज क्षेत्र के घटोरवा मजरे शिकंदरपुर गांव में सामाजिक एकता एवं परिवर्तन मिशन 2026 के अंतर्गत भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, संभ्रांत नागरिकों तथा आसपास के कई गांवों से आए लोगों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

बता दें कि, कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के सुप्रसिद्ध आल्हा गायक जय शंकर त्रिवेदी की संगीतमय प्रस्तुति ने पूरे माहौल को उत्सवमय बना दिया। आल्हा गायन की वीरता और लोक परंपरा से परिपूर्ण स्वर लहरियों ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया और देर तक लोग कार्यक्रम का आनंद लेते रहे। रविवार को आयोजित यह होली मिलन समारोह समाजसेवी बाबा राम केवल अनशनकारी तथा भावी प्रधान प्रत्याशी धर्मराज रावत के संयोजकत्व में सम्पन्न हुआ। समारोह में पूर्व ब्लॉक प्रमुख सत्येंद्र प्रताप सिंह सहित क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। अपने संबोधन में पूर्व ब्लॉक प्रमुख सत्येंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि, होली मिलन समारोह केवल एक त्योहार का उत्सव नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, एकता और भाईचारे का प्रतीक है। उन्होंने बाबा राम केवल अनशनकारी द्वारा शुरू किए गए इस आयोजन को ग्राम पंचायत के लिए एक सराहनीय पहल बताया। इस अवसर पर बाबा राम केवल अनशनकारी ने भी उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि, गांव का विकास ही उनका मुख्य लक्ष्य है। उन्होंने धार्मिक स्थलों, सार्वजनिक स्थानों के जीर्णोद्धार तथा गांव के समग्र विकास में पूर्ण रूप से सहयोग और भागीदारी का संकल्प व्यक्त किया।

# राज्य महिला आयोग की सदस्य ने सुनी महिलाओं की समस्याएं, निस्तारण के दिये निर्देश

❐ महिलाओं को न्याय दिलाना व उनकी समस्याओं का समाधान करना प्राथमिकता: सुजीता कुमारी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



शाहजहांपुर। राज्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश की सदस्य सुजीता कुमारी सोमवार को महिलाओं की समस्याओं के समाधान एवं महिला सशक्तिकरण से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुईं।

इसी क्रम में उन्होंने विकास भवन सभागार में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में महिलाओं की समस्याओं को सुना और उनका निस्तारण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में घरेलू हिंसा, जमीनी विवाद, छेड़छाड़, अपहरण, समूहिक विवाह, यौन शोषण और अभद्र व्यवहार सहित कुल 18 शिकायतें प्राप्त हुईं। इस दौरान सुजीता कुमारी ने कहा कि महिलाओं को न्याय दिलाना एवं उनकी समस्याओं का समाधान करना आयोग की प्राथमिकता है। इसके बाद उन्होंने बाल विवाह मुक्त भारत अभियान में जनपद को चैथी रैंक दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिये संरक्षण अधिकारी निकेत कुमार सिंह व प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर विनय शर्मा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जनसुनवाई कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी जीत सिंह राय, जिला विकास अधिकारी ऋषि पाल सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा, क्षेत्राधिकारी इशिका सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी अरविंद रस्तोगी, उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मो. आसिफ, महिला थाना प्रभारी रश्मि आदि मौजूद रहे।

# मनरेगा कर्मियों ने लम्बित मानदेय को लेकर बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

## मनरेगा कर्मियों को होली में भी नही मिल सका मानदेय

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। मनरेगा कर्मियों के विगत कई माह से लम्बित मानदेय भुगतान न होने के कारण सोमवार मनरेगा कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष की अगुवाई में जिलाधिकारी के नाम सम्बोधित ज्ञापन खण्ड विकास अधिकारी को सौंपा गया है। मनरेगा कर्मचारी महासंघ तिलोई के अध्यक्ष भास्कर सिंह ने जिलाधिकारी के नाम सम्बोधित ज्ञापन में लिखा है कि मनरेगा कर्मियों द्वारा आपके तथा विभाग के निर्देशों के क्रम में जनपद के लक्ष्यों की पूर्ति में पूर्ण योगदान देते हुये लक्ष्य पूर्ति की गई है तथा विभागीय कार्यों के अतिरिक्त एसआईआर/ क्राप सर्वे सहित अन्य कार्यों में भी अपना पूर्ण योगदान दिया गया है किन्तु विभागीय शिथिलता के कारण हम कर्मियों को विगत वर्ष के जुलाई माह से मानदेय नहीं मिला है तथा ईपीएफ की देयता भी काफी समय से लम्बित है। विगत दीपावली में वेतन नहीं



मिल पाया तथा वर्तमान होली में भी वेतन नही मिल पाया जिस कारण हम कर्मियों की पारिवारिक जिम्मेदारियां वृहद स्तर पर प्रभावित हो गई है। गम्भीर आर्थिक संकट के कारण हम कार्मिक विभागीय दायित्वों तथा पारिवारिक जिम्मेदारियों में संतुलन नहीं बना पा रहे है। उन्होंने कहा कि मानदेय न प्राप्त होने के कारण ग्राम रोजगार सेवकों तथा तकनीकी सहायको द्वारा आत्महत्या किये जाने जैसी गतिविधियों हो रही है।यह स्थिति अत्यन्त अति संवेदनशील तथा संविधान के अनुच्छेद 21 में वर्णित ''जीवन के अधिकार'' के पूर्णतः विपरीत है।उन्होंने कहा कि मनरेगा कर्मचारी लम्बे समय से मानदेय भुगतान न मिलने तथा विभागीय अधिकारियों द्वारा कार्य के नाम पर किये जा रहे शोषण एवं उत्पीड़न से बेहद आहत है। उन्होंने लिखा है कि मनरेगा कार्मिको की विगत लम्बित मानदेय देयता तथा ईपीएफ भुगतान के निस्तारण हेतु अतिशीघ्र कार्यवाही कराने की मांग की गई है। खण्ड विकास अधिकारी राज कुमार शर्मा ने बताया कि मनरेगा कर्मियों द्वारा प्राप्त ज्ञापन को जनपद स्तरीय अधिकारियों तक भेज दिया गया है। इस मौके पर अध्यक्ष भास्कर सिंह के साथ अजीत सिंह, मेवालाल गौतम, कुलदीप सिंह, राज बहादुर निर्मल, वीरेन्द्र प्रताप सिंह, शानत अली, विजय कुमार सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

# अग्निवीर सेना भर्ती रैली में 12 जिलों के हजारों अभ्यर्थी लेंगे भाग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**11 से 23 मार्च तक जाट रेजीमेंट सेंटर बरेली में होगा भर्ती रैली का आयोजन**

बदायूं। भारतीय सेना की अग्निपथ योजना के अंतर्गत अग्निवीर सेना भर्ती को लेकर बरेली में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। भर्ती रैली का आयोजन जाट रेजीमेंट सेंटर, बरेली परिसर में 11 मार्च से 23 मार्च 2026 तक किया जाएगा, जिसमें उत्तर प्रदेश के 12 जनपदों के हजारों अभ्यर्थियों के शामिल होने की संभावना है। सेना भर्ती रैली के दौरान बरेली सहित बहराइच, बलरामपुर, श्रावस्ती, लखीमपुर खीरी, शाहजहांपुर, सीतापुर, संभल, पीलीभीत, हरदोई, फर्रुखाबाद तथा बदायूं जनपदों के अभ्यर्थी प्रतिभाग करेंगे।

जिला प्रशासन द्वारा अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए परिवहन विभाग को अधिक से अधिक यातायात सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि भर्ती प्रक्रिया के दौरान अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। सेना अधिकारियों ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराई जाएगी तथा अभ्यर्थियों से अपील की गई है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों एवं दलालों से दूर रहें। सेना भर्ती के निदेशक ने अभ्यर्थियों से अनुरोध किया है कि वे अपने एडमिट कार्ड पर अंकित तिथि एवं समय के अनुसार भर्ती स्थल पर समय से पहुंचे, एडमिट कार्ड डाउनलोड कर अपने साथ रखें तथा सभी आवश्यक दस्तावेज अवश्य साथ लेकर आएं। जिन अभ्यर्थियों को किसी कारणवश ई-मेल आईडी से रैली एडमिट कार्ड डाउनलोड करने में समस्या हो रही है, वे सेना भर्ती कार्यालय, बरेली में प्रातः 09:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे के मध्य संपर्क कर सकते हैं। भर्ती रैली के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 11 मार्च 2026 को अग्निवीर (टेक्निकल) के लिए सभी 12 जनपदों के अभ्यर्थी, 12 मार्च 2026 को अग्निवीर (ट्रेड्समैन 8वीं एवं 10वीं) तथा अग्निवीर (क्लर्क/स्टोर कीपर) के लिए सभी 12 जनपदों के अभ्यर्थी, 13 मार्च 2026 को अग्निवीर (जनरल ड्यूटी) बहराइच, बलरामपुर, श्रावस्ती एवं लखीमपुर खीरी जनपद के अभ्यर्थी, 14 मार्च 2026 को शाहजहांपुर एवं सीतापुर, 15 मार्च 2026 को संभल एवं पीलीभीत, 16 मार्च 2026 को हरदोई, 17 मार्च 2026 को फर्रुखाबाद, 18 मार्च 2026 को बदायूँ तथा 19 मार्च 2026 को बरेली जनपद के अभ्यर्थी प्रतिभाग करेंगे।

## ज्योति सिंह ने महिला थाने का संभाला चार्ज, स्टाफ के साथ की बैठक

बदायूं। जिले के तेजतर्रार एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से फ़ेरबदल के क्रम में प्रभारी निरीक्षक ज्योति सिंह महिला थाने के नए प्रभारी के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया। पदभार संभालते ही उन्होंने कानून व्यवस्था को लेकर अपने कड़े तेवर स्पष्ट कर दिए। कार्यभार ग्रहण करने के बाद मीडिया से बात करते हुए नवागत थाना प्रभारी ज्योति सिंह ने कहा कि थाने में दलालों और बिचौलियों के लिए कोई स्थान नहीं होगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता हर पीड़ित को न्याय दिलाना और दोषियों को सलाखों के पीछे पहुंचाना है।प्रभारी निरीक्षक ने यह भी स्पष्ट किया कि क्षेत्र में पुलिसिंग पक्षपात रहित होगी और उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप कार्य किया जाएगा। इसका मुख्य लक्ष्य कानून का राज स्थापित करना और आमजन के मन में पुलिस के प्रति विश्वास जगाना है। वहीं उन्होंने अपने समस्त थाने के स्टाफ के साथ बैठक की और दिशा-निर्देश दिए।

# भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। महाराजगंज क्षेत्र के घटोरवा मजरे शिकंदरपुर गांव में ल्लसामाजिक एकता एवं परिवर्तन मिशन 2026ङ्क के अंतर्गत भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, संभ्रांत नागरिकों तथा आसपास के कई गांवों से आए लोगों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। आपको बता दें कि, कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के सुप्रसिद्ध आल्हा गायक जय शंकर त्रिवेदी की संगीतमय प्रस्तुति ने पूरे माहौल को उत्सवमय बना दिया। आल्हा गायन की वीरता और लोक परंपरा से परिपूर्ण स्वर लहरियों ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया और देर तक लोग कार्यक्रम का आनंद लेते रहे। रविवार को आयोजित यह होली मिलन समारोह समाजसेवी बाबा राम केवल अनशनकारी तथा भावी प्रधान प्रत्याशी धर्मराज रावत के संयोजकत्व में सम्पन्न हुआ। समारोह में पूर्व ब्लॉक प्रमुख सत्येंद्र प्रताप सिंह सहित क्षेत्र



के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। अपने संबोधन में पूर्व ब्लॉक प्रमुख सत्येंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि, होली मिलन समारोह केवल एक त्योहार का उत्सव नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, एकता और भाईचारे का प्रतीक है। उन्होंने बाबा राम केवल अनशनकारी द्वारा शुरू किए गए इस आयोजन को ग्राम पंचायत के लिए एक सराहनीय पहल बताया। इस अवसर पर बाबा राम केवल अनशनकारी ने भी उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि, गांव का विकास ही उनका मुख्य लक्ष्य है। उन्होंने धार्मिक स्थलों, सार्वजनिक स्थानों के जीर्णोद्धार तथा गांव के समग्र विकास में पूर्ण रूप से सहयोग और भागीदारी का संकल्प व्यक्त किया। समारोह का विशेष आकर्षण यह रहा कि, पंडाल में पहुंचने वाले सभी अतिथियों का स्वागत मुख्य द्वार पर खड़े युवाओं द्वारा गुलाब की पुष्प पंखुड़ियों की वर्षा कर किया गया, जिससे वातावरण पूरी तरह से होली के रंग और आध्यात्मिक आनंद से सराबोर हो उठा। कार्यक्रम में अंजनी गुप्ता प्रधान, शुभम गुप्ता, गुड्डन श्रीवास्तव, दिनेश श्रीवास्तव, गिरिराज प्रधान सतगांवां, प्रेम नारायण शर्मा, रमाशंकर शर्मा, दिलीप शर्मा, अकबर अली, रामकुमार सिंह, गौरव कोटेदार, शिवकुमार सिंह, अयोध्या प्रसाद, दयाराम वर्मा, शिवभजन वर्मा, उपेंद्र शर्मा, प्रदीप शर्मा, मास्टर मलिक दीन, हौसला, रामप्रकाश, राजेश, रामसनेही, महेश, महेंद्र सिंह, अनिल शास्त्री, पप्पू शर्मा, नान्हू सिंह, नरेश बीडीसी, गवर्नर मौर्य, राम सजीवन मौर्य, हरिद्वार मौर्य, हिरई मौर्य, दीपक मौर्य सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी और क्षेत्रवासी महिला-पुरुष उपस्थित रहे। समारोह के दौरान बाबा राम केवल अनशनकारी और धर्मराज रावत द्वारा समय-समय पर पंडाल में उपस्थित लोगों पर पुष्प वर्षा भी की जाती रही, जिससे कार्यक्रम का वातावरण आध्यात्मिक उल्लास और सामाजिक सौहार्द से परिपूर्ण बना रहा।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत बालिकाओ को दिया गया आत्मरक्षा व योग प्रशिक्षण

सम्भल कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि जिलाधिकारी महोदय के दिशानिर्देशों के क्रम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत आयोजित आत्म सुरक्षा प्रशिक्षण के अंतर्गत आज दिनांक 9-3-2026 को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय सम्भल कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय गुन्नौर, पूर्व प्राथमिक विद्यालय पतरौआ व उच्च प्राथमिक विद्यालय पथरा की छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्रदान किया गया, साथ जिससे कि वह विपरीत परिस्थितियों में विरोधी का डटकर मुकाबला भी कर सकें, ताइक्वांडो प्रशिक्षक सुरेश कुमार व महिला खिलाड़ी ब्लैक बैल्ट होल्डर रेखा, पूर्वी ने सभी बालिकाओं को फ्रंट किक, फ्रेंजंप किक, बैक किक एल्बो अटैक, फिंगर अटैक का अभ्यास कराया। ग्रामीण अंचल की बालिकाएं पूरी लगन से मार्शल आर्ट सीख रही हैं। साथ ही विद्यालय के पीटीआई शिक्षकों को भी अभ्यास कराया जा रहा है ताकि कैंप के बाद भी बालिकाओं को निरंतर अभ्यास कराया जा सके। ताइक्वांडो कोच ब्लैक बैल्ट धारक रेखा ने बताया कि हर बालिका को मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग लेनी चाहिए। जिससे आत्मरक्षा के गुर के साथ साथ बालिकाएं मानसिक रूप से भी मजबूत होती हैं। ग्रामवासियों ने भी सरकार की इस योजना की तारीफ की। छात्राओ को प्रशिक्षण के साथ-साथ सरकार और महिला कल्याण विभाग द्वारा महिलाओं और बालिकाओं के हितार्थ चलाई जा रही योजना यथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला, निराश्रित महिला पेंशन, गुड़ टच एवं बैड टच, बाल विवाह के दुष्परिणाम, बसल श्रम के दुष्प्रभावों आदि के बारे में बताया गया। इस अवसर पर कॉलेज का समस्त स्टाफ और अन्य ब्यक्ति उपस्थित रहे।

## विचार गोष्ठी का आयोजन

सम्भल कैनविज टाइम्स संवाददाता। सीता आश्रम रोड स्थित दुर्गा कॉलोनी चंदौसी में मानवाधिकार संघ के तत्वावधान में कैंप कार्यालय पर होली मिलन के उपलक्ष्य में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों द्वारा एक दूसरे के गले लगकर होली की शुभकामनाएं प्रेषित करते प्राकृतिक रंग के रूप में चंदन का तिलक लगाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। सर्वप्रथम संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह नें बताया होली मुख्य रूप से बुराई पर अच्छाई की जीत, बसंत ऋतु के आगमन, और राधा कृष्ण के प्रेम का प्रतीक है साथ ही साथ होली का दिन पौराणिक मान्यताओं के अनुसार भगवान विष्णु द्वारा अपने भक्त प्रहलाद की रक्षा करने और अहंकारी हिरण्य कश्यप व होलिका के विनाश की याद दिलाता है। प्रदेश संयोजक अश्विनी कुमार शर्मा ने कहा कि होली में खेले जाने वाले प्राकृतिक रंग मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ त्वचा के लिए अति फायदेमंद होते हैं। शिक्षा जगत से जुड़े संस्था के सचिव शैलेश यादव नें कहा कि हमारे देश का सबसे रंगीन हर्षोल्लास पूर्ण और सामाजिक समरसता के प्रतिक पर्व ''होली'' केवल रंगों का त्यौहार नहीं बल्कि प्रेम सौहार्द और भाईचारे की अनूठी मिसाल है होली भारत के राज्यों में अलग-अलग तरीकों से बनाई जाती है। जयशंकर दुबे जी नें अपने काव्य पाठ -भाग्य रेखा मुझे अब कहाँ ले चली,देखो पंडित जी मेरी जन्म कुंडली से सभी उपस्थित लोगों में ऊर्जा का संचार भर दिया। संस्था की विचार गोष्ठी में हरीश सिंह एडवोकेट, जगदीश राणा, त्रिमोहन सिंह यादव, के. जी. गुप्ता , डॉक्टर दीपचंद अग्रवाल, विभुकांत शर्मा, सौरभ मिश्रा, नितेश उपाध्याय, दिनेश भारद्वाज, विपिन गुप्ता आदि नें होली मिलन के साथ-साथ अन्य मुद्दों पर अपने वक्तव्य प्रस्तुत किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री राजपाल शर्मा नें तथा संचालन श्री अश्विन कुमार शर्मा नें किया।

## पत्नी से झगड़े के बाद पति ने खाया विषाक्त पदार्थ, उपचार के दौरान मौत

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। सदर कोतवाली क्षेत्र में एक युवक ने जहर खाकर जान दे दी। उसके परिजनों के मुताबिक युवक का पत्नी से विवाद चल रहा था। इससे परेशान होकर उसने आत्मघाती कदम उठा लिया। बदायूं के सदर कोतवाली क्षेत्र में पत्नी से झगड़े के बाद युवक ने विषाक्त पदार्थ खा लिया, जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला ब्रह्मपुर कश्यप वाली गली निवासी 30 वर्षीय शिवकुमार साहू का पिछले चार-पांच दिनों से अपनी पत्नी से विवाद चल रहा था। बताया जाता है कि विवाद लगातार बढ़ता जा रहा था। इसी तनाव से परेशान होकर शिवकुमार साहू ने रविवार शाम घर में रखा विषाक्त पदार्थ खा लिया। मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान हुई मौत कुछ ही देर में उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों को घटना की जानकारी हुई। आनन-फानन परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए राजकीय मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। परिजन उसे तुरंत राजकीय मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मृत दिखाकर रोक दी महिला की विधवा पेंशन

बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता। मृत दिखाकर महिला की विधवा पेंशन रोकने का मामला सामने आया है। महिला जब अपनी पेंशन निकालने पहुंची तो पता चला कि उसे कागजों में मृत दिखा दिया गया है। अब खुद को जिंदा साबित करने के लिए महिला कई दिनों से अधिकारियों के चक्कर लगा रही है। बिल्सी तहसील के गांव स्वरूपपुर निवासी महिला मुन्नी के पति की मौत करीब चार साल पहले हो चुकी है। उनका एक बेटा है जो हरिद्वार में काम करता है। मुन्नी यहां अकेले रहती हैं। उन्हें दो साल से उन्हें विधवा पेंशन मिल रही है। मुन्नी के अनुसार, कुछ दिन पहले वह अपनी पेंशन निकालने गांव के डाकघर गईं तो बायोमीट्रिक अंगूठा लगाने पर सिस्टम ने उन्हें मृत दिखा दिया। इसके बाद उन्होंने कई जगहों पर शिकायत की कि वह तो जिंदा हैं। उनकी पेंशन दिलाई जाए, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका। इस संबंध में डाकघर की महिला कर्मचारी का कहना है कि मुन्नी पेंशन निकलवाने आईं थीं, लेकिन आधार कार्ड से संबंधित कोई समस्या आ रही है, जिससे उन्हें मृत दिखाया जा रहा है। इधर, मुन्नी ने एसडीएम को पत्र भेजकर समस्या के निदान की मांग की है।

## नमाज पढ़वाने के मामले की दो सदस्यीय टीम करेगी जांच

बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता। ब्लॉक अंबियापुर के गांव रिसौली स्थित जूनियर हाईस्कूल में सामूहिक रूप से नमाज अदा कराए जाने का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला शासन स्तर तक पहुंच गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए शिक्षा विभाग भी सक्रिय हो गया है। बीएसए ने इस मामले में जांच को दो सदस्यीय टीम का गठन किया है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।रिसौली के जूनियर हाई स्कूल परिसर में सामूहिक रूप से नमाज अदा किए जाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वीडियो सामने आने के बाद विभिन्न संगठनों ने इस पर आपत्ति जताते हुए मामले की जांच और कार्रवाई की मांग की थी।

## कल महिला आयोग सदस्या करेंगी जनसुनवाई

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला प्रोबेशन अधिकारी अभय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य अवनी सिंह 11 मार्च 2026 को प्रातः 11:00 बजे जनपद के लोक निर्माण विभाग, बदायूं के गेस्ट हाउस में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला जनसुनवाई करेंगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं से संबंधित समस्याओं व शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करना है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से अनुरोध किया है कि वे समस्त सूचनाओं सहित समय से उपस्थित होकर कार्यक्रम में सहभागिता करें, साथ ही उन्होंने जनपद की समस्त महिलाओं से अपील है कि वे अपनी समस्याओं के समाधान हेतु निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित होकर जनसुनवाई का लाभ उठाएं।

## जनहित कार्य सर्वोपरि : आमिर सुल्तानी

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। नौजवानों की पसंद बनता जा रहा है, आग़ाज़ द वॉयस ऑफ यूथ संगठन लगभग-लगभग बीस साल पुराने संगठन आग़ाज़ द वॉयस ऑफ यूथ की स्थापना दिवस पर संस्थापक आमिर सुल्तानी ने संस्था को दुबारा से शुरू किया जिसमें 22 वर्षों पुराने साथियों को जोड़कर संस्था में जान फूंकी गई अब संगठन नौजवानों की फसलपसंद बनता जा रहा है युवा जनित के मुद्दे समाज की सेवा करने के कार्यों में लगे रहते हैं और आगे बढ़कर लोगों के काम आते हैं इसी कारण संगठन युवाओं पसंद की पसंद बनता जा रहा है और युवा संगठन के साथ जुड़ना भी चाहते हैं, इसी कड़ी में कंप्यूटर फील्ड के एक्सपर्ट तारिक चौधरी को संस्था की सदस्यता दिलाई गई इस मौके पर संस्थापक आमिर सुल्तानी मीडिया प्रभारी सलीम रियाज़ उपाध्यक्ष शाहबाज़ हुसैन मुख्य रूप से मौजूद है।

## बाढ़-भूकंप जैसी आपदाओं से निपटने का दिया प्रशिक्षण

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। बदायूँ के कंपोजिट विद्यालय असरासी में चल रहे त्रिदिवसीय स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन बच्चों को गांठें बांधना, प्राथमिक उपचार, घायल व्यक्ति को सुरक्षित ले जाने की तकनीक और तंबू निर्माण सिखाया गया। पूर्व जिला प्रशिक्षण आयुक्त संजीव कुमार शर्मा ने बाढ़, भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं में स्वयं को तैयार रखने और राहत-बचाव कार्यों की जानकारी दी।

# रेलवे स्टेशन पर पानी का संकट भीषण गर्मी में यात्री परेशान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। भीषण गर्मी के बीच बदायूँ रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को उस समय भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा, जब स्टेशन पर पीने के पानी की व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। दूर-दराज से सफर कर रहे यात्री बूंद-बूंद पानी के लिए तरसते नजर आए और स्टेशन पर पानी की तलाश में इधर-उधर भटकते रहे।जानकारी के अनुसार स्टेशन परिसर में लगे कई वाटर कूलर और नलों में पानी नहीं आ रहा था। अचानक उत्पन्न हुई इस समस्या के कारण यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। खासकर छोटे बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ी। तेज गर्मी के बीच पानी की कमी ने यात्रियों की मुश्किलें और बढ़ा दीं। जब हमारे संवाददाता ने स्टेशन पर मौजूद यात्रियों से बातचीत की तो उनमें रेलवे प्रशासन के प्रति भारी नाराजगी देखने को मिली। यात्रियों का कहना था कि इतनी बड़ी लापरवाही से उनकी यात्रा और अधिक कठिन हो गई है। स्टेशन पर मौजूद यात्रियों में अर्जुन, प्रेमपाल, संजू कश्यप, बबिता, प्रियंका, धनवती, सुलेखा और रेवती सहित कई लोगों ने अपनी कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि जब हम सरकार को टिकट के पैसे पूरे देते हैं, तो क्या रेलवे की यह जिम्मेदारी नहीं कि वो यात्रियों को बेसिक सुविधाएं उपलब्ध कराये? गर्मी के मौसम में पानी जैसी बुनियादी सुविधा का न होना बेहद चिंताजनक है। जहाँ एक तरफ लोग बूंद बूंद पानी को तरस रहे थे। वहीं दूसरी ओर वेंडरों की बल्ले बल्ले हो रही थी। हजारों बोतल पानी मजबूरन लोगों को खरीदकर पीना पड़ा। मामले को लेकर जब जिम्मेदार अधिकारियों से सवाल किया गया तो एस एस अफसर हुसैन ने कहा कि उनकी भी जानकारी में आया है कि स्टेशन पर पानी की समस्या पिछले कूछ दिनों से बनी हुई है। इसके कारण और निवारण के लिए आई डब्लू साहब से संपर्क करें। आईडब्ल्यू मोहम्मद जाकिर से दूरभाष पर जब इस समस्या के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि इस समस्या का समाधान होने में अभी एक सप्ताह का समय और लग सकता है। फिलहाल बदायूँ रेलवे स्टेशन पर पानी की समस्या यात्रियों के लिए बड़ी परेशानी बनी हुई है। अब देखने वाली बात यह होगी कि रेलवे प्रशासन इस गंभीर समस्या का समाधान कब तक करता है और यात्रियों को राहत कब तक मिल पाती है।

# सिंहपुर क्षेत्र का बगैर किसी भेदभाव के किया विकास : अंकित पासी

## क्षेत्र पंचायत सिंहपुर की बैठक में राजस्व पुलिस स्वास्थ्य समेत अन्य कई विभागों के अधिकारी रहे अनुपस्थित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

तिलोई अमेठी,विकास खण्ड सिंहपुर के सभागार में ब्लाक प्रमुख अंकित पासी की अध्यक्षता में खुली बैठक आयोजित की गई जिसमें राजस्व पुलिस के साथ ही स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य कई विभागों के अधिकारी अनुपस्थित रहे। क्षेत्र पंचायत की बैठक में सदस्यों के प्रस्ताव पर विकास कार्यो की रुपरेखा तैयार की गई और अनुपस्थित रहने वाले विभागों के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया गया।ब्लाक प्रमुख अंकित पासी ने अपने सम्बोधन में कहा कि हम सब जनता के बीच का जरिया है आम जनमानस को योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्रथम प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मैंने बगैर किसी भेदभाव के क्षेत्र का विकास किया है और कई चौराहों पर वाटर कूलर लगाये गये है। परिषदीय विद्यालयों धार्मिक स्थलों के साथ ही चौराहों पर लगाये गये वाटर कूलर की मरम्मत कराने का निर्देश दिया गया है। ब्लाक प्रमुख अंकित पासी ने कहा कि आप सबके प्रस्ताव पर कार्य करने में हरसंभव प्रयास किया जाता है।पन्हौना




रियासत के राजा सुरेन्द्र बहादुर सिंह ने कहा कि किसानों की फसल सुरक्षा के बारे में उपाय किये जाय और खेती के कार्य में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले तभी वह मजबूत होगे।ग्राम विकास अधिकारी अवनीश श्रीवास्तव ने बताया कि मनरेगा योजना में अब श्रमिकों की फ़ेशियल हाजिरी दर्ज होने लगी है और एक सौ पच्चीस दिन का रोजगार साल भर में प्रदान किया जायेगा।एनआरएलएम के अजय कुमार पुष्पाकर ने कहा कि सिंहपुर विकास क्षेत्र में चालू वित्तीय वर्ष में एक सौ पैंतीस समूहों का गठन किया गया है आप लोग समस्त महिलाओं को समूह से जोड़ने में सहयोग प्रदान करिये जिससे महिलाएं आगे बढ़ सकें।खण्ड विकास अधिकारी कमलेश यादव ने सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराते हुये अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया।कार्यक्रम का संचालन प्रधान संघ के पूर्व अध्यक्ष अर्जुन सिंह भदौरिया ने किया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि कौशलेंद्र सिंह, आशीष मिश्रा, राजेश पाण्डेय,गौरव श्रीवास्तव, सत्य नारायण सिंह, प्रमोद त्रिपाठी, मोहम्मद फारुख, रिंकू सिंह, मिंटू सिंह, प्रदीप जायसवाल, अखिलेश कुमार, धनंजय तिवारी, बैजनाथ जायसवाल, सुरेश यादव, लालचंद्र सरोज, मोहम्मद इलियास, नंद किशोर विक्रम, विजय यादव सहित अन्य तमाम ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्यगण मौजूद रहे।

# पुलिस अधीक्षक ने की जनसुनवाई थाना प्रभारियों को दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । पुलिस अधीक्षक ने अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर लोगों की समस्या का निस्तार ण किया और इसके साथ ही निर्देश दिया कि थाना प्रभारी थाने पर आने वाले फरियादियों की समस्या को गंभीरता से लेकर उसका निस्ता रण करें।बताते चलें कि जनसमस्याओं को सुन ने के दौरान थाना स्तरीय विवाद बड़े पैमाने पर सामने आए लिहाजा एसपी ने सख्त तेवर अपनाए हैं।जन शिकायतों को प्राथमिकता के आ धार पर निस्तारण करने को लेकर शनिवार को पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने अपने कार्यालय में जनसुनवाई किया। जनपद के अनेक क्षेत्रों से आने वाले लोगों ने एसपी के सामने अपनी समस्याओं को रखा पुलिस अधीक्षक ने संबंधित थानों से आने वाले लोगों की समस्या ओं को सुना।कुछ मामलों में संबंधित को आदे शित कर तत्काल कार्रवाई करने को कहा,थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए कहा कि थाने पर



किसी भी फरियादी के आने पर उसकी बातों को सुना जाए और तत्काल प्रार्थना पत्र लेकर उसे पर उचित कार्रवाई हो।लोगों की समस्याओं का निस्तारण नहीं होने या कार्य में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित प्रभारी की जवाब देही होगी।

# क्षेत्र के विकास के लिए सीएम योगी से मिले विधायक अजय सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले के करनैलगंज से भाजपा विधायक अजय सिंह ने लखनऊ में पांच कालिदास मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास पर सीएम योगी आदि त्यनाथ से मुलाकात की।उन्होंने करनैलगंज वि धानसभा क्षेत्र में कई विकास कार्यों को लेकर एक मांग पत्र सौंपा।प्रमुख मांगों में दो ओवरब्रि ज का निर्माण, 33/11 केवी विद्युत पावर हाउ स की स्थापना और सरयू नदी का चैनेलाइजे शन शामिल,विधायक अजय सिंह ने लखनऊ गोंडा राष्ट्रीय राजमार्ग पर करनैलगंज में दो रेल वे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज निर्माण की मांग की है।उन्होंने बताया कि इन स्थानों पर आए दिन घंटों जाम लगा रहता है,जिससे लोगों को का फी परेशानी होती है और कई बार एंबुलेंस भी फंस जाती हैं।इस मांग पत्र पर जिले के सभी सातों विधायकों के हस्ताक्षर हैं।सीएम योगी आदित्यनाथ ने जल्द ही ओवरब्रिज निर्माण का आश्वासन दिया, जिससे फाटक बंद होने से हो ने वाली



समस्या समाप्त हो सकेगी। विधायक अजय सिंह ने ग्राम पंचायत अन्दूपुर में 33/11 केवी विद्युत पावर हाउस स्थापित करने की भी मांग की है।लोगो का कहना था कि क्षेत्र में लो वोल्टेज और लाइन फाल्ट की समस्या बनी रह ती है, जिससे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित नहीं हो पाती और लोगों को कठिनाइयों का सामना क रना पड़ता है।तीसरे मांग पत्र में उन्होंने मोक्षदा यिनी मां सरयू नदी में ड्रेजिंग द्वारा चैनेलाइजे शन करवाकर उसकी तलहटी को गहरा करने की आवश्यकता पर जोर दिया।विधायक ने ब ताया कि मां सरयू अब विलुप्त होने की कगार पर आ गई है। सीएम योगी ने इस कार्य को भी कराने का आश्वासन दिया। इसके अतिरिक्त, विधायक ने लगभग 14 सड़कों के निर्माण को लेकर भी मांग पत्र दिया।भाजपा विधायक अ जय सिंह ने बताया कि सीएम योगी से उनकी मुलाकात बहुत अच्छी रही।उन्होंने आश्वासन दिया है कि सभी मांगों पर कार्य किया जाएगा, ताकि जनता को इसका लाभ मिल सके। विधा यक ने उम्मीद जताई कि जल्द ही उनके इस मां ग पत्र पर कार्य शुरू हो जाएगा।

## बिना लाइसेंस चलता मिला क्लीनिक, रिपोर्ट दर्ज

मुरादाबाद। मुरादाबाद महानगर के थाना सिविल लाइंस क्षेत्र में बिना लाइसेंस के क्लीनिक संचालित करने के मामले में पुलिस ने सोमवार को रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव कुमार वेलबाल ने सिविल लाइंस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि आशियाना फ़ेस-1 संचालित जनता फ्रैक्चर एंड हेल्थकेयर सेंटर पर छापा मारा गया था, जहां जांच टीम को कई गंभीर अनियमितताएं मिली। गांव संजरपुर सुल्तानपुर निवासी राजेंद्र सिंह यादव इस क्लीनिक का संचालन कर रहा था। बिना लाइसेंस के यह क्लीनिक चल रही थी। इस मामले में संचालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई होना जरूरी है। सिविल लाइन सर्किल के क्षेत्राधिकारी कुलदीप गुप्ता ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्जकर पुलिस टीम जांच कर रही है।

# चैत्र नवरात्रि की तैयारियों को लेकर सतरूपा अष्टभुजा दुर्गा मंदिर में बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। आगामी चैत्र नवरात्रि को लेकर सतरूपा अष्टभुजा दुर्गा मंदिर प्रांगण में मंदिर समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में नवरात्रि पर्व के आयोजन, पूजा-पाठ और अन्य व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए विभिन्न जिम्मेदारियां तय की गईं। बैठक की अध्यक्षता मंदिर समिति के अध्यक्ष डी. के. श्रीवास्तव ने की। बैठक में एजेंडा के अनुसार मंदिर में भगवान गणपति एवं भगवान चित्रगुप्त की प्राण प्रतिष्ठा की तिथि नवरात्रि के बाद होने वाली अगली बैठक में तय करने का निर्णय लिया गया। मंदिर की सजावट की जिम्मेदारी सचिव डॉ. वीरांगना कान्त को सौंपी गई, जिनके सहयोग के लिए हर्ष गुप्ता और अमित पाण्डेय को नामित किया गया। सर्वसम्मति से यह भी निर्णय लिया गया कि गत वर्षों की भांति इस वर्ष रामचरितमानस के अखंड पाठ के स्थान पर संगीतमय सुंदरकांड पाठ का



आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम अष्टमी, 26 मार्च 2026 को अपराह्न 3 बजे से मंदिर प्रांगण में आयोजित होगा। संगीतमय सुंदरकांड पाठ की व्यवस्था मंदिर के महाआचार्य पंडित राम उजागर मिश्रा को सौंपी गई है, जबकि भगवान के दरबार को सजाने की जिम्मेदारी रामा दल को दी गई है। नवमी, 27 मार्च 2026 को होने वाले कन्या पूजन एवं हवन की जिम्मेदारी स्टडी राम गोपाल मिश्र को दी गई है। वहीं भंडारे और प्रसाद वितरण की व्यवस्था मंदिर समिति के कोषाध्यक्ष अभिलाष श्रीवास्तव संभालेंगे। नवरात्रि के प्रथम दिन से नवमी तक मंदिर में दुर्गा सप्तशती पाठ, पूजन एवं आरती पूर्व की भांति पुजारी संतोष पाण्डेय द्वारा कराई जाएगी, जिसमें पुजारी राम गोपाल मिश्रा सहयोग करेंगे। इसके साथ ही नवरात्रि से पहले मंदिर में लगे वाटर कूलर के कंप्रेशर की मरम्मत कराने का भी निर्णय लिया गया। मंदिर में नवरात्रि के दौरान सायंकाल प्रसाद चढ़ाने की व्यवस्था भी तय की गई है, जिसके अंतर्गत प्रथम दिन अमिता निगम, द्वितीया को पंडित राम उजागर मिश्रा, तृतीया को राम समुज वर्मा तथा पंचमी को मनोज सोनी व मंजू सोनी द्वारा प्रसाद अर्पित किया जाएगा। बैठक में पंडित राम उजागर मिश्रा, अजय गुप्ता, डॉ. अशोक गुप्ता, राम समुज वर्मा, राम देव, संतोष पाण्डेय, अनुपम मिश्र, डॉ. वीरांगना कान्त सहित मंदिर समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## 19 रमज़ान पर नानपारा में ताबूत–ए–गिलीम का जुलूस, शिया अज़ादारों ने की शिरकत



नानपारा, बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। पवित्र माह रमज़ान की 19वीं तारीख के अवसर पर कस्बा नानपारा में ताबूत–ए–गिलीम का जुलूस निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में शिया अज़ादारों ने शामिल होकर अपनी अकीदत पेश की। यह जुलूस अपने पारंपरिक (कदीमी) मार्ग से होते हुए छोटी मस्जिद, शेर मोहम्मद खान साहब से होकर इमामबाड़ा मोहल्ला किला पहुंचा और अंत में वकील एहतेराम हुसैन के इमामबाड़े तक गया। जुलूस का आयोजन अंजुमन अब्बासिया की ओर से किया गया, जिसमें क्षेत्र के तमाम अज़ादारों ने भाग लेकर धार्मिक रस्मों को अदा किया।

## कूटरचित रचित दस्तावेज तैयार कर संपत्ति हड़पने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

गोंडा कैनविज टाइम्स संवाददाता। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधि कारी तरबगंज उमेश्वर प्रभात सिंह के नेतृत्व में अभियुक्त राम नरेश उर्फ कुल्हू पुत्र बचऊ याद व निवासी ग्राम माझा राठ थाना नवाबगंज को ग्राम माझा राठ से गिरफ्तार किया है।बताते है
कि मुन्नालाल पुत्र रामतीरथ निवासी ग्राम मांझा राठ थाना नवाबगंज क़ेद्वारा थाना नवाबगंज में लिखित तहरीर दी गयी कि उसकी दादी ननका पत्नी स्व.गया प्रसाद की मृत्यु वर्ष 2013 में हो गई थी,जिनके नाम ग्राम तुलसीपुर व ग्राम मां झाराठ में विभिन्न गाटा संख्याओं की कृषि भू मि दर्ज थी।आरोप है कि विपक्षी रामनरेश पुत्र बचऊ ने उक्त भूमि को हड़पने की नीयत से वर्ष 2019 में तहसीलदार तरबगंज क़ेन्यायालय में स्वयं को वारिस बताते हुए नामान्तरण वाद दा खिल किया। जब वारिस होने का प्रमाण नहीं मिला तो उसने दिनांक 16 जुलाई 2021 को नन्कन्ना पत्नी रामकेवल को ननका के रूप में प्रस्तुत कराकर रजिस्ट्री कार्यालय तरबगंज में कूटरचित व फर्जी वसीयतनामा तैयार करवा लिया और उसी के आधार पर 25.अगस्त 20 22 को पुन नामान्तरण वाद दाखिल किया।वा दी के अनुसार उक्त वसीयतनामा में फोटो व अ न्य विवरण फर्जी हैं।बाद में जांच के दौरान नि र्वाचक नामावली व परिवार रजिस्टर के आधार पर नामान्तरण आदेश 19 जुलाई 2023 को निरस्त हुआ इसके बाद 30 जनवरी 2024 को आदेश रद्द कर दिया गया।आरोप है कि इस मा मले की पैरवी से नाराज होकर विपक्षी रामनरे, श,अनिल कुमार व सुभाषचन्द्र अपने दो अज्ञात साथियों के साथ 15 जुलाई 2025 को रात ल गभग आठ बजे चौखड़िया पुल के पास वादी की रेकी कर उसे गाली–गलौज करते हुए मारपी ट की तथा मुकदमे की पैरवी करने पर जान से मारने की धमकी दी। वादी की लिखित तहरीर के आधार पर नवाबगंज में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। जिसमें 9 मार्च को पुलिस द्वारा विवेचना के दौरान दोषी पाए गए आरोपी अभियुक्त राम नरेश उर्फ कुल्हू को ग्राम माझा राठ से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना नवाबगंज पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही न्यायाल य रवाना किया गया है।

## फिरोजाबाद पुलिस ने 60 मोबाइल बरामद कर मालिकों को लौटाए

फिरोजाबाद। फिरोजाबाद जिले के सर्विलांस, एसओजी एवं जनपद पुलिस टीम ने सीईआईआर पोर्टल पर दर्ज मोबाइल खोने सम्बन्धी शिकायतों के आधार पर 60 मोबाइल बरामद किए है। पुलिस अधिकारियों ने सोमवार को इन बरामद मोबाइलों को उनके मालिकों के सुपुर्द किए हैं। क्षेत्राधिकारी साइबर क्राइम चंचल त्यागी ने जनपद में अब तक कुल 1092 मोबाइल भिन्न–2 जनपद व राज्यों की पुलिस के साथ समनवय स्तापित कर बरामद कर आवेदकों के सुपुर्द किये जा चुके हें।

## शादी का दबाव और आत्महत्या के लिए उकसाने वाला आरोपित गिरफ्तार

फिरोजाबाद । थाना टूण्डला पुलिस टीम ने सोमवार को शादी के लिए दवाब बनाने और आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कार्रवाई कर उसे जेल भेज दिया है। थाना टूंडला पर 20 फरवरी को एक महिला ने शिकायत दी। उसने आरोप लगाया था कि टूण्डली चौक निवासी टिंकू ने उसकी बेटी पर अपने पति को छोड़कर खुद से शादी के लिए दबाब बनाया। इससे परेशान होकर उसकी बेटी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच के साथ ही आरोपित की तलाश शुरू कर दी। थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार को पुलिस टीम के साथ सूचना पर इस मामले में वांछित अभियुक्त टिंकू को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपित को न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उसे जेल भेजा गया है।

## श्रद्धालुओं ने शीतला माता की स्तुति कर मांगा उत्तम स्वास्थ का आशीष

हाथरस,। उत्तरप्रदेश के जनपद हाथरस में सोमवार को बासौड़ा पूजन के अवसर पर नगर के शीतला माता, चावण माता और पथवारी माता मंदिरों में महिला श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। तड़के सुबह से ही मंदिरों में पूजा–अर्चना के लिए महिलाओं का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने परिवार, विशेषकर बच्चों की सुख–समृद्धि और सलामती की कामना की। परंपरा के अनुसार, महिलाओं ने विधि–विधान से पूजा–अर्चना की और माता को बासी भोजन का भोग लगाया। कुछ स्थानों पर मुर्गा और मुश्क की पारंपरिक प्रथा भी निभाई गई। इस दौरान महिलाओं ने घर–परिवार की खुशहाली और बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना की। मंदिरों में पूजन के उपरांत, कई श्रद्धालु होली स्थल पर भी पहुंचे और वहां भी पूजा–अर्चना की। सुबह के समय मंदिर परिसरों में भक्ति और आस्था का माहौल व्याप्त रहा। बड़ी संख्या में महिलाएं अपने बच्चों के साथ मंदिरों में पहुंचीं और श्रद्धापूर्वक पूजन किया। स्थानीय लोगों के अनुसार, बासौड़ा पूजन का यह पर्व क्षेत्र में वर्षों से परंपरागत रूप से मनाया जाता रहा है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन शीतला माता की पूजा करने से परिवार को बीमारियों से रक्षा मिलती है और बच्चों की सलामती बनी रहती है। इस त्योहार को लेकर मंदिरों के आसपास सुबह से ही चहल–पहल देखी गई। श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और आस्था के साथ बासौड़ा पूजन में भाग लिया।

## जीएसटी संग्रह में मुरादाबाद प्रदेश में पांचवें स्थान पर

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश राज्य कर के अपर आयुक्त ग्रेड–2 आरए सेठ ने सोमवार को बताया कि स्थानीय व्यापारियों की वजह से जीएसटी संग्रह में मुरादाबाद जोन ने जीएसटी संग्रह कर का प्रदेश में पांचवां स्थान आया है। प्रदेश में इटावा जोन ने सबसे अधिक जीएसटी संग्रह कर प्रथम स्थान हासिल किया है। उन्होंने बताया कि शासन की तरफ से जारी सूची के अनुसार मुरादाबाद जोन को फरवरी माह के लिए 223.97 करोड़ का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। इसकी तुलना में जोन ने 145.62 करोड़ जीएसटी संग्रह किया है। पिछले साल की तुलना में जोन ने 14 प्रतिशत अधिक राजस्व की वसूली की है। राज्य कर के अपर आयुक्त ग्रेड–2 ने बताया कि मुरादाबाद जोन ने 65 प्रतिशत जीएसटी संग्रह कर प्रदेश में पांचवां स्थान प्राप्त किया है।

# महिला दिवस पर महिला सशक्तिकरण विषयक चौपाल आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच। महिला दिवस के अवसर पर गायत्री बाल संस्कार शाला (सूफीपुरा) सिविल लाइंस परिसर में महिला सशक्तिकरण विषयक चौपाल का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में नगर क्षेत्र के गायत्री परिवार, संघ परिवार समेत तमाम समाजसेवी संगठनों से जुड़ी महिला प्रतिनिधियों ने नशा को समाज के लिए घातक बताते हुए नशा उन्मूलन तथा सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए चलाए जा रहे अभियान से हर घर को जोड़ने का सामूहिक संकल्प लिया। गायत्री बाल संस्कार शाला में आयोजित चौपाल को संबोधित करते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रद्धा पाण्डेय ने कहा कि , महिलाओं के सर्वांगीण उत्थान एवं शिक्षित होते ही सशक्त समाज एवं प्रभावी परिवार का उदय होता है। उन्होंने कहा कि अशिक्षा एवं कुरीतियों तथा नशामुक्त समाज बनाने के



लिए सभी जागरूक महिलाओं को अपने नैतिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए जन जागरण अभियान चलाना चाहिए तभी मजबूत परिवार, समाज एवं विकसित एवं सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव हो सकेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षित एवं जागरूक बेरोज़गार महिलाओं के लिए शासन द्वारा तमाम बहुमुखी परियोजनाओं का संचालन किया जा रहा है जिनसे जुड़ कर महिलाएं स्वरोजगार से जुड़ सकती हैं और अपने परिवार को आर्थिक दृष्टि से मजबूत भी बना सकती हैं। विद्यालय प्राचार्या रेखा श्रीवास्तव ने बताया कि गायत्री परिवार के तत्वावधान में महिलाओं को जागरूक बनाने के लिए घर घर में संपर्क अभियान चलाया जा रहा है तथा अशिक्षित बच्चों को गायत्री बाल संस्कार शाला के माध्यम से शिक्षित एवं दीक्षित बनाने का प्रभावी प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन शालू सिंह ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ महिला नेत्री मंजू निगम द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा महिला मोर्चा जिला संयोजक सोनी श्रीवास्तव ने किया। आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शीला श्रीवास्तव, पूनम श्रीवास्तव, समाजसेविका निशा शर्मा, निर्मला सिंह, मोनिका शुक्ला, अनुराधा वर्मा, तृप्ति श्रीवास्तव, गायत्री परिजन कांति मिश्रा, आद्या निगम, दीपिका निगम, प्रीति सिंह, नमिता शुक्ला, रश्मि पांडेय, वंदना सिंह सहित तमाम महिलाएं उपस्थित रहीं। समापन अवसर पर सभी महिलाओं ने नशा मुक्त समाज बनाने के लिए सामूहिक संकल्प भी लिया।

# नाराज छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले के देहात कोतवाली क्षेत्र नारायणपुर मर्दन गांव में एक 23 वर्षीय बीएससी एग्रीक ल्चर छात्र ने कथित तौर पर पिता की डांट से नाराज होकर आत्महत्या कर ली।छात्र ने निर्मा णाधीन मकान की दूसरी मंजिल पर शटरिंग से लटककर अपनी जान दे दी।मृतक की पहचान मोहित चतुर्वेदी के रूप में हुई है,जो लाल बहादु र शास्त्री महाविद्यालय से बीएससी एजी के द्वि तीय सेमेस्टर का छात्र था। परिजनों ने बताया कि बल्ली गिरने की आवाज सुनकर वे ऊपर पहुंचे, जहां मोहित को फांसी पर लटका पाया। परिजनों ने तत्काल मोहित को नीचे उतारा और बिना पुलिस को सूचना दिए मेडिकल कॉलेज ले गए।हालांकि, डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।पुलिस अब इस मामले की जांच कर रही है।मोहित अपने तीन भाइयों में सबसे छोटा था उसके बड़े भाई का नाम त्रिशूल धारी चतुर्वेदी और छोटे भाई का नाम गदाधारी चतुर्वेदी है। पिता अमरीश चतुर्वेदी खेती-किसानी का काम करते



हैं।बताया जा रहा है कि पढ़ाई को लेकर पिता द्वारा डांटे जाने से मोहित नाराज था,जिस के बाद उसने यह कदम उठाया। इस घटना से परिजनों में गहरा सदमा है।पिता अमरीश चतुर्वेदी ने बताया कि उन्होंने मोहित को पढ़ाई के संबंध में कुछ बातें कही थीं, जिसके बाद उसने फांसी लगा ली।उन्होंने दुख व्यक्त किया कि उ नका सबसे छोटा बेटा उन्हें छोड़कर चला गया। मोहित अपने महाविद्यालय में एक होनहार छा त्र के रूप में जाना जाता था,वहीं देहात कोतवा ल शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि मृतक छा त्रा के शव को कब्जे में लेकर पंचायत नामा क राकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। बिना पुलिस को सूचना दिए यह लोग अस्पता ल लेकर के आए हुए थे बाद में जानकारी मि लने पर पुलिस ने पहुंच कर के जांच शुरू कर दी है।

# सर्राफा व्यापार मंडल का वार्षिकोत्सव व होली मिलन समारोह सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच। सर्राफा व्यापार मण्डल (रजि.) द्वारा आयोजित वार्षिकोत्सव एवं होली मिलन समारोह रविवार को रंगारंग कार्यक्रमों के बीच सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में गीत-संगीत, लोकनृत्य, मेहंदी प्रतियोगिता सहित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया। वहीं विशिष्ट अतिथियों व समाजसेवियों को प्रमाणपत्र, स्मृतिचिन्ह व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।रविवार सायंकाल आयोजित होली मिलन समारोह में सर्राफा व्यापारियों ने एक-दूसरे को गले मिलकर गुलाल व अबीर लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में प्रस्तुत किए गए गीत, संगीत और लोकनृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों ने देर रात तक लोगों को बांधे रखा।समाजहित में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्व. अमरीक लाल मल्होत्रा के प्रतिनिधि, स्व. रामनाथ सर्राफ के प्रतिनिधि कन्हैया सोनी, दीपक प्रकाश सोनी (दाऊ जी), मगन बिहारी रस्तोगी, राकेश वर्मा,



मदन लाल रस्तोगी, परशुराम त्रिपाठी, प्रदीप सर्राफ, नागेश्वर नाथ रस्तोगी तथा सुमित कुमार खन्ना को स्मृतिचिन्ह, प्रमाणपत्र व अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का सफल संचालन अभिषेक रस्तोगी ने किया। समारोह में बड़ी संख्या में महिलाओं की भी सहभागिता रही।इस अवसर पर अध्यक्ष सत्येंद्र रस्तोगी, महामंत्री राजेश रस्तोगी, कोषाध्यक्ष आशुतोष सोनी, हेमंत मिश्र, सचिन श्रीवास्तव, गुरुदेव सिंह नागर, महेश गुप्ता, नूर ज्वैलर्स, अर्जुन रस्तोगी, कन्हैया सोनी, रवि रस्तोगी, रनीश जैन सहित बड़ी संख्या में सर्राफा व्यापारी सपरिवार उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सहभोज का भी आयोजन किया गया।

# अच्छी पैदावार के लिए आम के बौर का सही प्रबंधन जरूरी : कृषि विशेषज्ञ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। आम की बेहतर पैदावार के लिए बौर (फूल) की अवस्था में वैज्ञानिक तरीके से देखभाल करना अत्यंत आवश्यक है। कृषि विढ0.2 प्रतिशत, जिंक सल्फ़ेट 0.5 प्रतिशत तथा यूरिया 1 प्रतिशत का घोल बनाकर छिड़काव करने से फल का विकास बेहतर होता है और झड़ने की समस्या कम होती है। उन्होंने बताया कि इस समय आम के बागों में कई प्रकार के कीटों का प्रकोप भी देखा जाता है, जिनमें आम का हॉपर, मिलीबग और फल मक्खी प्रमुख हैं। इनके नियंत्रण के लिए इमिडाक्लोप्रिड 17.8 एस.एल. 0.3 मिली प्रति लीटर पानी या थायमेथोक्साम 25 डब्ल्यू.जी. 0.25 ग्राम प्रति लीटर पानी का छिड़काव किया जा सकता है। मिलीबग से बचाव के लिए पेड़ों के तनों के चारों ओर पॉलीथीन पट्टी बांधना तथा आवश्यकता पड़ने पर क्लोरपायरीफॉस 20 ई.सी. का प्रयोग भी लाभकारी होता है।

इसके साथ ही इस मौसम में आम के बागों में पाउडरी मिल्ड्यू (सफ़ेद रोग) और एन्थ्रेक्नोज जैसे रोग भी लग सकते



हैं। इनसे बचाव के लिए घुलनशील गंधक 2 ग्राम प्रति लीटर पानी या कार्बेन्डाजिम 1 ग्राम प्रति लीटर पानी अथवा हेक्साकोनाजोल 1 मिली प्रति लीटर पानी का छिड़काव प्रभावी रहता है। विशेषज्ञ उमेश कुमार ने किसानों को सलाह दी कि फूल आने की अवस्था में रासायनिक दवाओं का अनावश्यक छिड़काव न करें, क्योंकि इससे परागण करने वाले लाभकारी कीट प्रभावित हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि समय-समय पर बागों की निगरानी करते हुए आवश्यक प्रबंधन उपाय अपनाने से फल झड़ने की समस्या कम होगी और आम की फसल से अधिक उत्पादन व बेहतर गुणवत्ता प्राप्त की जा सकेगी।

# मिशन शक्ति चौपाल में महिलाओं को सुरक्षा व अधिकारों के प्रति किया गया जागरूक

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुलतानपुर। महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत रविवार को अखण्डनगर थाना क्षेत्र के ग्राम सभा बेहरा भारी में महिला जागरूकता चौपाल का आयोजन किया गया। अखण्डनगर थाने की महिला मिशन शक्ति टीम ने गांव की महिलाओं को एकत्रित कर शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं तथा महिला सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी।

चौपाल के दौरान इंस्पेक्टर क्राइम राघवेंद्र यादव और सब इंस्पेक्टर श्री कृष्णा शुक्ला ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज की नारी केवल परिवार की आधारशिला ही नहीं, बल्कि समाज की शक्ति भी है। ऐसे में उन्हें अपने अधिकारों, कानूनों और सुरक्षा से जुड़े साधनों की जानकारी होना बेहद आवश्यक है। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार की परेशानी, उत्पीड़न या आपात स्थिति में महिलाएं बिना किसी भय के पुलिस से संपर्क करें। इस अवसर पर महिलाओं को शासन द्वारा जारी विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों 1090 (वुमेन पावर लाइन), 112 (आपातकालीन सेवा) और 181 (महिला हेल्पलाइन) के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा उन्हें इन नंबरों को अपने मोबाइल में सुरक्षित रखने के लिए प्रेरित किया गया। महिला आरक्षी लक्ष्मी ने उपस्थित महिलाओं से संवाद करते हुए उन्हें आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने, अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने और किसी भी समस्या की जानकारी तत्काल पुलिस को देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं। चौपाल के माध्यम से महिलाओं में सुरक्षा, जागरूकता और आत्मविश्वास का संदेश प्रसारित हुआ, जिससे मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्य को नई मजबूती मिली।

# करौंदीकलां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर न होने से मरीज परेशान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



करौंदीकलां/सुल्तानपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करौंदी कलां में सोमवार को डॉक्टरों की कमी के कारण मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। अस्पताल में सुबह से ही बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए पहुंचे, लेकिन पर्याप्त डॉक्टर न होने से व्यवस्था प्रभावित रही।

मौके पर केवल एक डॉक्टर, डॉ. रिंकी कुशवाहा ही मौजूद थीं, जो लगातार मरीजों का इलाज करने में जुटी रहीं। मरीजों की भीड़ अधिक होने के कारण सभी को समय पर इलाज मिल पाना मुश्किल हो गया। कई मरीजों को घंटों तक अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की कमी अक्सर बनी रहती है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीजों को दिक्कत होती है। लोगों ने स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि अस्पताल में पर्याप्त डॉक्टरों की तैनाती की जाए, ताकि मरीजों को बेहतर और समय पर उपचार मिल सके।

## कुष्ठ रोगी खोजी अभियान शुरू, घर-घर रोगी ढूंढेंगी 2787 टीमें

मुरादाबाद। राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम उत्तर प्रदेश के अंतर्गत समाज में छिपे कुष्ठ रोगियों को खोज निकालने के उद्देश्य से जनपद में सोमवार से कुष्ठ रोगी खोजी अभियान शुरू हो गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह ने कुष्ठ रोगी खोजी अभियान का आरंभ प्रचार वाहन को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से झंडी दिखाकर किया। जिला कुष्ठ परामर्शदाता डॉ. भास्कर अग्रवाल ने बताया कि कुष्ठ रोगी खोजी अभियान 9 मार्च से 23 मार्च तक चलेगा। मुरादाबाद जनपद में 2787 टीमें कुष्ठ रोगियों को घर-घर खोजेंगी। इस अवसर पर आज जला कुष्ठ अधिकारी डॉ.नरेंद्र कुमार ने कहा कि अभियान को सफल बनाने के लिए सभी लोगों की भागीदारी बहुत जरूरी है। उन्होंने लोगों से अपील की विभाग की टीम घर जाए तो उसका सहयोग करें। जिससे लक्षण युक्त व्यक्ति को सही जानकारी उपलब्ध हो सके एवं सही समय पर उसका इलाज आरंभ हो सके।

# गौहत्या पर रोक और गौ को राज्य माता का दर्ज़ा दिलाने के लिए सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। जनपद के युवाओं ने गौ को राज्य माता का दर्ज़ा दिलाने और प्रदेश में गौहत्या पर रोक लगाने के संबंध में मुख्यमंत्री के नाम सिटी मजिस्ट्रेट प्रीति जैन को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर डॉक्टर सौरभ मिश्र विनम्र ने बताया कि हिंदू धर्म और भारतीय संस्कृति में बहुत पवित्र माना जाता है। इसे माता कहने के पीछे कई धार्मिक, सांस्कृतिक और व्यावहारिक कारण हैं। यहां गौ को धार्मिक मानताओ के अनुसार उन्हें माता माना जाता है किंतु प्रदेश के अंदर में निरंतर बढ़ रही गो तस्करी की घटनाएं, चिंता जनक बताई उन्होंने बताया कि जगद्गुरु शंकराचार्य

स्वामी श्रीः अविमुक्तेश्वरानंदः सरस्वती महाराज जी गौ माता को राज्य माता दर्ज़ा देने कि मांग का समर्थन किया। इस मौके पर अनमोल अग्रहरि ने बताया कि पूज्य शंकराचार्य पर सवाल खड़ा करना किसी भी प्रकार से सनातनी का कार्य नहीं है। गौ माता को राज्य माता दर्ज़ा दिलाना शंकराचार्य कि नहीं इस मुद्दे पर सौ करोड़ हिंदुओं का भी समर्थन है। हमारी लड़ाई सरकार से नहीं बल्कि सरकार से हमारी मांग है गौ माता को राज्य माता का दर्ज़ा दिलाया जाए और प्रदेश में गौ हत्या पर रोक लगाई जाए। प्रतिनिधि मंडल में श्रवण अग्रहरि, बृजभूषण सिंह, दीपक, राघवेंद्र मिश्र , बृजेंद्र मिश्र, प्रज्ज्वल मिश्र रहे।

# संगीतमयी श्रीराम चरितमानस कथा में उमड़ा आस्था का सागर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। श्री नमो भगवते वासुदेवाय नमः तथा ह्लसच्चिदानन्दरूपाय विश्वोत्पत्यादिहेतवे, तापत्रयविनाशाय श्रीकृष्णाय वयं नुमः जैसे मंगलमय मंत्रोच्चार के साथ आरंभ हुई संगीतमयी श्रीराम चरितमानस कथा में इन दिनों भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक उल्लास का अनुपम वातावरण बना हुआ है। ग्राम सभा बीरईपुर में आयोजक के निवास स्थान पर लकी के जन्मदिन के पावन उपलक्ष्य में आयोजित इस दिव्य कथा में श्रद्धालु प्रभु श्रीराम के जीवन चरित्र का रसपान कर स्वयं को धन्य अनुभव कर रहे हैं। तीन दिवसीय इस कथा का शुभारंभ 07 मार्च 2026, शनिवार को हुआ, जबकि 09 मार्च 2026, सोमवार को कथा का विश्राम होगा। प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से सायं 5 बजे तक चल रही इस कथा में क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ उपस्थित होकर प्रभु श्रीराम की लीलाओं का श्रवण कर रहे हैं। कार्यक्रम का आयोजन प्रबंधक ऊषा मिश्रा (पूर्व प्रधान) एवं रामशिरोमणि मिश्रा (पी डब्लू डी मेट) के सान्निध्य और मार्गदर्शन में किया गया है। कार्यक्रम के संरक्षक के रूप में जे.पी. मिश्रा (एम आर) तथा राम उजागिर मिश्र (कोटेदार) की प्रेरक भूमिका रही। कथा की व्यवस्थाओं का संचालन व्यवस्थापक आलोक मिश्रा द्वारा किया जा रहा है, जबकि कान्हा मिश्रा, कृष्णा मिश्रा, लकी पाण्डेय, आरबी मिश्रा, मनोज मामा, सौरभ मिश्रा सहित समस्त परिवार व मित्रगण सेवा, सहयोग और समर्पण के भाव से इस आयोजन को सफल बनाने में लगे हुए हैं। कथा का अमृतमय वाचन प्रयागराज से पधारे कथा व्यास श्री दण्डी स्वामी विनोद जी महाराज तथा वैभवम बाबा, अयोध्या द्वारा अत्यंत ओजस्वी, भावपूर्ण और विद्वत्तापूर्ण शैली में किया जा रहा है। उनके मुखारविंद से प्रवाहित हो रही रामकथा सुनकर श्रद्धालु भक्ति रस में डूब जाते हैं और पूरा वातावरण ह्लजय श्रीरामङ्क के उद्घोष से गुंजायमान हो उठता है। इस अवसर पर कादीपुर ब्लॉक प्रमुख श्रवण मिश्र, डॉ. इश्नारायण, आलोक दुबे, प्रेम नारायण पाण्डेय, के.के. तिवारी, राम दौर मिश्र तथा डॉ. राम शिरोमणि सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे और कथा का श्रवण कर आध्यात्मिक आनंद प्राप्त किया।

## मण्डी समिति में जिलाधिकारी ने नव विवाहित जोड़ों को दिया आशीर्वाद

पीलीभीत। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत विधानसभा पूरनपुर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह,पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव, मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास, नगर मजिस्टेट विजय वर्धन तोमर, जिला विकास अधिकारी, डीसी मनरेगा,जिला समाज कल्याण अधिकारी चन्द्रमोहन विश्नोई आदि द्वारा सामूहिक विवाह नवीन मण्डी समिति परिसर पीलीभीत में सम्पन्न कराया गया। विवाह समारोह में 425 में से 400 नव युगलों का विवाह सम्पन्न कराया गया। जिसमें 08 अल्पसंख्यक जोड़े भी सम्मिलित हुए। इस दौरान अधिकारियों द्वारा वर-वधू को आवश्यक उपहार सामग्री वितरित कर सभी को आशीर्वाद दिया। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह की इस पुनीत और पावन बेला पर नव विवाहितों को आशीर्वाद एवं शुभकामना देते हुए उत्तरोत्तर वृद्धि करने की कामना की गई। इस दौरान विधायक पूरनपुर एवं अधिकारियों ने नव युगलों को पवित्र बंधन के दाम्पत्य सूत्र के आत्मीय सम्बन्धों के साथ गृहस्थ आश्रम में प्रवेश कर जन्म जन्मांतर के पारिवारिक एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के कर्तव्य निर्वाहन हेतु जीवन की नई पारी प्रारम्भ करने पर वर वधू के लिए मंगलकामना की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशन में सामूहिक विवाह योजना चलाई जा रही है जिससे कि कोई गरीब कन्या विवाह से वंचित न रह जाए। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।जिलाधिकारी ने सभी को सम्बोधित करते हुये कहा कि नव विवाहित जोडे अपना रोजगार स्थापित करना चाहते हो वह मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान में अपना आवेदन कर योजना का लाभ ले सकते है। उक्त योजना के तहत 05 लाख रू0 बिना ब्याज के ऋण प्राप्त कर रोजगार कर सकते है।

# मानदेय न मिलने पर मनरेगा कर्मियों ने संयुक्त खंड विकास अधिकारी को सौंपा ज्ञापनः जुलाई 2025 से भुगतान लंबित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।पूरनपुर मे कार्यरत मनरेगा कर्मियों ने लंबे समय से मानदेय और ईपीएफ भुगतान न होने पर संयुक्त खंड विकास अधिकारी संजय कुमार को ज्ञापन सौंपा है कर्मचारियों का कहना है कि जुलाई 2025 से अब तक उनका मानदेय नहीं मिला है, जिससे उनके सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया मनरेगा कर्मियों में ग्राम रोजगार सेवक, कम्प्यूटर ऑपरेटर, तकनीकी सहायक और अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी शामिल हैं कर्मचारियों ने बताया कि उन्होंने में निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति में पूरा योगदान दिया है इसके साथ ही विभागीय कार्यों के अलावा एसआईआर, क्रॉप सर्वे सहित अन्य महत्वपूर्ण कार्यों में भी सक्रिय रूप से भागीदारी निभाई है। कर्मचारियों का कहना है।कि विभागीय शिथिलता के कारण उनका मानदेय और ईपीएफ भुगतान लंबे समय से लंबित है दीपावली के अवसर पर भी वेतन नहीं मिला और अब होली जैसे प्रमुख त्योहार पर भी भुगतान नहीं होने से कर्मचारियों के सामने आर्थिक संकट गहरा गया है इससे उनके परिवारों की दैनिक जरूरतें पूरी करना भी मुश्किल हो रहा है में निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति में पूरा योगदान दिया है। इसके साथ ही विभागीय कार्यों के अलावा एसआईआर, क्रॉप सर्वे सहित अन्य महत्वपूर्ण कार्यों में भी सक्रिय रूप से भागीदारी निभाई है कर्मचारियों का कहना है कि विभागीय शिथिलता के कारण उनका मानदेय और ईपीएफ भुगतान लंबे समय से लंबित है। दीपावली के अवसर पर भी वेतन नहीं मिला और अब होली जैसे प्रमुख त्योहार पर भी भुगतान नहीं होने से कर्मचारियों के सामने आर्थिक संकट गहरा गया है। इससे उनके परिवारों की दैनिक जरूरतें पूरी करना भी मुश्किल हो रहा है कर्मचारियों का कहना है कि जब कार्य और मानव दिवस सृजन अधिक हुआ है तो प्रशासनिक मद भी पर्याप्त होना चाहिए ऐसे में कर्मचारियों का भुगतान लंबित रहना कई सवाल खड़े करता है मनरेगा कर्मियों का यह भी कहना है कि प्रदेश के कई जिलों में मानदेय न मिलने के कारण ग्राम रोजगार सेवकों और तकनीकी सहायकों द्वारा आत्महत्या जैसी दुखद घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं ऐसे में यह स्थिति अत्यंत संवेदनशील है और संविधान के अनुच्छेद 21 में वर्णित ह्लजीवन के अधिकारङ्क के भी विपरीत है कर्मचारियों ने प्रशासन से मांग की है।कि मनरेगा कर्मियों का लंबित मानदेय और ईपीएफ भुगतान जल्द से जल्द कराया जाए, ताकि वे अपने दायित्वों का निर्वहन सुचारु रूप से कर सकें साथ ही कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा घोषित कार्यक्रम के अनुसार कर्मचारी काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराएंगे। इसके अलावा विकासखंड स्तर पर कार्यक्रम अधिकारी व खंड विकास अधिकारी को पत्र देकर कार्य न करने का निर्णय लिया जाएगा ज्ञापन देने वालो मे एपीओ आदेश वर्मा, रोजगार संगठन के जिला अध्यक्ष अमानत रसूल, लेखाकार मनीष महेश्वरी,राहुल सिंह, अरुण कुमार,अमित , लालाराम आदि मौजूद रहे है।

## पंचायती राज सफाईकर्मियों ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

पीलीभीत । उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा संघ ने पंचायत विभाग के अधीन कार्यरत ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को द्वितीय एसीपी का लाभ दिलाने की मांग की है सोमवार को संघ के जिलाध्यक्ष धर्मपाल के नेतृत्व में सोमवार को जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह को दिए ज्ञापन में कहा गया कि जनपद पीलीभीत में कार्यरत सफाई कर्मियों को जल्द से जल्द द्वितीय एसीपी का लाभ दिया जाए उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ ने 16 वर्षों से लंबित सेवा नियमावली बनाने, पदोन्नति, 1900 ग्रेड पे, और द्वितीय एसीपी जैसी प्रमुख मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा है उन्होंने ऑनलाइन हाजिरी से मुक्ति की मांग की है और मांगें न मानने पर हड़ताल की चेतावनी दी है सफाई कर्मचारियों की वर्षों से पड़ी लम्बित समस्याओं के निराकरण समय-समय पर कई बार मौखिक व लिखित मांगपत्र के माध्यम से जिला पंचायत राज अधिकारी से व अन्य अधिकारियों से निवेदन किया गया, जिसके फलस्वरूप सिर्फ आश्वासन ही दिया गया है ।

## आयुष चिकित्सालयों में मरीजों को सुविधाएं और दवाएं उपलब्ध कराई जाय : सीडीओ

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। मुख्य विकास अधिकारी वीरभानु सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को विकास भवन में जिला आयुष समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने सर्वप्रथम उपलब्ध धनराशि एवं व्यय धनराशि की समीक्षा की। इसके उपरांत उन्होंने निर्माणाधीन आयुष चिकित्सालयों, चिकित्सालयों के उच्चारण एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर की भौतिक प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. अब्दुल बारी ने जानकारी दी कि जनपद में वर्तमान समय में अठारह आयुर्वेदिक चिकित्सालय, नौ यूनानी चिकित्सालय और बाइस होम्योपैथी चिकित्सालय संचालित हैं। इसके अतिरिक्त बारह आयुष हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर संचालित हैं तथा छह आयुष सेंटरों में हर्बल गार्डन की स्थापना की गई है जहां नियमित रूप से योग प्रशिक्षकों द्वारा योगाभ्यास भी कराया जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी आयुष चिकित्सालयों में मरीजों को मूलभूत सुविधाएँ एवं आवश्यक दवाएँ समय पर उपलब्ध कराई जाएँ। साथ ही जिन चिकित्सालयों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है उन्हें समिति के समक्ष प्रस्तुत कर शीघ्र हैंडओवर लेने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाय। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष श्रीवास्तव सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्राथमिक विद्यालय भादर से चोरी के बर्तन के साथ एक युवक गिरफ्तार

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना रामगंज पुलिस ने प्राथमिक विद्यालय भादर से चोरी की गई भट्टी चूल्हा व बर्तन के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जिसके कब्जे से चोरी के सामान बिक्री का एक हजार एक सौ रुपया बरामद हुआ है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सोमवार को थाना रामगंज पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर चोरी के मामले से सम्बन्धित हरिकेश कुमार मिश्रा पुत्र भरतलाल मिश्रा निवासी ग्राम पाठक का पुरवा मजरे भावापुर थाना रामगंज उम्र करीब पैंतालिस वर्ष को गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से एक बोरी में एक कढ़ाई, एक तवा व एक लोहे की भट्ठी बरामद हुई तथा जामातलाशी से एक हजार एक सौ रुपये बरामद हुये। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में गिरफ्तार युवक ने बताया कि उसने कुछ दिन पहले प्राइमरी स्कूल भादर से एक सिलेण्डर, एक कुकर, एक तवा, एक चूल्हा, एक कढ़ाई, एक भगौना व कुछ राशन चोरी किया था। कुकर, भगौना व सिलेण्डर को कबाड़ में बेंच दिया था जिससे प्राप्त रुपये को खर्च करने के उपरान्त आज बरामद रुपये उसी के शेष हैं। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष कृष्ण मोहन सिंह ने बताया कि सामग्री बरामदगी के आधार पर अभियोग उपरोक्त में धाराओं की बढ़ोत्तरी करते हुये जेल भेज दिया गया है।

## मकान निर्माण के दौरान डुला टूटने से राजगीर मिस्त्री गिरा

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नवनिर्मित मकान की निर्माण करते समय नगर के मोहल्ला लाइनपार साहूकारा के रहने वाले शफीक पुत्र रफीक डुला टूटने से गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गया रविवार को शफीक अहमद वमनपुरी में दो मंजिला छत पर काम कर रहे थे उन्हें उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया चोट गंभीर होने पर शफीक को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया

## सड़क निर्माण मे घटिया सामग्री का प्रयोग करने पर जताया विरोध

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूरनपुर के छोटे शेरपुर मकरंदपुर से चंदुइया जाने वाली सड़क बनने के बाद ही हाथ से उखड़ने लगी ग्रामीणों ने निर्माण में लापरवाही का आरोप लगाते हुए विरोध जताते हुए काम बंद करा दिया सड़क को हाथ से उखाड़ने का वीडियो वायरल हो रहा है चार किमी सड़क का निर्माण पीडब्ल्यूडी से कराया जा रहा है निर्माण के बाद ही सड़क हाथ से उखड़ने लगी जानकारी लगते ही सोमवार को दर्जनों ग्रामीण एकत्र हो गए उन्होंने सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग करने का आरोप लगाते हुए विरोध जताया है।

# उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की सदस्य ने गोमती सभागार में गई महिला जनसुनवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। गोमती सभागार विकास भवन पीलीभीत में सदस्यगण राज्य महिला आयोग पुष्पा पाण्डेय एवं सुनीता सैन की अध्यक्षता में जन सुनवाई का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुराग श्याम रस्तोगी द्वारा उपस्थित सदस्यगण का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। जनसुनवाई के दौरान घरेलू हिंसा, जमीनी विवाद, मारपीट इत्यादि से सम्बंधित कुल 12 शिकायतें प्राप्त हुईं, सदस्यगण द्वारा सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वह सभी शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराएं। सदस्यगण द्वारा उपस्थित सभी अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया गया कि वह ग्रामीण स्तर पर जाकर जन जागरूकता चैपालों का आयोजन करें, जिससे ग्रामीण स्तर तक भी योजनाओं का प्रचार प्रसार हो सके। जनसुनवाई के दौरान जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।मध्याह्न 12 बजे से पुष्प इंस्टीट्यूट बनकटी रोड पीलीभीत में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस तथा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पुष्पा पांडे एवं सुनीता सैनी माननीय सदस्यगण उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा प्रतिभाग किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में रेखा परिहार उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, डॉ पूनम गंगवार स्त्री रोग विशेषज्ञ, रचना भटनागर, प्रबंधक पुष्प इंस्टीट्यूट गीतिका शुक्ला प्रधानाचार्य, अनुज भटनागर, शिक्षिका रजनी जौहरी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालय की बालिकाओं द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इन बालिकाओं को एजुकेशन, हाइजीन किट देकर पुरुस्कृत किया गया। पुष्प इंस्टीट्यूट की पांच टॉपर बालिकाओं को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ लोगो युक्त बाघ प्रदान किया गया। नाटक मंडल द्वारा एक बहुत ही मनमोहक बाल विवाह अंतर्गत नाटक प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा विभाग की चार अध्यापिकाओं को, माध्यमिक शिक्षा विभाग की चार अध्यापिकाओं को, चार महिला प्रधानों को, चार आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को, उपयुक्त स्वत रोजगार विभाग की चार ब्लॉक मिशन मैनेजर, सहकारिता विभाग की एक महिला कर्मचारी, पशुपालन विभाग की एक कर्मचारी, स्वास्थ्य विभाग की चार एएनएम, ग्राम विकास विभाग की चार कर्मचारी, पुलिस मैन की चार कांस्टेबल को, स्वयं सहायता समूह की 12 साथियों को, दो कवित्रियों कुल 55 महिलाओं को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ लोगो युक्त घड़ी प्रदान की गई। सभी अतिथि गणों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ लोगो युक्त मोमेंटो प्रदान किया गया। सुनीता सैनी जी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर बोलते हुए कहा गया कि महिलाएं किसी से काम नहीं है बस सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रही है। पुष्पा पांडे ने सभी को महिला दिवस पर शुभकामनाएं देते हुए कहा महिलाएं और पुरुष दोनों एक समान है दोनों को समानता का अधिकार है। जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा सभी का धन्यवाद व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला संरक्षण अधिकारी मीनाक्षी पाठक द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पुष्प इंस्टीट्यूट, महिला कल्याण विभाग तथा बाल विकास पुष्कर विभाग द्वारा अपना अमूल्य सहयोग प्रदान किया गया।

**बालिकाओं को हाइजीन एवं एजुकेशन किट देकर किया पुरूस्कृत**

**बेसिक, माध्यमिक अध्यापिकाओं, आंगनबाडी कार्यकत्रियों, एएनम, समूहों की महिलाओं आदि को किया घड़ी देकर किया सम्मानित**

## सम्पादकीय

# ताकि बचे बचपन

डिजिटल क्षेत्र में भारत के अग्रणी राज्य कर्नाटक ने सोलह साल से कम उम्र के बच्चों को सोशल मीडिया के घातक प्रभावों से बचाने के लिये देश में सबसे पहले अनुकरणीय पहल की है। राज्य सरकार ने 2026-27 के बजट सत्र के दौरान घोषणा की है कि किशोरवय अब सोशल मीडिया का उपयोग नहीं कर सकेंगे। यह निर्णय अभिभावकों की उस चिंता को कम करता है जो अनियंत्रित डिजिटल गतिविधियों से उत्पन्न होने वाले जोखिम से परेशान थे। जिसमें साइबर बुलिंग व साइबर धोखाधड़ी भी शामिल है। कर्नाटक की पहल के बाद आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने भी विधानसभा में घोषणा की है कि अगले नब्बे दिनों के भीतर 13 साल से कम उम्र के बच्चों द्वारा सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर रोक लगा दी जाएगी। इस तरह आंध्र प्रदेश कर्नाटक के बाद ऐसा सख्त फैसला लेने वाला दूसरा राज्य बनने जा रहा है। इस प्रकार ये दो राज्य तेजी से ऑनलाइन होती दुनिया में 'किशोरों की सुरक्षा कैसे की जाए', की वैश्विक बहस में शामिल हो गए हैं। उल्लेखनीय है कि ऐसी पहल पहले आस्ट्रेलिया और फ्रांस आदि देशों में हो चुकी है। हालांकि, इन राज्यों की पहल सराहनीय है, लेकिन इस प्रतिबंध का प्रभावी क्रियान्वयन कैसे सुनिश्चित होगा, इसका प्रारूप अभी स्पष्ट नहीं है। दरअसल, देश-दुनिया के मनोवैज्ञानिक और बाल स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बार-बार चेतावनी दी है कि सोशल मीडिया का अनियंत्रित उपयोग किशोरों के मानसिक और भावनात्मक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। उल्लेखनीय है कि इस चिंता का जिक्र 2025-26 के केंद्र सरकार के आर्थिक सर्वेक्षण में भी किया गया था। कर्नाटक व आंध्र प्रदेश की यह पहल तेजी से विकसित हो रहे तकनीकी परिदृश्य के प्रति एक सुरक्षात्मक दृष्टिकोण ही दर्शाती है। लेकिन यहां सवाल उठता है कि इस कार्य योजना को अमलीजामा कैसे पहनाया जाएगा? यह हकीकत जानते हुए कि आज के डिजिटल युग में, स्मार्टफोन और ऐप्स शिक्षा, संचार और दैनिक जीवन के अभिन्न अंग बन गए हैं। यहां उल्लेखनीय है कि तमाम स्कूल असाइनमेंट और अपडेट के लिये मैसेजिंग एप्स, ऑनलाइन पोर्टल और डिजिटल प्लेटफॉर्मों पर निर्भरता बढ़ गई है। यही वजह है कि छात्रों द्वारा 'शैक्षिक' और 'सामाजिक' उपयोग के बीच अंतर करना मुश्किल साबित हो सकता है। वहीं चिंता की बात यह भी कि किशोरों की आयु का सत्यापन कैसे व्यावहारिक बनाया जा सकेगा। वहीं देखना होगा कि सोशल मीडिया को संचालित करने वाली तकनीकी कंपनियां किस हद तक इस दिशा में सहयोग करेंगी। सहयोग न मिलने पर प्रतिबंध की व्यावहारिकता पर सवालिया निशान लग सकते हैं। उन परिवारों में जहां एक ही मोबाइल फोन का परिवार के अन्य सदस्य भी उपयोग करते हैं, वहां प्रतिबंध की व्यावहारिकता पर सवाल लग सकते हैं। उल्लेखनीय है कि आस्ट्रेलिया में पहले ही सोलह साल से कम उम्र के बच्चों के लिये सोशल मीडिया के उपयोग पर प्रतिबंध लागू है। वहीं दूसरी ओर फ्रांस जैसे अन्य देश भी सख्त डिजिटल सुरक्षा नियमों को लागू करने को लेकर गंभीर हैं। इसमें दो राय नहीं कि बच्चों को बेहतर डिजिटल सुरक्षा दी जानी जरूरी है, लेकिन केवल नियमन मात्र से इस जटिल समस्या का समाधान संभव नहीं हो सकता है। इस दिशा में सार्थक परिवर्तन सरकारों, स्कूलों, तकनीकी प्लेटफॉर्मों और सबसे महत्वपूर्ण रूप से अभिभावकों के बीच एक संतुलित दृष्टिकोण पर निर्भर करेगा। हालांकि, किशोरों को सोशल मीडिया की विकृतियों से बचाने के लिये तात्कालिक पहल केंद्र सरकार की तरफ से की जाती तो उसका देशव्यापी प्रभाव होता। लेकिन इसके बावजूद यदि कर्नाटक व आंध्र प्रदेश ने इस दिशा में पहल की है तो उम्मीद की जानी चाहिए कि अन्य राज्य भी इससे प्रेरणा ले सकेंगे। फिर निश्चित तौर पर केंद्र सरकार को भी देश में एक केंद्रीय कानून लाने को बाध्य होना पड़ सकता है। वहीं केंद्र सरकार को इस मुद्दे पर विषय विशेषज्ञों और समाज के विभिन्न वर्गों से भी राय लेनी चाहिए। ऐसे वक्त में जब बच्चों का स्क्रीन टाइम एक लत के रूप में लगातार बढ़ा है तथा उनकी एकाग्रता कम होने से पढ़ाई बाधित हो रही है, तो इस संकट का समाधान केंद्र व राज्यों की प्राथमिकता होनी चाहिए।

# आभासी दुनिया से बचपन को सुरक्षित रखने की पहल

**कर्नाटक की इस पहल के तुरंत बाद आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने भी विधानसभा में घोषणा की कि राज्य में तेरह वर्ष से कम आयु के बच्चों द्वारा सामाजिक माध्यमों के उपयोग पर रोक लगाने के लिए आगामी नब्बे दिनों के भीतर कानून बनाया जाएगा। इस प्रकार आंध्र प्रदेश कर्नाटक के बाद ऐसा निर्णय लेने वाला दूसरा राज्य बनने जा रहा है। इन दोनों राज्यों की पहल केवल प्रशासनिक निर्णय भर नहीं है, बल्कि यह तेजी से आभासी होती दुनिया में बच्चों की सुरक्षा को लेकर चल रही वैश्विक बहस का हिस्सा भी है। विश्व के अनेक देशों में इस विषय पर गंभीर चिंतन हो रहा है। उदाहरण के लिए ऑस्ट्रेलिया में पहले ही सोलह वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए सामाजिक माध्यमों के उपयोग पर प्रतिबंध लागू किया जा चुका है, वहीं फ्रांस जैसे देशों में भी बच्चों की डिजिटल सुरक्षा को लेकर कठोर नियम बनाए जा रहे हैं। वास्तव में पिछले कुछ वर्षों में अनेक मनोवैज्ञानिकों और बाल स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लगातार चेतावनी दी है कि सामाजिक माध्यमों का अनियंत्रित उपयोग किशोरों के मानसिक और भावनात्मक विकास पर गंभीर प्रभाव डाल सकता है। बच्चों में आत्मविश्वास की कमी, अकेलापन, चिंता, अवसाद, ध्यान भंग होने की प्रवृत्ति तथा आक्रामक व्यवहार जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। आभासी मंचों पर लगातार तुलना और प्रदर्शन की प्रवृत्ति के कारण बच्चों के मन में हीनता और असंतोष की भावना भी जन्म लेने लगती है। यही कारण है कि भारत सरकार के 2025-26 के आर्थिक सर्वेक्षण में भी इस विषय को गंभीर चिंता के रूप में रेखांकित किया गया था। विभिन्न अंतरराष्ट्रीय अध्ययनों के अनुसार किशोरों का औसत दैनिक स्क्रीन समय लगातार बढ़ रहा है।**

डिजिटल युग में मानव जीवन की गति और स्वरूप तेजी से बदल रहा है। संचार, शिक्षा, मनोरंजन और सामाजिक संबंधों का बड़ा हिस्सा अब आभासी माध्यमों के सहारे संचालित होने लगा है। इस परिवर्तन ने जहां अनेक सुविधाएं प्रदान की हैं, वहीं विशेष रूप से बच्चों और किशोरों के मानसिक, शैक्षणिक, सामाजिक और भावनात्मक विकास के सामने नई चुनौतियां भी खड़ी कर दी हैं। इसी संदर्भ में भारत के तकनीकी रूप से अग्रणी राज्य कर्नाटक ने एक महत्वपूर्ण और अनुकरणीय पहल करते हुए सोलह वर्ष से कम आयु के बच्चों को सामाजिक माध्यमों के उपयोग से दूर रखने का निर्णय लिया है। राज्य सरकार ने 2026-27 के बजट सत्र में यह घोषणा की कि किशोर आयु वर्ग के बच्चों द्वारा सामाजिक माध्यमों के उपयोग पर रोक लगाने के लिए कठोर नियम बनाए जाएंगे। यह निर्णय अभिभावकों की उस चिंता को कम करता है जो अनियंत्रित डिजिटल गतिविधियों से उत्पन्न होने वाले जोखिम से परेशान थे। जिसमें साइबर बुलिंग व साइबर धोखाधड़ी भी शामिल है। इस पहल का उद्देश्य बच्चों को आभासी दुनिया के दुष्प्रभावों से बचाना और उनके स्वस्थ मानसिक विकास को सुनिश्चित करना है। एक अनुकरणीय पहल है, जिससे प्रेरणा लेते हुए अन्य प्रांतों को भी बचपन को सोशल मीडिया के खतरों से बचाने की दिशा में सार्थक उपक्रम करने चाहिए।

कर्नाटक की इस पहल के तुरंत बाद आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने भी विधानसभा में घोषणा की कि राज्य में तेरह वर्ष से कम आयु के बच्चों द्वारा सामाजिक माध्यमों के उपयोग पर रोक लगाने के लिए आगामी नब्बे दिनों के भीतर कानून बनाया जाएगा। इस प्रकार आंध्र प्रदेश कर्नाटक के बाद ऐसा निर्णय लेने वाला दूसरा राज्य बनने जा रहा है। इन दोनों राज्यों की पहल केवल प्रशासनिक निर्णय भर नहीं है, बल्कि यह तेजी से आभासी होती दुनिया में बच्चों की सुरक्षा को लेकर चल रही वैश्विक बहस का हिस्सा भी है। विश्व के अनेक देशों में इस विषय पर गंभीर चिंतन हो रहा है। उदाहरण के लिए ऑस्ट्रेलिया में पहले ही सोलह वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए सामाजिक माध्यमों के उपयोग पर प्रतिबंध लागू किया जा चुका है, वहीं फ्रांस जैसे देशों में भी बच्चों की डिजिटल सुरक्षा को लेकर कठोर नियम बनाए जा रहे हैं। वास्तव में पिछले कुछ वर्षों में अनेक मनोवैज्ञानिकों और बाल स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लगातार चेतावनी दी है कि सामाजिक माध्यमों का अनियंत्रित उपयोग किशोरों के मानसिक और भावनात्मक विकास पर गंभीर प्रभाव डाल सकता है। बच्चों में आत्मविश्वास की कमी, अकेलापन, चिंता, अवसाद, ध्यान भंग होने की प्रवृत्ति तथा आक्रामक व्यवहार जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। आभासी मंचों पर लगातार तुलना और प्रदर्शन की प्रवृत्ति के कारण बच्चों के मन में हीनता और असंतोष की भावना भी जन्म लेने लगती है। यही कारण है कि भारत सरकार के 2025-26 के आर्थिक सर्वेक्षण में भी इस विषय को गंभीर चिंता के रूप में रेखांकित किया गया था। विभिन्न अंतरराष्ट्रीय अध्ययनों के अनुसार किशोरों का औसत दैनिक स्क्रीन समय लगातार बढ़ रहा है। अनेक सर्वेक्षण बताते हैं कि कई देशों में तेरह से अठारह वर्ष आयु वर्ग के बच्चे प्रतिदिन तीन से छह घंटे तक आभासी माध्यमों पर समय बिताते हैं। इसका प्रत्यक्ष प्रभाव उनकी पढ़ाई, नींद, पारिवारिक संवाद और शारीरिक गतिविधियों पर पड़ता है। ध्यान और एकाग्रता की क्षमता में कमी आने से अध्ययन की गुणवत्ता प्रभावित होती है। बच्चों का स्वाभाविक बचपन, जो खेलकूद, मित्रता और प्रकृति के साथ जुड़ाव से समृद्ध होता है, वह धीरे-धीरे कृत्रिम आभासी संसार में सिमटता जा रहा है। इसके अतिरिक्त आभासी माध्यमों के माध्यम से साइबर उत्पीड़न और साइबर धोखाधड़ी जैसी समस्याएं भी तेजी से बढ़ रही हैं। कई बार बच्चे अनजाने में ऐसे जाल में फंस जाते हैं जिससे उनका मानसिक संतुलन और सुरक्षा दोनों प्रभावित होते हैं। इंटरनेट पर उपलब्ध अनुचित सामग्री भी बच्चों के मनोविज्ञान पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है। इन सभी परिस्थितियों को देखते हुए यह स्पष्ट हो गया है कि बच्चों की सुरक्षा के लिए आभासी दुनिया के बढ़ते प्रचलन पर केवल जागरूकता पर्याप्त नहीं है, बल्कि ठोस नीतिगत कदम उठाने की आवश्यकता है। हालांकि कर्नाटक और आंध्र प्रदेश की पहल सराहनीय है, किंतु इसके प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर अनेक व्यावहारिक प्रश्न भी सामने आते हैं। आज के समय में स्मार्टफोन और विभिन्न अनुप्रयोग शिक्षा और दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुके हैं। अनेक विद्यालय असाइनमेंट, सूचना और संवाद के लिए डिजिटल माध्यमों का उपयोग करते हैं। ऐसे में यह निर्धारित करना कठिन हो सकता है कि किसी बच्चे द्वारा किया गया उपयोग शैक्षिक उद्देश्य से है या सामाजिक उद्देश्य से। दूसरा महत्वपूर्ण प्रश्न आयु सत्यापन की प्रक्रिया से जुड़ा हुआ है। यह सुनिश्चित करना कि कोई बच्चा वास्तव में तेरह या सोलह वर्ष से कम आयु का है, तकनीकी दृष्टि से एक जटिल कार्य है। यदि तकनीकी कंपनियां इस दिशा में सहयोग नहीं करती हैं तो नियमों को प्रभावी ढंग से लागू करना कठिन हो सकता है। अनेक परिवारों में एक ही मोबाइल फोन का उपयोग परिवार के कई सदस्य करते हैं, ऐसे में बच्चों द्वारा सामाजिक माध्यमों तक पहुंच को पूरी तरह रोकना भी चुनौतीपूर्ण हो सकता है। फिर भी इन कठिनाइयों के बावजूद यह पहल अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह समाज को एक गंभीर समस्या की ओर ध्यान दिलाती है। वास्तव में बच्चों को आभासी माध्यमों के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए केवल प्रतिबंध पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि एक संतुलित और व्यापक दृष्टिकोण एवं जागरूकता अभियान अपनाना आवश्यक होगा। इसमें सरकारों, विद्यालयों, तकनीकी मंचों और अभिभावकों की समान रूप से महत्वपूर्ण भूमिका होगी। सरकारों को चाहिए कि वे बच्चों की डिजिटल सुरक्षा के लिए स्पष्ट नीतियां बनाएं और तकनीकी कंपनियों के साथ मिलकर ऐसी व्यवस्था विकसित करें जिसमें बच्चों की आयु का सत्यापन प्रभावी ढंग से किया जा सके। विद्यालयों को भी छात्रों को डिजिटल अनुशासन और जिम्मेदार उपयोग के बारे में शिक्षित करना चाहिए। अभिभावकों की भूमिका तो सबसे महत्वपूर्ण है क्योंकि बच्चों के व्यवहार और आदतों का निर्माण परिवार में ही होता है। यदि माता-पिता स्वयं डिजिटल संयम का उदाहरण प्रस्तुत करें और बच्चों के साथ संवाद बनाए रखें, तो आभासी माध्यमों के दुष्प्रभावों को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इसके साथ ही बच्चों को रचनात्मक और सृजनात्मक वातावरण प्रदान करना भी आवश्यक है। खेलकूद, पठन-पाठन, संगीत, कला और प्रकृति के साथ जुड़ाव जैसी गतिविधियां बच्चों के व्यक्तित्व को संतुलित और समृद्ध बनाती हैं। यदि बचपन में ही इन सकारात्मक आदतों का विकास किया जाए तो बच्चे स्वाभाविक रूप से आभासी माध्यमों पर निर्भरता से दूर रह सकते हैं। समाज को भी इस दिशा में सकारात्मक पहल करनी चाहिए ताकि बच्चों के लिए स्वस्थ और प्रेरणादायक वातावरण तैयार किया जा सके। आज यह स्पष्ट हो चुका है कि डिजिटल क्रांति के साथ-साथ डिजिटल अनुशासन की भी आवश्यकता है। तकनीक का उद्देश्य मानव जीवन को समृद्ध बनाना होना चाहिए, न कि उसे मानसिक और सामाजिक संकटों की ओर धकेलना। कर्नाटक और आंध्र प्रदेश की पहल इस दिशा में एक महत्वपूर्ण चेतावनी और प्रेरणा दोनों है। यदि अन्य राज्य भी इससे प्रेरणा लेकर बच्चों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाएं और केंद्र सरकार इस विषय पर राष्ट्रीय स्तर का कानून बनाने पर विचार करे, तो यह भविष्य की पीढ़ियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो सकता है। लगातार बिगड़ती स्थितियों के बीच निश्चित तौर पर केंद्र सरकार को भी देश में एक केंद्रीय कानून लाने को बाध्य होना पड़ सकता है। वहीं केंद्र सरकार को इस मुद्दे पर विषय विशेषज्ञों और समाज के विभिन्न वर्गों से भी राय लेनी चाहिए। ऐसे वक्त में जब बच्चों का स्क्रीन टाइम एक लत के रूप में लगातार बढ़ा है तथा उनकी एकाग्रता कम होने से पढ़ाई बाधित हो रही है, तो इस संकट का समाधान केंद्र व राज्यों की प्राथमिकता होनी चाहिए। वास्तव में बच्चों का बचपन केवल आभासी दुनिया में खो जाने के लिए नहीं है। उनका बचपन कल्पनाओं, खेल, सीखने और सृजन की संभावनाओं से भरा हुआ होना चाहिए। यदि समाज और शासन मिलकर यह सुनिश्चित कर सकें कि बच्चों का बचपन सुरक्षित, संतुलित और सृजनात्मक वातावरण में विकसित हो, तभी हम एक स्वस्थ, संवेदनशील और सशक्त भविष्य की कल्पना कर सकते हैं। **-ललित गर्ग**

# जीतने वाले की सदा ही जय जय

**सुधाकर आशावादी**

**ताज्जुब तो तब होता है, कि जब सोशल मीडिया खिलाड़ियों के खेल को नहीं, बल्कि उसकी जाति को जीत या हार का श्रेय देने लगता है। सोशल मीडिया पर टीम का चयन कर दिया जाता है, वह भी बिना चयनकर्ताओं की मर्जी के। किसी मैच में किसी भी खिलाड़ी के फ्लॉप प्रदर्शन पर त्वरित टिप्पणी करके उसकी जाति से उसके चयन पर ही सवाल खड़े किए जाते हैं।**

हिचकोले खाते खाते आखिर नैया पार हो ही गई और भारत फटाफट क्रिकेट का चक्रवर्ती सम्राट बन गया। क्रिकेट और हॉकी में यही अंतर है, कि हॉकी बाई प्रैक्टिस होती है और क्रिकेट बाईचांस। क्रिकेट में बाइचांस बहुत कुछ होता है। कभी कभी कोई कमजोर समझी जाने वाली टीम दिग्गज कही जाने वाली टीम के छक्के छुड़ा देती है और कभी कोई दिग्गज खिलाड़ी शून्य पर आउट होकर बत्तख बन जाता है। खिलाड़ी का भी ख़ास दिन होता है, गेंद बल्ले के खेल में कब किस खिलाड़ी की बल्ले बल्ले हो जाए, खिलाड़ी खुद नहीं जानता। कब किसी खास टीम के लिए अभिशप्त समझे जाने वाले खेल मैदान में कोई कर्मयोगी टीम टोने टोटके और मिथकों को धराशायी करके आलोचकों का मुंह बंद कर दे, इसकी भविष्यवाणी भी नहीं की जा सकती। एक दौर था कि जब हर कोई पत्रकार या खेल समीक्षक नहीं हुआ करता था। खेल की समीक्षा चाय की दुकान और पान के खोखे की परिधि से बाहर नहीं निकल पाती थी। सोशल मीडिया का तो नामोनिशान न था लेकिन आजकल जिसे घर में प्लास्टिक के बल्ले और प्लास्टिक की बॉल से क्रिकेट खेलना नहीं आता है, वह भी स्वयं को क्रिकेट का विशेषज्ञ समझता है। क्रिकेट में हर बॉल और हर शॉट पर सोशल मीडिया की नजर रहती है। खेल के परिणाम से पहले ही स्वयंभू विश्लेषक जीत हार की भविष्यवाणी कर देते हैं। खेल शुरू होने से पहले ही मनचाही टीम को विजयी घोषित कर देते हैं। बहरहाल खिलाड़ियों पर इसका कोई असर नहीं पड़ता। खिलाड़ी यदि सभी की बातों पर ध्यान देने लगे या किसी ज्योतिषी की भविष्यवाणी को सच मानने लगे, तो मैदान में उतरने से पहले सौ बार सोचना उसकी मज़बूरी बन जाएगी।

ताज्जुब तो तब होता है, कि जब सोशल मीडिया खिलाडियों के खेल को नहीं, बल्कि उसकी जाति को जीत या हार का श्रेय देने लगता है। सोशल मीडिया पर टीम का चयन कर दिया जाता है, वह भी बिना चयनकर्ताओं की मर्जी के। किसी मैच में किसी भी खिलाड़ी के फ्लॉप प्रदर्शन पर त्वरित टिप्पणी करके उसकी जाति से उसके चयन पर ही सवाल खड़े किए जाते हैं। टूर्नामेंट में फाइनल तक पहुँचने के लिए सभी टीमें एड़ी से चोटी तक का जोर लगाती हैं, फिर भी दिग्गज खिलाडियों से सन्नद्ध कोई टीम टूर्नामेंट के सेमी फाइनल में स्थान बनाने से वंचित रह जाती है। कोई कमजोर समझी जाने वाली टीम फाइनल तक पहुँचने की दौड़ में बनी रहती है। किसी टीम का जब समय ख़राब होता है, तो विशेषज्ञ कहे जाने वाले खिलाड़ी ग्राउंड फील्डिंग में कैच छोड़ने लगते हैं, बॉलर पिटने लगते हैं। जब पिटने लगते हैं, तब उन्हें दिन में तारे नजर आने लगते हैं। पकड़ो कैच जीतो मैच का सूत्र फ्लॉप हो जाता है। एक समय था, जब फील्डिंग की प्रैक्टिस अधिक की जाती थी, फील्डिंग के आधार पर कोई खिलाड़ी टीम इलेविन में स्थान बना लेता था। अब केवल बैटिंग और बॉलिंग विशेषज्ञ अधिक रखे जाते हैं, हिट मैन हिट तो बखूबी करता है, लेकिन फील्डिंग के लिए फिट नहीं होता, कैच टपकाता है और मैच गंवाता है। फिर भी यदि मुकद्दर में जीत है, तो खिलाड़ी सिकंदर बन ही जाते हैं। जीत का सेहरा कप्तान के सर पर बँधता है। जबकि परिश्रम पूरी टीम का होता है। रिकार्ड बनते हैं, बिगड़ते हैं। क्रिकेट में कब कौन हारते हारते जीत जाए, पहले से निश्चित नहीं होता, यही क्रिकेट की विशेषता है। वैसे खेल चाहे कोई भी हो, जीत हार खेल के अंग होते हैं, जीत किसी की कभी स्थाई नहीं होती, पर जीतने वाले की सदा ही जै जै होती है।

## सेहत मंत्र

# सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है ज्यादा उबासी आना


हमें जब नींद ज्यादा आती है या फिर हमें थकान ज्यादा महसूस होती है तो उबासी आती है। लेकिन नींद पूरी होने के बावजूद और थकान भी नहीं होने पर भी बार-बार उबासी आना सेहत के लिए खतरनाक है। दिन भर में 3 से 4 बार उबासी आना आम बात है, लेकिन कुछ लोगों को जरूरत से ज्यादा उबासियां आने लगती हैं। उबासी आने के कई कारण होते हैं जैसे अधिकतर थकान, उनींदापन, किसी भी चीज में अरुचि के कारण भी उबासी आने लगती है। बॉडी में ऑक्सीजन की कमी होने से भी उबासी आती है। उबासी का ज्यादा आना आपकी सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है। आइए जानते हैं कि ज्यादा उबासी आने का कारण क्या है और इसका उपचार कैसे है। लीवर खराब होने पर ज्यादा थकावट होने लगती है। थकान महसूस होने पर उबासी आती है। डॉक्टर्स के अनुसार, दिल और फ़ेफड़ों की बीमारियों के कारण भी ज्यादा उबासियां आने लगती हैं। जब दिल और फ़ेफड़े सही तरह से काम नहीं करते तो अस्थमा की समस्या होने लगती है। अगर समय रहते इसका इलाज करवाया जाए तो परेशानी से बचा जा सकता है। कुछ अध्ययनों के अनुसार, ब्रेन स्टेम में जख्म की वजह से ज्यादा उबासियां आने लगती हैं। पिट्यूटरी ग्लैंड दब जाने के कारण भी ऐसा होता है। बीपी और दिल की धड़कन का कम होना भी उबासी बढ़ाता है। तनाव से भी अक्सर लोगों का ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है। ऐसा होने पर ऑक्सीजन ब्रेन तक नहीं पहुंच पाती। इस स्थिति में उबासी के जरिए शरीर में ऑक्सीजन पहुंचती है। यदि शरीर में ब्लड ग्लूकोज का लेवल कम हो जाए, तो समझ लीजिए कुछ गड़बड़ है। उबासी आना हाइपोग्लाइसीमिया का शुरुआती संकेत होता है। ब्लड में ग्लूकोज लेवल कम होने से उबासी आनी शुरू हो जाती है। बार-बार उबासी आना हाइपोथायरॉइडिज्म की निशानी हो सकती है। शरीर में थाइरॉयड हॉर्मोन कम बनने पर ऐसा होता है। बोरियत उबासी का सबसे बड़ा कारण है। जब आप बोर होते हैं तो ज्यादा उबासी आती है। ऐसी स्थिति में थोड़ी देर विराम लें, अपनी सीट छोड़ें, और अपने आपको दूसरे कामों में लगाएं। थकान के कारण उबासी आती है इसलिए पानी पीना भी इससे छुटकारा पाने का एक अच्छा तरीका है। पानी आपके शरीर को हाइड्रेट करेगा और आप तरोताजा महसूस करेंगे।

## धर्म मंत्र

# सुख-समृद्धि के लिए पूजन कर गणपति से मांगे आशीर्वाद

भगवान गणेश को प्रसन्न करने के लिए विनायक या विनायकी चतुर्थी और संकष्टी चतुर्थी का व्रत और पूजन किया जाता हैं। पुराणों के अनुसार शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को विनायक तथा कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को संकष्टी चतुर्थी कहते हैं। कई स्थानों पर इस दिन को वरद विनायक चतुर्थी के नाम से भी जाना जाता है। मान्यता है कि इस दिन श्री गणेश की पूजा दोपहर या मध्याह्न में करनी चाहिए। अमावस्या के बाद आने वाली विनायकी चतुर्थी को श्रीगणेश का पूजन-अर्चन करना अत्यंत लाभदायी माना गया है। इस दिन गणेश की उपासना करने से घर में सुख-समृद्धि, धन-दौलत और आर्थिक संपन्नता के साथ-साथ ज्ञान एवं बुद्धि की प्राप्ति भी होती है। इस बसर ये पर्व 10 मार्च, रविवार को मनाया जायेगा। हिंदु मान्यताओं के अनुसार श्रीगणेश के आर्शिवाद से जीवन के सभी कार्य संभव हो जाते हैं। इसीलिए उनको विघ्नहर्ता कहा जाता है, जो आपके सभी दुःखों को हर लेता है। इन्हीं श्री गणेश को प्रसन्न करने के लिए विनायक या विनायकी चतुर्थी और संकष्टी गणेश चतुर्थी का व्रत किया जाता हैं। हिन्दु पंचांग में प्रत्येक चन्द्र मास में दो चतुर्थी होती है, और हिन्दु धर्मग्रन्थों के अनुसार चतुर्थी तिथि को भगवान गणेश की तिथि माना गया है। इस दिन श्री विनायक का पूजन करने के लिए प्रात काल उठकर नित्य कर्म से निवृत्त होकर स्नान करें और यदि संभव हो तो लाल रंग के वस्त्र धारण करें। भगवान को प्रणाम करें और उनके व्रत एवम् पूजा का संकल्प करें।

## पर्यटन



# सऊदी अरब के पांच ठिकाने हैं वेकेशन के लिए बेस्ट

सऊदी एक प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर बहुत ही खूबसूरत देश है। कोरोना महामारी के चलते भले ही पिछला साल पर्यटन के मामले में कुछ खास नहीं रहा लेकिन वैसे यह देश पूरे साल दुनियाभर के पर्यटकों के स्वागत के लिए खुला रहता है। यहां आप खूबसूरत नज़ारों को देखने के साथ ही हर तरह की खरीददारी का भी लुत्फ उठा सकत हैं। रैड सी यानि लाल सागर के क्रिस्टल जैसे पारदर्शी पानी के साथ यह देश असंख्य कोरल्स से घिरा है। रियाध के बाहरी इलाके में दिरियाह की युनेस्को साईट वर्ल्ड हेरिटेज साईट है, जहां प्राचीन सत्तारूढ़ अल सऊद परिवार का शासन है। यहां आपको रास्ते में ईंटों से बने घर मिलेंगे जो कई पीढ़ियों की जीवनशैली पर रोशनी डालते हैं। अगर आप सऊदी संस्कृति और इतिहास के बारे में जानना चाहते हैं तो सऊदी म्युज़ियम और सलवा पैलेस जाएं, यहां बड़ी संरचनाएं आपका मन मोह लेंगी। हरियाली और तालाबों से घिरे रेस्तरां और कॉफी शॉप में आप पारम्परिक व्यंजनों का लुत्फ़ उठा सकते हैं। अलउला एक शानदार डेस्टिनेशन है जिसका 200,000 साल पुराना मानव इतिहास है। इसे प्राकृतिक चट्टानों के निर्माण, आधुनिक वास्तुकला और हेगरा के लिए जाना जाता है, जो सऊदी की सबसे विख्यात तस्वीरों में शुमार हैं। यहां आपका नाबातियन सभ्यता से प्रेरित सैंकड़ों मोनोलिथिक चट्टाने मिलेंगी जो कभी कब्रगाह थीं। आप आस-पास की दरारों और चट्टानों पर अंकित प्राचीन शिलालेखों से क्षेत्र के इतिहास के बारे में भी जान सकते हैं। दुनिया की सबसे इंस्टाग्रामेबल इमारतों में से एक मिरर-क्लैड कॉन्सर्ट हॉल को देखकर आप अचंभित हो जाएंगे। जेद्दाह के प्राचीन केन्द्र, ब्राईड ऑफ द रैड सी, का निर्माण 7वीं सदी में मक्का जाने वाले तीर्थयात्रियों को ध्यान में रखते हुए किया गया। मक्का का यह नवीनीकृत किया गया गेट आज एक अनूठे प्रवेश द्वारा की भूमिका निभाता है तथा आधुनिक एवं प्राचीन वास्तुकला का बेजोड़ संयोजन है। आप रंगीन सॉक अल अलावी, सउदी के सबसे बड़ी सॉक का अनुभव पा सकते हैं जिन्हें संकरी गलियों, रंग-बिरंगे कैलीडोस्कोप और विदेशी मसालों की खुशबु के लिए जाना जाता है। यहां आप को 500 साल पुरानी इमारतों के साथ हेरिटेज घर, गैलेरियां और म्युज़ियम मिलेंगे, जिन्हें रैड सी (लाल सागर) के कोरल से बनाया गया है।

# मिथुन रावत हत्याकांड, आरोपी गिरफ्तार प्रशासन का चला बुलडोजर

कैनविज टाइम्स संवाददाता





फतेहपुर बाराबंकी। कुर्सी थाना क्षेत्र में युवक की हत्या के मामले में पुलिस और प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ ही उनके अवैध निर्माणों पर बुलडोजर चलाकर उन्हें गिरा दिया गया। जानकारी के अनुसार लखनऊ जनपद के महिगवां थाना क्षेत्र के श्रीराम पुरवा गांव निवासी 20 वर्षीय मिथुन रावत पुत्र छविनाथ रावत की शुक्रवार देर रात को हत्या कर दी गई थी। आरोप है कि हमलावरों ने धारदार हथियार से वार कर उसकी हत्या करने के बाद शव को कुर्सीऽइटौंजा मार्ग के पास दुर्री पुरवा के निकट गेहूं खेत में फेंक दिया था। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई थी। मृतक की मां मंजू देवी की तहरीर पर पुलिस ने कई लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए कुर्सी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इसी क्रम में प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए नामजद आरोपियों के आधा दर्जन से अधिक अवैध निर्माणों को बुलडोजर से ध्वस्त करा दिया। कार्रवाई के दौरान क्षेत्र में पुलिस बल तैनात रहा। घटना के बाद रविवार को क्षेत्रीय विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा भी पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे थे और परिजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा था कि दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा और उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाएगी। थाना कुर्सी प्रभारी निरीक्षक कृष्णकांत सिंह ने बताया कि मामले में आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। साथ ही आरोपितों के आधा दर्जन से अधिक अवैध निर्माण को भी प्रशासन द्वारा गिराया गया है।

## जनता को समर्पित किया कल्याण मंडल, मंत्री सतीश ने काटा फीता



रामसनेहीघाट बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। आदर्श नगर पंचायत रामसनेहीघाट में तीन करोड़ 25 लाख की लागत से निर्मित कल्याण मण्डप का लोकार्पण सोमवार को खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने पूजन- अर्चन पश्चात फीता काट कर उद्घाटन किया।मंत्री ने कहा कि ये मण्डप हर वर्ग के लिए उपयोगी होगा, खासकर गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए बड़ी राहत है।अब विवाह और अन्य कार्यक्रमों के लिए महंगे दाम पर निजी मैरिज लान की बुकिंग नहीं करानी पड़ेगी। भाजपा सरकार जनता की हर सुविधाओ के लिए निरंतर कार्य कर रही है।इस अवसर पर बनीकोडर मंडल अध्यक्ष नीरज सिंह, भाजपा नेता जवाहर लाल वर्मा,दीपक वर्मा सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे ।

## धनुष यज्ञ रामलीला का शुभारंभ



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। ग्राम पंचायत रसूलपुर में तीन दिवसीय धनुष यज्ञ रामलीला कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। रविवार रात को इस कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मां भगवती नाटक कला परिषद, दरभंगा, बिहार के कलाकारों ने पहले दिन ताड़का वध लीला का मंचन किया।रामलीला धनुष यज्ञ के पहले दिन भव्य झांकियां प्रदर्शित की गईं। इनमें भारत माता की झांकी दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही। कलाकारों ने रामजन्म ताड़का वध की कथा को जीवंत रूप से प्रस्तुत किया। सोमवार दोपहर चार बजे से गंगा स्नान, फुलवारी नगर भ्रमण सहित विभिन्न लीलाओं का मंचन किया गया।यह कार्यक्रम देवी मंदिर स्थल पर ग्राम प्रधान तेज नारायण सोनकर और स्थानीय ग्रामीणों द्वारा आयोजित किया जाता है।

## प्रशिक्षण में सम्मिलित हुए प्रधान सचिव व मास्टर ट्रेनर

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। ब्लॉक सभागार सिरौलीगौसपुर में आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में ग्राम प्रधानों, पंचायत सचिवों और पंचायत सहायकों ने भाग लिया। मास्टर ट्रेनर रितिका सोनकर ने सभी प्रतिभागियों को पंचायत से संबंधित विभिन्न विषयों पर जानकारी दिया।यह प्रशिक्षण राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के तहत आयोजित किया गया।जिसमें ग्राम पंचायत विकास योजना, ब्लॉक पंचायत विकास योजना, और जिला पंचायत विकास योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहायक विकास अधिकारी पंचायत मनोज मिश्रा, पंचायत सचिव राजेश कुमार, कुलदीप वर्मा, सुरेश कुमार यादव, तेजभान, रवि कुमार, अरविंद कुमार, आशीष कुमार , मनीष शुक्ला, सतीश वर्मा,और विवेक कुमार उपस्थित रहे। इनके अतिरिक्त, प्रधान बेनी प्रसाद वर्मा, रिजवान किदवई, राम प्रताप वर्मा, धर्मेंद्र कुमार वर्मा, सद्दाम हुसैन सहित कई अन्य ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव और पंचायत सहायक भी मौजूद थे।

## भाकियू की मासिक बैठक, आलू भंडारण पर विमर्श

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट ने सिरौलीगौसपुर ब्लॉक परिसर में मासिक बैठक आयोजित की। इसमें किसानों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई और खंड विकास अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा गया यह बैठक सोमवार को दोपहर 12 बजे से एक बजे तक आयोजित हुई, जिसमें दर्जनों किसान कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष राम प्रताप वर्मा ने की।इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष रामसजीवन वर्मा ने संगठन के पदाधिकारियों और किसानों को संबोधित किया। उन्होंने सिसौली में आयोजित किसान पाठशाला में पहुंचने, रक्तदान करने और आलू भंडारण की दरें न बढ़ाने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की।बैठक के बाद, ब्लॉक अध्यक्ष राम प्रताप वर्मा ने किसानों की मांगों से संबंधित एक ज्ञापन खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता को सौंपा। खंड विकास अधिकारी ने किसान नेताओं को आश्वासन दिया कि उनका पत्र जिलाधिकारी को भेजा जाएगा।इस मौके पर मोहम्मद जीशान, मंगल यादव, राम उदेश गुप्ता, वीरेंद्र सिंह, ओमप्रकाश वर्मा, प्रधान सिराजुद्दीन, रामकेदार, संजय, बुधराम और जगजीवन सहित कई किसान कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी सम्मिलित हुए मंत्री सतीश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामसनेही घाट बाराबंकी। विकासखंड बनीकोडर क्षेत्र अंतर्गत कोटवा सड़क में जानकी प्रसाद वर्मा मेमोरियल महाविद्यालय में ग्राम प्रधान और स्थानीय निकाय के सदस्यों की ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी में शिक्षा व्यवस्था और विकास पर चर्चा हुई।कार्यक्रम में राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा और ब्लॉक प्रमुख उर्मिला वर्मा बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। खण्ड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार राय ने उन्हें राम दरबार भेंट कर सम्मानित किया।मंत्री ने शिक्षा व्यवस्था और विद्यालयों के विकास में जनप्रतिनिधियों और समुदाय की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने मिशन कायाकल्प और निपुण योजना के बारे में भी जानकारी दी।निपुण बच्चों और उनके शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ चंद्रशेखर वर्मा, पीजी कॉलेज के प्रबंधक डॉ राधे लाल वर्मा, बीडीओ डॉ विनय कुमार मिश्र, एडीओ पंचायत शैलेंद्र दुबे,कोटवा सड़क सचिव विवेक वर्मा, बाजपुर प्रधान पिंकू सिंह,मेडुवा प्रधान अजय सिंह,मुंसेपुर प्रधान प्रतिनिधि चंद्रेश वर्मा,राजेश सिंह,चन्द्रशेखर सिंह,सोम प्रकाश मिश्र,एआरपी अनिल कुमार, समस्त नोडल संकुल व विद्यालयों के प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे।

# दीनी हुक्म है, गरीबों बेसहारा लोगों की मदद : रियाज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी।नगर पंचायत के मोहल्ला इस्लामनगर की मस्जिद में हाजी गुड्डू बर्तन वाले द्वारा आयोजित भव्य रोज़ा इफ्तार पार्टी के दौरान पूर्व चेयरमैन रियाज़ अहमद ने कहा कि रोजा रखकर, रोजेदारों को इफ्तार कराने सौहार्द बनता है तो वहीं उन्नति व प्रगति का मार्ग प्रशस्त होता है और धर्म के अनुसार सवाब मिलता है। उन्होंने ने आगे कहा कि इस माह में रोजा नमाज इबादत तिलावत के साथ साथ गरीबों बे सहारों की मदद करने का हुक्म है, जिसे लेकर लोग गरीबों को जकात सदका आदि देकर इस माह में मदद करते है। इसी क्रम में हाजी जमील, हाजी गुड्डू से बात करने पर बताया गया कि हर वर्ष रमजान के माह में इफ्तार कराया जाता है।इस मौके पर दानिश तैयब खान खालिद कुरैशी शहाबुद्दीन सिद्दीकी,अनस, हाजी अलीम, सहवार हुसैन, परवेज खान जावेद खान हुसैन अली खान,सहित भारी संख्या में लोगों की मौजूदगी में एक साथ हाथ उठाकर देश दुनियां में अमन-चैन भाईचारा कायम रहने की दुआ की गयी।

## वन विभाग की मिली भगत से प्रतिबंधित पेड़ों का कटन जोरों पर कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति

सिद्धौर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सिद्धौर ब्लॉक क्षेत्र के अमरसेवां गांव में प्रतिबंधित गुलर के पेड़ों का अवैध कटान लगातार जारी है। करीब दस दिन पहले नौ पेड़ काटे गए थे, जिनमें से वन विभाग की जांच में सात प्रतिबंधित पेड़ों के कटान की पुष्टि भी हुई थी, लेकिन इसके बावजूद अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई। वन विभाग की लापरवाही के चलते क्षेत्र के वन माफियाओं ने सोमवार को उसी स्थान पर तीन और प्रतिबंधित गुलर के पेड़ काट दिए। इस तरह अब तक कुल 12 प्रतिबंधित पेड़ों का कटान हो चुका है।सूचना मिलने पर क्षेत्रीय वनाधिकारी के निर्देश पर स्थानीय वन कर्मियों द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की जा रही है।ग्रामीणों का आरोप है कि लगातार हो रहे अवैध कटान और ठेकेदारों पर कार्यवाही न होने से उनके हौसले बुलंद हैं। उनका कहना है कि ठेकेदार वन विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों और स्थानीय पुलिस की परवाह किए बिना खुलेआम पेड़ों का कटान कर रहे हैं। इस संबंध में क्षेत्रीय वनरक्षक जगदंबिका (पप्पू) ने बताया कि पेड़ों की कटान के मामले में अभी तक पूरी धनराशि जमा नहीं हुई है और न ही जुर्माने से संबंधित कोई रसीद काटी गई है। उन्होंने बताया कि सोमवार को एक और प्रतिबंधित गुलर के पेड़ के कटान की सूचना मिली है।

## वन विभाग की लापरवाही से चौकी परिसर में ही सूख गए सैकड़ों पौधे

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। हरख वन क्षेत्र में वृक्षारोपण कार्यक्रम के प्रति वन विभाग की गंभीर लापरवाही सामने आई है। चौकी परिसर में लगाए जाने के लिए मंगाए गए सागौन और टी प्रजाति के सैकड़ों पौधे समय पर रोपण और देखभाल के अभाव में सूख गए।जानकारी के अनुसार वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत बड़ी संख्या में पौधे लगाए जाने थे, जिसके लिए विभाग द्वारा पहले ही पौधों को चौकी परिसर में मंगाकर रख दिया गया था। लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों की उदासीनता के कारण इन पौधों को समय पर नहीं लगाया गया। लंबे समय तक चौकी परिसर में ही पड़े रहने और देखभाल न होने के कारण अधिकांश पौधे सूखकर नष्ट हो गए। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि यदि इन पौधों को समय रहते लगाया जाता तो क्षेत्र में हरियाली बढ़ती और पर्यावरण को भी लाभ मिलता। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि क्षेत्रीय वन दरोगा तुषार ने इस मामले में कोई गंभीरता नहीं दिखाई, जिसके चलते वृक्षारोपण अभियान का उद्देश्य ही अधूरा रह गया।

ग्रामीणों ने विभाग से पूरे मामले की जांच कराने और लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## बकाया मानदेय की मांग, मनरेगा कर्मियों ने जताई असमर्थता

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। मनरेगा कर्मचारी महासंघ प्रांतीय आवाहन पर विकासखंड निंदूरा के मनरेगा कर्मचारियों ने बकाया मानदेय, और ईपीएफ भुगतान न होने पर नाराज़गी जताते हुए कार्य करने में असमर्थता व्यक्त की। कर्मचारियों ने जिला अधिकारी को संबोधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी को सौंपा और जल्द भुगतान की मांग की। कर्मचारियों का कहना है कि दीपावली और होली जैसे बड़े त्योहार बीत जाने के बावजूद उन्हें अब तक मानदेय नहीं मिला है। इसके बावजूद विभागीय अधिकारियों द्वारा एग्री स्टॉक, क्रॉप सर्वे, एसआईआर, फार्मर रजिस्ट्री, ईकेवाईसी सहित कई अन्य कार्य कराए जा रहे हैं, जिनका अलग से कोई भुगतान नहीं होता। इससे मनरेगा कर्मियों का शोषण हो रहा है और उनमें गहरा रोष व्याप्त है। कर्मचारियों ने बताया कि मनरेगा कर्मियों की मेहनत के कारण पूरे देश में उत्तर प्रदेश को मानव दिवस सृजन में प्रथम स्थान मिला है, लेकिन प्रशासनिक मद के दुरुपयोग के चलते पिछले आठ महीनों से मानदेय और ईपीएफ का भुगतान नहीं किया गया है। मनरेगा कर्मियों ने संविधान के अनुच्छेद 21 में वर्णित जीवन के अधिकार का हवाला देते हुए कार्य करने में असमर्थता जताई है। संगठन ने निर्णय लिया है कि 16 मार्च को उपमुख्यमंत्री तथा 19 मार्च को मुख्यमंत्री से मिलकर विरोध दर्ज कराया जाएगा। इस दौरान सहायक तकनीकी सहायक राम सिंह, अनुज मौर्य, शाहिद अमान, ग्राम रोजगार सेवक संघ के जिला अध्यक्ष अमरेंद्र अवस्थी, जिला महामंत्री पवन पोरवाल, त्रिभुवन यादव, राज किशोर, दीपू वर्मा, अनूप सिंह सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे।

# बाराबंकी में बेटियों का बुलंद नेतृत्व, प्रशासन से विकास तक संभाल रहीं व्यवस्था की मजबूत कमान

विकास तिवारी

बाराबंकी । बदलते भारत की तस्वीर अब साफ दिखाई देने लगी है। वह दौर पीछे छूट चुका है जब बेटियों को सीमित दायरे में देखा जाता था। आज की बेटियां अपने साहस, प्रतिभा और अदम्य आत्मविश्वास के दम पर हर क्षेत्र में नई इबारत लिख रही हैं। वे अब केवल समाज के साथ कंधे से कंधा मिलाकर ही नहीं चल रहीं, बल्कि कई क्षेत्रों में नेतृत्व की अग्रिम पंक्ति में खड़ी होकर व्यवस्था को दिशा दे रही हैं।

मिले अवसरों को बेटियों ने जिस दक्षता और दृढ़ संकल्प के साथ भुनाया है, उसने यह साबित कर दिया है कि जिम्मेदारी और नेतृत्व के मामले में वे किसी भी मायने में पीछे नहीं हैं। चाहे ऑपरेशन सिंदूर जैसी साहसिक कार्रवाई की मिसाल हो, क्रिकेट का मैदान हो, राजनीति का मंच हो या फिर प्रशासनिक तंत्र हर क्षेत्र में बेटियों ने अपनी सशक्त और प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराई है।

जनपद बाराबंकी की प्रथम नागरिक राजरानी रावत स्वयं महिला सशक्तिकरण की प्रेरणादायक प्रतीक

**बेटियों को अवसर और शिक्षा मिले, तभी प्रतिभा को मिलेंगे उड़ान के पंख**

बनकर सामने आई हैं। वहीं जिले की रामनगर तहसील में तो बेटियों ने प्रशासनिक व्यवस्था की कमान संभालकर यह संदेश दे दिया है कि नेतृत्व की असली ताकत क्षमता और कर्मठता में होती है, लिंग में नहीं। तहसील की प्रशासनिक बागडोर आईएएस गुजिया अग्रवाल के हाथों में है, जो अपनी सशक्त कार्यशैली और दृढ़ नेतृत्व से प्रशासनिक व्यवस्था को नई गति दे रही हैं। वहीं कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी सुश्री गरिमा पंत बखूबी निभा रही हैं और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने में अहम भूमिका अदा कर रही हैं। वन क्षेत्राधिकारी के रूप में अल्पना पांडेय भी अपने दायित्वों का प्रभावी निर्वहन करते हुए पर्यावरण संरक्षण और विभागीय व्यवस्थाओं को सुदृढ़ कर रही हैं।

इतना ही नहीं, विकास और स्थानीय निकायों की जिम्मेदारियों में भी बेटियों की सशक्त उपस्थिति देखने को मिल रही है। देवा नगर पंचायत में अधिशासी अधिकारी के रूप में संध्या मिश्रा प्रशासनिक कार्यों को गति दे रही हैं। वहीं विकास खंड बंकी में मोनिका पाठक, दरियाबाद में संस्कृता मिश्रा, त्रिवेदीगंज में प्रियंका सिंह और हैदरगढ़ में पूजा सिंह खंड विकास अधिकारी के रूप में विकास योजनाओं को धरातल पर उतारते हुए क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा तय कर रही हैं।

इसी क्रम में दरियाबाद में एडीओ (कोऑपरेटिव) के रूप में खुशबू राय भी अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठा और दक्षता के साथ निर्वहन कर रही हैं।

इन सबके बीच यह तस्वीर साफ उभरकर सामने आती है कि आज की बेटियां केवल अपनी पहचान बनाने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि अपने नेतृत्व, निर्णय क्षमता और कर्मठता से समाज और प्रशासन को नई दिशा देने का सामर्थ्य भी रखती हैं। बाराबंकी की यह तस्वीर इस बात का मजबूत प्रमाण है कि जब बेटियों को अवसर मिलता है, तो वे केवल आगे नहीं बढ़तीं, बल्कि पूरे समाज को प्रगति की नई राह भी दिखाती हैं।



8 मार्च केवल एक तिथि भर है, जबकि नारी की शक्ति हर दिन समाज को ऊर्ज़ा देती है। हर सुबह उसकी मेहनत और हर शाम उसके त्याग की गवाही देती है। नारी का सम्मान किसी एक दिन का विषय नहीं, बल्कि हर दिन उसकी शक्ति, संघर्ष और योगदान का उत्सव होना चाहिए।

**— सुश्री आस्था सिंह, बाराबंकी**



महिलाओं और बच्चियों की शिक्षा सबसे बड़ी ताकत है। जब बेटियां शिक्षित और आत्मनिर्भर बनती हैं, तो वे न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र के विकास में अग्रणी भूमिका निभाती हैं। जरूरी है कि उन्हें परिवार और समाज दोनों का सहयोग व सम्मान मिले, ताकि वे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़कर अपनी क्षमताओं का पूरा प्रदर्शन कर सकें।

**डा. स्वाती रत्न शुक्ला**



नारी शक्ति समाज की सबसे बड़ी ऊर्ज़ा है। आज महिलाएं अपने साहस, प्रतिभा और कड़ी मेहनत के बल पर हर क्षेत्र में नई पहचान स्थापित कर रही हैं। समाज का दायित्व है कि महिलाओं को सम्मान, सुरक्षा और समान अवसर प्रदान करे, ताकि वे बिना किसी भय या बाधा के अपनी क्षमताओं का पूर्ण उपयोग कर सकें और राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रहें।

**सुश्री गरिमा पंत**
**पुलिस क्षेत्राधिकारी, रामनगर**



प्रकृति और समाज दोनों के संतुलन में नारी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। आज महिलाएं केवल घर-परिवार तक सीमित नहीं हैं, बल्कि प्रशासन, पर्यावरण संरक्षण और नेतृत्व के हर क्षेत्र में अपनी क्षमता का परिचय दे रही हैं। जब महिलाओं को अवसर और विश्वास मिलता है, तो वे जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा और दक्षता के साथ निभाते हुए समाज को सकारात्मक दिशा देती हैं।

**अल्पना पांडेय**
**वन क्षेत्राधिकारी, रामनगर**



आज की महिलाएं आत्मविश्वास और नेतृत्व का सशक्त उदाहरण बनकर सामने आ रही हैं। स्थानीय निकायों और प्रशासनिक जिम्मेदारियों में भी महिलाएं पूरी दक्षता के साथ कार्य कर रही हैं। समाज को चाहिए कि बेटियों को प्रोत्साहन और समान अवसर दे, ताकि वे अपने सपनों को साकार करते हुए समाज और राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकें।

**संध्या मिश्रा**
**अधिशासी अधिकारी, देवा नगर पंचायत**



बेटियां आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और क्षमता का लोहा मनवा रही हैं। जरूरत इस बात की है कि उन्हें आगे बढ़ने के लिए पर्याप्त अवसर और सहयोग दिया जाए। समाज को यह समझना होगा कि बेटियों को शिक्षा से वंचित रखना उनके भविष्य के साथ अन्याय है, क्योंकि शिक्षा ही वह शक्ति है जो उनके सपनों को उड़ान देती है। आज भी कई स्थानों पर बेटियों की शादी 18 से 22 वर्ष की आयु के बीच कर दी जाती है, जबकि उन्हें अपनी प्रतिभा को निखारने और अपने सपनों को साकार करने के लिए थोड़ा और समय दिया जाना चाहिए। जब बेटियों को शिक्षा, अवसर और विश्वास मिलता है तो वे प्रशासनिक सेवाओं से लेकर विज्ञान, खेल, राजनीति और समाज सेवा तक हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छूती हैं।

बेटियां केवल अपने परिवार का ही नहीं, बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र का भविष्य हैं। इसलिए उन्हें आगे बढ़ने का पूरा अवसर और प्रोत्साहन मिलना चाहिए, ताकि उनकी प्रतिभा को सच्चे मायनों में पंख मिल सकें।

**सुश्री गुंजिता अग्रवाल**
**आईएएस, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रामनगर (बाराबंकी)**

# क्रिकेट जगत ने भारत को जीत का हकदार और सीमित ओवरों की सर्वश्रेष्ठ टीम बताया

एजेंसी

नयी दिल्ली। महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने भारत को 'पूरी तरह से जीत का हकदार' बताया जबकि इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने उन्हें 'सीमित ओवरों की सर्वश्रेष्ठ टीम' का तमगा दिया। क्रिकेट जगत ने इस तरह से भारतीय टीम की ऐतिहासिक तीसरी टी20 विश्व कप खिताबी जीत को सराहा।

बल्ले से अपना बेजोड़ प्रदर्शन जारी रखते हुए भारत ने नरेंद्र मोदी स्टेडियम में न्यूजीलैंड को फाइनल में 96 रन से करारी शिकस्त दी और तीन बार टी20 विश्व कप जीतने वाली तथा खिताब का सफलतापूर्वक बचाव करने वाली पहली टीम बन गई। तेंदुलकर ने टीम के प्रदर्शन की सराहना की और मुंबई में अपने घर के बाहर जश्न की एक झलक साझा की। तेंदुलकर ने लिखा, ''लगातार दो बार विश्व कप जीतना, पहली बार किसी टीम ने टी20 प्रारूप में ऐसा किया है। ट्रॉफी के पूरी तरह से हकदार। हमारी टीम ने क्या शानदार प्रदर्शन किया और क्रिकेट का एक खास ब्रांड दिखा। बहुत बढ़िया, टीम इंडिया। जय हिंद! उन्होंने लिखा, ''अपने घर के बाहर और पूरे देश में हो रहे जश्न को देखने के लिए मुंबई में नहीं हूं। क्या शानदार शाम रही। कमाल का काम किया टीम इंडिया। भारत की 2024 की जीत के बाद इस प्रारूप से संन्यास लेने वाले पूर्व कप्तान विराट कोहली ने टीम के जज्बे और दबदबे की तारीफ की। कोहली ने सोशल मीडिया पर लिखा, ''अहमदाबाद में टीम इंडिया की जबरदस्त जीत। पूरे टूर्नामेंट में हमारे खेले गए जबरदस्त क्रिकेट का कोई मुकाबला नहीं था। मुश्किल हालात में लड़ते रहने और एक बार फिर विश्व चैंपियन बनने के लिए लड़कों ने शानदार जज्बा दिखाया। उन्होंने लिखा, ''यह कामयाबी हासिल करने के लिए सभी खिलाड़ियों और प्रबंधन के सभी सदस्यों को बधाई। आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने भी न्यूजीलैंड के फाइनल तक पहुंचने की तारीफ करते हुए इतिहास रचने के लिए टीम को बधाई दी। शाह ने लिखा, ''अब तक के सबसे वैश्विक और सुगम आईसीसी टूर्नामेंट का क्या शानदार फाइनल था! भारत को बधाई जो लगातार दो टी20 विश्व कप खिताब जीतने वाली पहली टीम बना। सूर्यकुमार यादव और पूरी टीम और स्टाफ को बधाई। न्यूजीलैंड को भी उनके शानदार अभियान के लिए बधाई। भारत के पूर्व कप्तान और भारतीय क्रिकेट बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष सौरव गांगुली ने कहा कि यह जीत हर स्तर पर भारतीय क्रिकेट की ताकत दिखाती है। गांगुली ने पोस्ट किया, ''टी20 विश्व कप जीतने के लिए भारत को बधाई३ बहुत मजबूत टीम३ बड़े मुकाबलों में बेहतर हुई३ भारतीय क्रिकेट शानदार जगह पर है। महिला चैंपियन, अंडर-19 चैंपियन और अब पुरुष टी20 चैंपियन।''



# अगर सीमित ओवरों के क्रिकेट में हमारा युग होता तो एकदिवसीय प्रारूप में श्रृंखलाएं नहीं गंवाते: गंभीर

एजेंसी



अहमदाबाद। भारत ने टी20 विश्व कप खिताब का बचाव करने वाली पहली टीम बनकर अपने दबदबे का सबूत दिया है लेकिन मुख्य कोच गौतम गंभीर का मानना है कि यह सीमित ओवरों के क्रिकेट में टीम इंडिया का युग नहीं है क्योंकि उन्होंने एकदिवसीय प्रारूप में श्रृंखलाएं गंवाई हैं। सीनियर बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली अब सिर्फ भारत की एकदिवसीय टीम का ही हिस्सा हैं। लगातार तीन वर्षों में तीन आईसीसी खिताब (2024 टी20 विश्व कप, 2025 आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी और 2026 टी20 विश्व कप) जीतने के बाद भारत के दबदबे की 1999 और 2007 के बीच ऑस्ट्रेलिया के दबदबे (जब टीम ने लगातार तीन एकदिवसीय विश्व कप जीते) से तुलना करना लाजमी था। गंभीर ने इस पर जवाब देते हुए कहा, ''मैं सफ़ेद गेंद के क्रिकेट के बारे में बात नहीं करूंगा क्योंकि सफ़ेद गेंद के क्रिकेट में एकदिवसीय प्रारूप में हमने पिछली तीन में से दो श्रृंखला गंवाई हैं। अगर यह (हमारा) युग होता तो हम दो श्रृंखला नहीं हारते। उन्होंने नाम नहीं लिए लेकिन यह अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं था कि पिछले साल ऑस्ट्रेलिया (विदेश) और न्यूजीलैंड (स्वदेश) में श्रृंखला गंवाने के दौरान कौन-कौन खेला था। हालांकि गंभीर इस बात से सहमत हैं कि हाल के आईसीसी टूर्नामेंट में भारतीय टीम का रिकॉर्ड अच्छा रहा है। गंभीर ने कहा, ''मैं इन युग पर विश्वास नहीं करता। आपको हर दिन मैदान उतरना होगा, चाहे आप कोई भी मैच खेल रहे हों। जब आप अपने देश के लिए खेल रहे होते हैं तो आप हर मैच जीतना चाहते हैं। उन्होंने कहा, ''ऐसा नहीं है कि यह द्विपक्षीय श्रृंखला है या आईसीसी ट्रॉफी है या विश्व कप है। मैं द्विपक्षीय और आईसीसी टूर्नामेंट में फर्क नहीं कर सकता क्योंकि ये एक ही हैं। सब कुछ बिल्कुल वैसा ही रहता है।

# क्रिकेट में डीआरएस का नया नाम धोनी, रोहित और सूर्यकुमार

एजेंसी


नयी दिल्ली। क्रिकेट में डीआरएस को डिसीजन रिव्यू सिस्टम के नाम से जाना जाता है लेकिन भारत की अहमदाबाद में टी-20 विश्वकप जीत के बाद इसे अब नया नाम मिल गया है। डीआरएस को अब धोनी, रोहित और सूर्यकुमार के नाम से जाना जायेगा। एम एस धोनी की कप्तानी में भारत ने 2007 में पहला टी-20 विश्वकप जीता था जबकि रोहित शर्मा ने 2024 में 17 साल बाद भारत को टी-20 विश्वकप चैंपियन बनाया। सूर्यकुमार यादव ने 2026 में टी-20 विश्वकप का खिताब अपने नाम कर भारत को तीसरी ऐतिहासिक सफलता दिलाई। इस तरह डी फॉर धोनी, आर फॉर रोहित और एस फॉर सूर्यकुमार कुल मिलाकर डीआरएस बनता है। सांख्यिकीविद श्रीकांत पोद्दार ने बेंगलुरु से यूनीवार्ता को यह दिलचस्प जानकारी देते हुए बताया भारत की जीत ने डीआरएस का नाम ही बदल दिया है। उन्होंने बताया कि भारत ने आठ मार्च को यह खिताब जीता है। मार्च साल का तीसरा महीना है भारत ने अपना पहला विश्वकप 1983 में जीता था। भारत की मौजूदा जीत में भी 83 का अंक आता है। क्रिकेट में डीआरएस का कोई आधिकारिक बदला हुआ नाम नहीं है, लेकिन प्रशंसकों और दिग्गजों द्वारा इसे अक्सर मजाकिया या व्यंग्यात्मक रूप से नए नाम दिए जाते हैं।

धोनी रिव्यू सिस्टमः महेंद्र सिंह धोनी की सटीक समीक्षाओं के कारण इसे यह नाम मिला। डिसीजन रोहित सिस्टमः वेस्टइंडीज के खिलाफ रोहित शर्मा द्वारा सफल समीक्षाओं के बाद फैंस ने यह नाम दिया था। लेकिन अब डीआरएस को धोनी,रोहित और सूर्यकुमार का नाम मिल गया है।

# आपकी मुस्कान अच्छी लगती है, धोनी ने भारत की खिताबी जीत के बाद गंभीर को कहा

एजेंसी

अहमदाबाद। भारत की इतिहास रचने वाली टी20 विश्व कप जीत ने लगभग दो साल बाद महान क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी को सोशल मीडिया पर फिर से सक्रिय कर दिया और उन्होंने इस मौके का फायदा उठाते हुए मुख्य कोच गौतम गंभीर को बताया कि उनके गंभीर चेहरे पर मुस्कान कितनी अच्छी लगती है। धोनी ने इंस्टाग्राम पर पिछला पोस्ट 2024 में किया था। उन्होंने यहां नरेंद्र मोदी स्टेडियम में फाइनल देखने के बाद पोस्ट किया, ''अहमदाबाद में इतिहास बना, टीम और सहयोगी स्टाफ तथा दुनिया भर में भारतीय क्रिकेट टीम के सभी प्रशंसकों को बहुत-बहुत बधाई। आप सभी को खेलते हुए देखकर बहुत खुशी हुई। फाइनल में भारत ने न्यूजीलैंड को 96 रन से रौंदकर तीसरी बार खिताब जीता और ऐसा करने वाली पहली टीम बनी। उन्होंने मुख्य कोच के अधिकतर गंभीर अंदाज में रहने का जिक्र करते हुए मजाक में कहा, ''कोच साहब आपकी मुस्कान बहुत अच्छी लग रही है। मुस्कुराहट के साथ जज्बा शानदार है, बहुत अच्छा किया। दोस्तों मजे करो३बुमराह के बारे में कुछ नहीं लिखूं तो ही अच्छा है। चैंपियन गेंदबाज। रविवार रात सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन किया। टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों संजू सैमसन, इशान किशन और अभिषेक शर्मा ने अर्धशतक जड़कर भारत को पांच विकेट पर 255 रन के विशाल स्कोर तक पहुंचाया। इसके बाद बुमराह ने 15 रन देकर चार विकेट चटकाए जबकि अक्षर पटेल ने भी तीन विकेट हासिल करके भारत को आसान जीत दिलाने में मदद की। धोनी भारत के पहले टी20 विश्व कप विजेता कप्तान हैं। उनकी अगुआई में भारत ने 2007 में पहला टूर्नामेंट जीता था। इसके बाद रोहित शर्मा की कप्तानी वाली टीम ने 2024 में दूसरा खिताब जीता। रोहित भी रविवार को फाइनल के लिए स्टेडियम में मौजूद थे।





## गावस्कर ने संजू सैमसन की सराहना की

नयी दिल्ली। महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने संजू सैमसन की जमकर सराहना करते हुए कहा कि भारत की ऐतिहासिक टी20 विश्व कप खिताबी जीत के दौरान सेमीफाइनल और फाइनल सहित लगातार तीन मैच में अर्धशतक जड़कर उन्होंने सामान्य खिलाड़ी से टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का सफर तय किया। सैमसन ने टी20 विश्व कप में भारत के आखिरी तीन मैच में जबरदस्त पारियां खेलीं जिसमें इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल और न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल भी शामिल हैं। गावस्कर ने कहा, ''संजू सैमसन के लिए जिंदगी का चक्र पूरा हो गया है। 2026 टी20 विश्व कप से पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ उनकी श्रृंखला बहुत खराब रही थी। उन्हें टीम से बाहर कर दिया गया, फिर टी20 विश्व कप शुरू होने के बाद उन्हें नामीबिया के खिलाफ खेलने का मौका मिला लेकिन उनकी पारी उनकी जगह बनाए रखने के लिए काफी नहीं थी।

# सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट सोना और चांदी की घटी कीमत

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान सांकेतिक गिरावट का रुख नजर आ रहा है। कीमत में आई मामूली गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,63,640 रुपये से लेकर 1,63,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,49,990 रुपये से लेकर 1,50,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। वहीं दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी आज 2,84,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,63,790 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,50,140 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,63,640 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,49,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,63,690 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,50,040 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,63,640 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,49,990 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,63,640 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,49,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,63,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,50,040 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,63,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,50,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,63,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,50,040 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,63,790 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,50,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में सांकेतिक गिरावट का रुख बना हुआ नजर आ रहा है।



# पश्चिम एशिया संकट की रुपये पर गिरी गाज, सबसे निचले स्तर पर पहुंची भारतीय मुद्रा

एजेंसी

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच कच्चे तेल की कीमत में आई जोरदार तेजी की वजह से भारतीय मुद्रा रुपये पर दबाव काफी बढ़ गया है। आज भारतीय मुद्रा ने डॉलर की तुलना में बड़ी गिरावट के साथ कारोबार की शुरुआत की और थोड़ी ही देर में अभी तक के सबसे निचले स्तर 92.35 रुपये प्रति डॉलर तक गिर गई। इसके पहले पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को रुपये ने डॉलर के मुकाबले 91.74 के स्तर पर कारोबार का अंत किया था। रुपये ने आज के कारोबार की शुरुआत भी बड़ी गिरावट के साथ की थी। इंटर बैंक फॉरेन एक्सचेंज मार्केट में भारतीय मुद्रा ने आज सुबह डॉलर के मुकाबले 46 पैसे की कमजोरी के साथ 92.20 रुपए प्रति डॉलर के स्तर से कारोबार की शुरुआत की थी। बाजार खुलने के बाद कच्चे तेल की कीमत में 25 प्रतिशत तक की उछाल ने मार्केट सेंटीमेंट्स पर काफी नकारात्मक असर डाला, जिसकी वजह से भारतीय मुद्रा 61 पैसे गिर कर अभी तक के सबसे निचले स्तर 92.35 रुपये प्रति डॉलर के स्तर तक आ गई। हालांकि, इसके बाद रुपये की स्थिति में मामूली सुधार भी हुआ। दोपहर एक बजे तक का कारोबार होने के बाद भारतीय मुद्रा 52 पैसे की कमजोरी के साथ 92.26 रुपये प्रति डॉलर के स्तर पर कारोबार कर रही थी। मुद्रा बाजार के अभी तक के कारोबार में रुपये ने डॉलर के साथ ही दूसरी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मुद्राओं ब्रिटिश पौंड (जीबीपी) और यूरो के मुकाबले भी के मुकाबले भी कमजोर प्रदर्शन किया।




# पश्चिम एशिया में तनाव चरम पर, कच्चे तेल कीमतों में उबाल, 119 डॉलर तक पहुंचा ब्रेंट क्रूड

एजेंसी

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में सैन्य तनाव का असर अब कच्चे तेल (क्रूड ऑयल) के भाव में आए उछाल के रूप में साफ-साफ नजर आने लगा है। इस तनाव के शुरू होने के बाद से ही स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज के रास्ते कच्चे तेल की सप्लाई ठप हो जाने तथा कुवैत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) जैसे प्रमुख तेल उत्पादक देशों द्वारा कच्चे तेल के उत्पादन में कटौती कर देने की वजह से इसके भाव आसमान पर पहुंच गए हैं।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में फिलहाल क्रूड ऑयल 110 डॉलर प्रति बैरल के स्तर को पार कर गया है। पिछले सात दिन के दौरान क्रूड के भाव में 55 प्रतिशत से अधिक की तेजी आई है। इस तेजी के कारण ब्रेंट क्रूड 115 डॉलर प्रति बैरल के स्तर को पार कर गया है, जबकि वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 113 डॉलर प्रति बैरल के स्तर के ऊपर पहुंचा हुआ है। आज ब्रेंट क्रूड ने 107.92 डॉलर प्रति बैरल के स्तर से कारोबार की शुरुआत की और थोड़ी ही देर में उछल कर 119.14 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंच गया। इसके बाद इसकी कीमत में मामूली गिरावट का रुख भी बना। भारतीय समय के मुताबिक सुबह 11 बजे ब्रेंट क्रूड 22.88 डॉलर प्रति बैरल यानी 24.69 प्रतिशत की तेजी के साथ 115.57 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड ने आज 107.81 डॉलर प्रति बैरल के स्तर से कारोबार की शुरुआत की और थोड़ी ही देर में उछल कर 119.48 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंच गया। हालांकि बाद में इसके भाव में गिरावट भी आई, जिसके कारण भारतीय समय के अनुसार सुबह 11 बजे वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 22.75 डॉलर प्रति बैरल यानी 25.02 प्रतिशत की उछाल के साथ 113.65 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर कारोबार कर रहा था। हाजिर सौदों के अलावा ब्रेंट क्रूड फ्यूचर्स 22 प्रतिशत उछल कर 115 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड फ्यूचर्स 27 प्रतिशत की विशाल के साथ 115.21 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंचा हुआ है। दरअसल पश्चिम एशिया में तनाव शुरू होने के बाद ऑर्गेनाइजेशन ऑफ पेट्रोलियम एक्सपोर्टिंग कंट्रीज (ओपेक प्लस) में शामिल इराक ने अपने तीन बड़े दक्षिणी ऑयल फील्ड्स से होने वाले प्रोडक्शन में लगभग 70 प्रतिशत की कटौती कर दी है। इस कटौती के बाद इन तीनों ऑयल फील्ड्स से रोजाना 43 लाख बैरल कच्चे तेल का उत्पादन होने की जगह अब सिर्फ 13 लाख बैरल कच्चे तेल का उत्पादन किया जा रहा है। इसी तरह कुवैत ने भी कच्चे तेल के उत्पादन में कटौती करने का ऐलान किया है। हालांकि कुवैत द्वारा कच्चे तेल के उत्पादन में कितनी कटौती की जाएगी, इसकी जानकारी अभी नहीं दी गई है। मार्केट एक्सपर्ट्स के अनुसार, कच्चे तेल की कीमत में आई तेजी की एक बड़ी वजह ऑयल इंफ्रास्ट्रक्चर पर लगातार हो रहे हमले भी हैं। अमेरिका और इजराइल ने जहां ईरान के तेल ठिकानों को निशाना बनाया है, वहीं ईरान भी पश्चिम एशिया में अमेरिका के सहयोगी देश के ऑयल इंफ्रास्ट्रक्चर को निशाना बना रहा है। अमेरिका और इजराइली सेना ने तेहरान में ऑयल डिपो, ऑयल स्टोरेज टैंकर्स और पेट्रोलियम ट्रांसफर टर्मिनल को अपना निशाना बनाया। इसके बाद ईरान ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत और बहरीन के तेल ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइल से हमले किए। ऑयल इंफ्रास्ट्रक्चर पर हमला होने की वजह से भी मिडिल ईस्ट के तेल उत्पादक देशों पर दबाव बढ़ गया है, जिसका असर कच्चे तेल की कीमत में आए उछाल के रूप में नजर आ रहा है। माना जा रहा है कि पश्चिम एशिया के सैन्य तनाव की वजह से कच्चे तेल की आपूर्ति लंबे समय तक प्रभावित रह सकती है। ऐसा होने पर तेल के आयात पर निर्भर करने वाले भारत जैसे कई एशियाई देशों पर असर पड़ने लगा है। भारत अपनी जरूरत का 80 प्रतिशत कच्चा तेल अंतरराष्ट्रीय बाजार से खरीदता है। इसी तरह जापान भी अपनी पेट्रोलियम की जरूरत को पूरा करने के लिए आयात पर निर्भर करता है। इसमें भी 90 प्रतिशत कच्चा तेल वो मिडिल ईस्ट के देशों से ही खरीदता है। इसके अलावा चीन ने भी पेट्रोलियम उत्पादों की कीमत को नियंत्रित रखने के लिए कच्चे तेल के निर्यात को कम कर दिया है। जहां तक भारत की बात है, तो कच्चे तेल की कीमत के 110 डॉलर से ऊपर चले जाने के कारण देश के इंपोर्ट बिल में जबरदस्त इजाफा होने की आशंका बन गई है। इसी तरह देश की ऑयल इकोनॉमी पर भी नकारात्मक असर पड़ने लगा है। हालांकि भारत सरकार के दावे के मुताबिक देश में पेट्रोलियम उत्पादों का पर्याप्त भंडार है, लेकिन अगर कच्चे तेल की कीमत पर जल्दी ही लगाम नहीं लगी, तो भारत में भी पेट्रोल, डीजल और दूसरे पेट्रोलियम उत्पादों की कीमत में इजाफा हो सकता है।



# संक्षिप्त समाचार

## केरल सरकार टी20 विश्व कप के हीरो संजू सैमसन को सम्मानित करेगी

**तिरुवनंतपुरम।** केरल सरकार आईसीसी पुरुष टी20 क्रिकेट विश्व कप में भारत की खिताबी जीत के हीरो और टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी संजू सैमसन को सम्मानित करेगी। राज्य के जनरल शिक्षा और श्रम मंत्री वी शिवनकुट्टी ने सोमवार को यह जानकारी दी। मंत्री ने बयान में कहा कि यहां के तटीय शहर विझिंजम के रहने वाले सैमसन ने पूरे टूर्नामेंट में अपने शानदार प्रदर्शन से केरलवासियों को गौरवांवित किया है। शिवनकुट्टी ने कहा कि भारत की जीत में योगदान के लिए सैमसन को सम्मानित करने के लिए राज्य सरकार राजधानी में समारोह का आयोजन करेगी। हालांकि उन्होंने समारोह की तारीख नहीं बताई। भारत ने रविवार को अहमदाबाद में टी20 विश्व कप के फाइनल में न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया। सुपर आठ के अंतिम मैच, सेमीफाइनल और फाइनल में सैमसन ने अर्धशतक जड़कर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई।

## पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच भारत की विमानन कंपनियां आज 50 उड़ानें करेंगी संचालित

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष का असर विमान सेवाओं पर पड़ा है, जिससे बड़ी संख्या में लोग वहां फंस गए हैं। ईरान और इजराइल में तनाव के बीच आज भारतीय एयरलाइंस एयर इंडिया, इंडिगो, स्पाइसजेट और अकासा वहां से लगभग 50 उड़ानें संचालित करेंगी। यात्रियों की सुरक्षा और परिचालन क्षमता को देखते हुए उठाया है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि पश्चिम एशिया में बदलते हालात पर मंत्रालय करीब से नजर रख रहा है। दुबई, मस्कट, अबू धाबी, फुजैरा और जेद्दा जैसे शहरों से उड़ानों का संचालन जारी है। एयर इंडिया 10-18 मार्च के बीच 9 रूट्स पर 78 अतिरिक्त फ्लाइट्स भी जोड़ेगी, ताकि कैपेसिटी बढ़ाई जा सके। यात्रियों की सुरक्षा और सुचारू उड़ान संचालन सुनिश्चित करने के लिए एयरलाइंस वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए आवश्यक परिचालन बदलाव कर रही हैं। मंत्रालय के मुताबिक 7 मार्च को भारत की विमानन कंपनियों की कुल 51 उड़ानें इस क्षेत्र से भारत पहुंचीं, जिनमें 8,175 यात्री सवार थे। इसी तरह 8 मार्च को एयर इंडिया, एयर इंडिया एक्सप्रेस, इंडिगो, स्पाइसजेट और अकासा ने दुबई, अबू धाबी, रस अल खैमाह, फुजैरा, मस्कट और जेद्दा जैसे क्षेत्रीय हवाई अड्डों से 49 आगमन उड़ानों का संचालन किया। भारतीय एयरलाइंस क्षेत्र के अन्य हवाई अड्डों पर जमीनी स्थिति का लगातार आकलन कर रही हैं, ताकि इन स्थानों से भारतीय एयरलाइंस द्वारा अधिक उड़ानें संचालित की जा सकें। नागर विमानन मंत्रालय एयरलाइंस और अन्य संबंधित हितधारकों के साथ लगातार समन्वय बनाए हुए है। टिकटों की कीमतें उचित स्तर पर बनी रहें और इस दौरान उनमें अनावश्यक बढ़ोतरी न हो, इसे सुनिश्चित करने के लिए हवाई किरायों पर भी सख्त निगरानी रखी जा रही है। इसके अलावा यात्रियों को उड़ान समय-सारणी संबंधी नवीनतम जानकारी के लिए अपनी-अपनी एयरलाइंस के संपर्क में रहने की सलाह दी गई है। मंत्रालय स्थिति पर पूरी तरह नजर बनाए रखेगा और जरूरत पड़ने पर आगे की जानकारी उपलब्ध कराएगा।

## मीशो को आयकर विभाग से मिला 1,500 करोड़ रुपये का मांग नोटिस

**नई दिल्ली।** ई-कॉमर्स कंपनी मीशो को आयकर विभाग से लगभग 1,500 करोड़ रुपये की कर मांग का नोटिस मिला है। कंपनी ने इस नोटिस को चुनौती देने का निर्णय लिया है। ई-कॉमर्स कंपनी मीशो ने सोमवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि उसे छह मार्च को आकलन वर्ष 2023-24 के लिए आयकर विभाग से यह नोटिस मिला। इसमें विभाग की आकलन इकाई ने ब्याज सहित कुल 1,499.73 करोड़ रुपये की कर मांग रखी है। यह कर मांग कंपनी की घोषित आय में कुछ बढ़ोतरी और समायोजन को आधार बनाते हुए जारी किया गया है। नियामकीय सूचना के मुताबिक मीशो ने कहा कि वह इस आकलन आदेश की समीक्षा कर रही है और उसमें की गई टिप्पणियों और समायोजनों से सहमत नहीं है। कंपनी ने कहा कि हमारा मानना है कि कंपनी के पास इसे चुनौती देने के लिए पर्याप्त कानूनी और तथ्यात्मक आधार हैं और अपने हितों की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठा रहे हैं। कंपनी ने बताया कि आकलन वर्ष 2022-23 के लिए भी इसी तरह की कर मांग रखी गई थी। उस मामले में कर्नाटक उच्च न्यायालय ने 17 अप्रैल, 2025 को अंतरिम स्थगन दे दिया था और मामला अभी लंबित है। मीशो ने कहा कि मौजूदा आकलन आदेश और कर मांग नोटिस का कंपनी की वित्तीय स्थिति, परिचालन या अन्य गतिविधियों पर कोई बड़ा प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

# नोएडा हवाई अड्डे से डेढ़ महीने में शुरू हो जायेंगी वाणिज्यिक उड़ानें : नायडू

एजेंसी

नयी दिल्ली। नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू किंजरापू ने सोमवार को कहा कि उत्तर प्रदेश के जेवर स्थित नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से अगले डेढ़ महीने में वाणिज्यिक उड़ानें शुरू हो जायेंगी।

श्री नायडू ने राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के उत्तर में नोएडा हवाई अड्डे को नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) से पिछले सप्ताह एयरोड्रम लाइसेंस मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि आम तौर पर एयरोड्रम लाइसेंस मिलने के बाद वाणिज्यिक उड़ानें शुरू होने में 45 से 60 दिन का समय लगता है। उन्होंने कहा कि एयरड्रम लाइसेंस मिलने के बाद ही विमान सेवा कंपनियां हवाई अड्डे से उड़ानों का शिड्यूल तय करती हैं। शिड्यूल तय करने के बाद वे उन मार्गों पर बुकिंग शुरू करेंगी। उन्होंने कहा, ''हम (मंत्रालय) भी विमान सेवा कंपनियों से संपर्क कर रहे हैं। पैंतालीस दिन में उड़ानें शुरू हो जायेंगी। हम बड़े उद्घाटन समारोह की योजना बना रहे हैं। श्री नायडू ने सदन को बताया कि साल 2014 में देश में हवाई अड्डों की संख्या 74 थी जो अब बढ़कर 166 हो गयी है। उन्होंने कहा कि सरकार यहीं पर रुकने वाली नहीं है। उसकी योजना और हवाई अड्डे बनाने की है। अगले पांच साल में 50 तथा 20 साल में 200 हवाई अड्डे और बनाने की योजना है। इस प्रकार साल 2047 तक देश में हवाई अड्डों की संख्या 350 के पार पहुंच जायेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का मानना है कि विकसित भारत के लिए विमानन अवसंरचना का मजबूत होना जरूरी है। पिछले 12 साल में देश में विमानों और यात्रियों दोनों की संख्या दोगुनी हो गयी है। अभी रोजाना औसतन पांच लाख यात्री घरेलू मार्गों पर और दो लाख यात्री अंतर्राष्ट्रीय मार्गों पर यात्रा करते हैं। उन्होंने बताया कि हवाई अड्डों की संख्या बढ़ाने के साथ सरकार सी-प्लेन (पानी की सतह पर उतरने और उड़ान भरने में सक्षम विमान) के परिचालन को भी बढ़ावा दे रही है।

# चुनावी हिंसा पर 'शून्य सहनशीलता' की नीति अपनाएगा आयोग : ज्ञानेश कुमार

एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने राजनीतिक दलों को आश्वस्त किया है कि पश्चिम बंगाल में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने के लिए आयोग सभी आवश्यक कदम उठाएगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि चुनावी हिंसा के मामले में आयोग की नीति 'शून्य सहनशीलता' की होगी।

कोलकाता में सोमवार को आयोजित बैठक के दौरान ज्ञानेश कुमार ने कहा कि भारत में चुनाव पूरी तरह कानून के अनुसार कराए जाते हैं और चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए आयोग कोई कसर नहीं छोड़ेगा। इस बैठक में चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और




विवेक जोशी के साथ पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी और आयोग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

सूत्रों के अनुसार, बैठक का उद्देश्य विभिन्न राजनीतिक दलों की चिंताओं और सुझावों को सुनना तथा चुनाव प्रक्रिया को और मजबूत बनाने में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना था। बैठक को व्यवस्थित तरीके से संचालित किया गया, जिसमें प्रत्येक राजनीतिक दल को अपनी बात रखने के लिए लगभग 15 मिनट का समय दिया गया। बैठक में कई राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय दलों के प्रतिनिधि शामिल हुए। इनमें आम आदमी पार्टी, भारतीय जनता पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी), भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और नेशनल पीपुल्स पार्टी के प्रतिनिधि मौजूद थे। राज्य स्तरीय दलों में ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक और ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। बैठक के दौरान कुछ दलों ने पश्चिम बंगाल में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की सराहना भी की। आयोग के अधिकारियों के अनुसार, कुछ प्रतिनिधियों ने भरोसा जताया कि यह प्रक्रिया मतदाता सूची को अधिक सटीक बनाने में मदद करेगी। इसके साथ ही कई दलों ने चुनाव के दौरान कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर चिंता भी जताई। उन्होंने मतदाताओं को डराने-धमकाने की संभावनाओं को रोकने के लिए कड़े कदम उठाने की मांग की। कुछ प्रतिनिधियों ने चुनाव के दौरान कच्चे बम, अवैध हथियारों के इस्तेमाल तथा धनबल और बाहुबल के प्रभाव की आशंका भी जताई। राजनीतिक दलों ने शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए बड़ी संख्या में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की तैनाती की मांग भी उठाई। साथ ही कई दलों ने सुझाव दिया कि मतदान एक या दो चरणों में कराया जाए ताकि हिंसा की संभावना कम हो और प्रक्रिया सुचारू रूप से पूरी हो सके। इन चिंताओं के जवाब में मुख्य चुनाव आयुक्त ने दोहराया कि आयोग पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पूरी पारदर्शिता के साथ किया गया है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने यह भी बताया कि मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने, नाम हटाने या विवरण में सुधार के लिए प्रपत्र 6, 7 और 8 अभी भी जमा किए जा सकते हैं। बैठक के अंत में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने आगामी चुनाव शांतिपूर्ण और बिना हिंसा के संपन्न कराने में आयोग को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

# कम चरणों में हो चुनाव, ऊंची इमारतों में मतदान केंद्र

## चुनाव आयोग को भाजपा का प्रस्ताव

एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को निर्वाचन आयोग को विस्तृत ज्ञापन सौंपकर राज्य में आगामी चुनावों के संचालन में कई बदलावों की मांग की जिनमें चुनाव कम चरणों में कराने और बड़े बहुमंजिला आवासीय परिसरों के भीतर मतदान केंद्र स्थापित करने की मांगें शामिल है।

शिशिर बजोरिया, तापस रॉय और जगन्नाथ चट्टोपाध्याय के तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने राज्य के दौरे पर आए निर्वाचन आयोग की पूर्ण पीठ के समक्ष अपनी मांगें रखीं।

ज्ञापन में पार्टी ने आग्रह किया कि चुनाव को एक चरण में या अधिकतम दो चरणों में सीमित समय के भीतर कराया जाए, न कि पिछले चुनावों की तरह छह सप्ताह में फैले सात-आठ चरणों में। भाजपा का कहना है कि कम चरणों में चुनाव कराने से हिंसा पर नियंत्रण रखने और प्रशासनिक निगरानी बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

पार्टी ने बड़े बहुमंजिला आवासीय परिसरों के भीतर मतदान केंद्र स्थापित करने की भी मांग की। भाजपा का आरोप है कि पिछले चुनावों में स्थानीय पुलिस थानों ने ऐसे परिसरों से लिखित अस्वीकृति पत्र लेकर वहां मतदान केंद्र स्थापित नहीं होने दिए, जिससे निवासियों को कहीं और जाकर मतदान करना पड़ा। भाजपा ने पश्चिम बंगाल पुलिस कल्याण ऑर्गनाइजेशन पर प्रतिबंध लगाने की भी मांग की है। पार्टी का आरोप है कि यह संगठन राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी का अग्रिम संगठन की तरह काम करता है और पुलिस कर्मियों पर दबाव डालता है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि यह संगठन पुलिस कर्मियों से उनके बैलेट पेपर जमा कराने के लिए दबाव डालता है और चुनाव संबंधी गतिविधियों को प्रभावित करने वाले अनौपचारिक निर्देश जारी करता है। पार्टी ने संगठन पर प्रतिबंध लगाने और उसके कार्यालयों को सील करने की मांग की।

मतदान प्रक्रिया के संबंध में भाजपा ने दो-स्तरीय मतदाता पहचान प्रणाली लागू करने का प्रस्ताव भी दिया। इसके तहत मतदान केंद्र के बाहर तैनात केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के जवान पहले मतदाताओं की पहचान सत्यापित करेंगे और उसके बाद मतदान कक्ष के अंदर पीठासीन या मतदान अधिकारी द्वारा दोबारा जांच की जाएगी। पार्टी ने यह भी सुझाव दिया कि राजनीतिक दलों के एजेंटों को मतदान कक्ष के भीतर बैठने के बजाय बाहर बैठने की व्यवस्था की जाए, जिससे मतदान कक्ष के अंदर व्यवस्था बनी रहे और किसी प्रकार का अनुचित प्रभाव न पड़े। भाजपा ने यह भी मांग की कि प्रत्येक मतदान केंद्र की निगरानी केवल सीएपीएफ द्वारा की जाए और वहां राज्य पुलिस, शहर पुलिस या स्वयंसेवकों की कोई भूमिका न हो, यहां तक कि कतार प्रबंधन में भी नहीं। पार्टी ने सुझाव दिया कि मतदान अधिकारियों में राज्य और केंद्र सरकार के कर्मचारियों का समान प्रतिनिधित्व हो, ताकि निष्पक्षता बनी रहे। ज्ञापन में चुनाव से पहले क्षेत्र में विश्वास बहाली और प्रभुत्व स्थापित करने के लिए सीएपीएफ की अग्रिम तैनाती, पिछले चुनावों में हिंसा या असामान्य मतदान प्रतिशत वाले बूथों को संवेदनशील घोषित करने, मतदान केंद्रों पर वेबकैम लगाने तथा मतगणना केवल जिला और उपमंडल मुख्यालयों में कड़ी निगरानी में कराने की भी सिफारिश की गयी।

भाजपा प्रतिनिधियों ने कहा कि निर्वाचन आयोग के साथ हुई बैठक में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का मुद्दा नहीं उठाया गया। प्रतिनिधिमंडल के सदस्य जगन्नाथ चट्टोपाध्याय ने कहा कि इस मामले में उच्चतम न्यायालय में मामला लंबित है और अदालत के निर्णय को स्वीकार किया जाएगा।

# रक्षा मंत्री और नौसेना प्रमुख के बारे में सोशल मीडिया पर दुष्प्रचार कर रहा है पाकिस्तान : सरकार

एजेंसी

नयी दिल्ली। सरकार ने सोशल मीडिया पर सेना प्रमुख उपेन्द्र द्विवेदी के उस कथित वीडियो को फर्जी करार दिया है जिसमें यह दावा किया गया है कि भारत ने श्रीलंका के निकट हिन्द महासागर में अमेरिकी हमले में नष्ट किये गये ईरानी युद्धपोत आईआरआईएस डेना की सटीक स्थिति इज़राइल के साथ साझा की थी। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय ने सोशल मीडिया पर अपने फैक्ट चेक में सोमवार को कहा कि पाकिस्तान के दुष्प्रचार तंत्र ने इस वीडियो में डिजिटल रूप से बदलाव किया है और यह एआई जनित डीपफ़ेक वीडियो है जो फर्जी है। जनरल द्विवेदी ने ऐसा कोई बयान नहीं दिया है। सरकार ने कहा है, ''पाकिस्तानी दुष्प्रचार अकाउंट भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी का डिजिटल रूप से बदला हुआ वीडियो साझा कर रहे हैं, जिसमें यह झूठा दावा किया गया है कि जब ईरानी जहाज अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में गया तो इज़राइल के रणनीतिक सहयोगी के रूप में उसका सटीक स्थान बताना हमारा कर्तव्य था। सावधान रहें! यह एक एआई-जनित डीपफ़ेक वीडियो है, जिसे जनता को गुमराह करने के लिए साझा किया गया है। जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने ऐसा कोई बयान नहीं दिया है। सरकार ने कहा है कि आधिकारिक भाषणों को गलत तरीके से प्रस्तुत करने वाली एआई-जनित सामग्री का प्रसार दुर्भावनापूर्ण तत्वों द्वारा तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर सार्वजनिक धारणा को प्रभावित करने का प्रयास है। सूचना प्रौद्योगिकी नियमों के अनुसार एआई-जनित सामग्री पर स्पष्ट लेबल लगाना अनिवार्य है और डिजिटल प्लेटफॉर्म से अपेक्षा की जाती है कि वे ऐसे दिशानिर्देशों का पालन करें ताकि बदली हुई मीडिया सामग्री के प्रसार को रोका जा सके। पाकिस्तान ने जनरल द्विवेदी के ऑपरेशन सिंदूर पर एक मूल वीडियो में एआई से फ़ेरबदल किया है और इस फर्जी वीडियो को लोगों को भ्रमित करने के लिए सोशल मीडिया पर जारी किया है। उल्लेखनीय है कि ईरान का युद्धपोत आईआरआईएस डेना भारतीय नौसेना द्वारा फरवरी में आयोजित मिलन अभ्यास तथा अंतर्राष्ट्रीय बेडा समीक्षा में हिस्सा लेने के लिए विशाखापत्तनम आया था। यह युद्धपोत जब वापस लौट रहा था तो हिन्द महासागर में श्रीलंका के निकट अमेरिकी नौसेना ने तारपीड़ो से निशाना बनाकर इसे डुबो दिया। इसपर 130 नौसैनिक सवार थे, जिनमें से 87 के मारे जाने और 30 को श्रीलंकाई नौसेना तथा वायुसेना द्वारा बचाए जाने की खबर है।

# बालेंद्र शाह की जीत के निहितार्थ

एजेंसी

नयी दिल्ली। नेपाल में बालेंद्र शाह की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी ( आरएसपी) ने अपनी प्रचंड जीत के साथ उस पारंपरिक राजनीतिक व्यवस्था को प्रभावी ढंग से ध्वस्त कर दिया है, जिस पर लंबे समय से एक तरफ नेपाली कांग्रेस और दूसरी तरफ नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी) और उसके प्रतिद्वंद्वी नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी के गुटों का दबदबा था।

बालेंद्र शाह पेशे से रैपर हैं, जो अपनी लोकप्रियता और भ्रष्टाचार विरोधी सक्रियता के बल पर 2022 में काठमांडू के मेयर बने और अब नेपाल का अगले प्रधानमंत्री बनने की कतार में हैं।

उनकी जीत राजनीति के अभिजात वर्ग के खिलाफ एक विद्रोह को दर्शाती है। आर्थिक ठहराव, भ्रष्टाचार और बुजुर्ग नेताओं के गिरोह से निराश होकर युवाओं ने एक ऐसे बदलाव का समर्थन किया, जो जवाबदेही, सुधार और एक अधिक मुखर राष्ट्रीय पहचान का वादा करती है।

इस ऐतिहासिक चुनाव के झटके ने नेपाल की घरेलू राजनीति को नया आकार देने के साथ-साथ आने वाले दिनों में महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक निहितार्थ भी पैदा किए हैं। अब तक नेपाल भारत और चीन के बीच एक नाजुक संतुलन बनाने की कोशिश करता रहा है, लेकिन अब यह स्वतंत्र रुख अपना सकता है। भारत को नये सिरे से नेपाली युवाओं के साथ संबंध बनाने होंगे। लेकिन यह भी जरूरी नहीं कि उनके साथ वैसे ही घनिष्ठ संबंध विकसित हों जैसा कि उनके माता-पिता या दादा-दादी का भारत के साथ था। बालेन शाह की राजनीतिक बयानबाजी में अतीत में कालापानी-लिपुलेख सीमा विवाद सहित भारत की क्षेत्रीय भूमिका की आलोचना, भारत पर नेपाल की आर्थिक निर्भरता को कम करने की वकालत और 'ग्रेटर नेपाल' को दर्शाने वाले मानचित्रों के संदर्भ सहित आक्रामक राष्ट्रवादी नारे शामिल रहे हैं। फिर भी इस तरह की बयानबाजी के बावजूद, भूगोल और अर्थशास्त्र की वास्तविकताएं नेपाल को व्यावहारिकता की ओर धकेलने पर जोर दे रही हैं। भारत-नेपाल संबंध खुली सीमाओं, व्यापार, श्रम प्रवास और घनिष्ठ सांस्कृतिक एवं पारिवारिक संबंधों के माध्यम से गहराई से जुड़े हुए हैं। नेपाल-भारत चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष के.सी. सुनील ने कहा, ''बालेन शाह और अग्रणी नेता व्यावहारिक लोग हैं और समझते हैं कि अपनी 'नेपाल फर्स्ट' की नीति को बनाए रखते हुए उन्हें भारत के साथ घनिष्ठ संबंधों की आवश्यकता है और हम संबंधों के वास्तव में मजबूत होने की उम्मीद करते हैं।'' नेपाल में सेवा दे चुके और अब नीति निर्धारण में शामिल शीर्ष भारतीय अधिकारियों ने 'यूनीवार्ता' को बताया, ''बयानबाजी और शासन कला दो अलग चीजें हैं। सत्ता में आने वाला हर नेपाली नेता 'नेपाली स्वाभिमान' की बात करता है और फिर भारत के साथ व्यापार करता है। नेपाल की जमीनी हकीकत यह है कि भारत के साथ जुड़ाव दो तरफा रास्ता है जिसे आसानी से अलग नहीं किया जा सकता और न ही किया जाना चाहिए।'' भारत का नेतृत्व भी इस वास्तविकता से अवगत दिखाई देता है। उसने राजनीतिक संक्रमण पर सावधानीपूर्वक लेकिन सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनावों के सफल संचालन पर नेपाली लोगों को तुरंत बधाई दी।



अधिकारियों ने बताया कि 'यह संकेत था कि भारत नेपाल के नए नेतृत्व के साथ रचनात्मक रूप से जुड़ने के लिए तैयार है।' भारतीय कूटनीतिज्ञों ने भी राजनीति के अभिजात वर्ग से परे अपनी पहुंच बढ़ाना शुरू कर दिया है । भारतीय अधिकारियों ने चुपचाप उन युवा राजनीतिज्ञों, नागरिक समूहों और छात्र समूहों के साथ संपर्क बनाना शुरू कर दिया है, जो श्री शाह को राजनीति के केंद्र में लाने वाले विरोध आंदोलन में शामिल थे। व्यापार के अलावा, नेपाल को पता है कि भारत उसकी अर्थव्यवस्था में इतनी गहराई से जुड़ा है कि उसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। नेपाल में कुल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का 33.5 प्रतिशत हिस्सा भारत का है, जबकि चीन का 12.5 प्रतिशत है। इसलिए दोनों देशों के बीच संबंध व्यापार, ऊर्जा सहयोग और बुनियादी ढांचे पर आधारित अधिक व्यावहारिक ढांचे की ओर विकसित हो सकते हैं। नेपाल 1950 की शांति और मित्रता संधि में संशोधन के लिए दबाव डाल सकता है, क्योंकि नेपाल इस संधि को 'असमान' कहकर लंबे समय से आलोचना करता रहा है। हालांकि संबंध और प्रगाढ़ होंगे, क्योंकि नेपाल आधुनिकीकरण और औद्योगीकरण की कोशिश कर रहा है। श्री शाह की राष्ट्रवादी बयानबाजी के बावजूद, चीन के आर्थिक प्रभाव के भी नेपाल में आसानी से समाप्त होने की संभावना नहीं है। पिछले दशक में, चीन नेपाल के बुनियादी ढांचे में एक प्रमुख निवेशक के रूप में उभरा है, जो सड़कों, जलविद्युत संयंत्रों और बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) से जुड़ी संपर्क पहलों के लिए वित्त पोषण कर रहा है। हालांकि, श्री शाह ने रणनीतिक सिलीगुड़ी कॉरिडोर के पास प्रस्तावित बीआरआई औद्योगिक पार्क जैसी परियोजनाओं को लेकर चिंताएं भी जतायी हैं, क्योंकि इसे नेपाल की संप्रभुता और सुरक्षा प्रभावित करने वाली परियोजना के तौर पर देखा जाता है। उन्होंने चीन और भारत के बीच व्यापार के लिए भारत द्वारा नियंत्रित लिपुलेख दर्रे के उपयोग की भी आलोचना की है तथा इस व्यवस्था को नेपाल के क्षेत्रीय दावों का उल्लंघन बताया है। बीजिंग समर्थक पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के विपरीत, श्री शाह किसी भी बड़ी शक्ति के साथ प्रत्यक्ष रूप से झुकने के बजाय स्वतंत्र रहने के लिए दृढ़ संकल्पित दिखाई देते हैं। ऋण स्थिरता (देश के राष्ट्रीय बजट का पांचवां हिस्सा ऋण चुकाने में जाता है) और चीनी वित्तपोषण पर निर्भरता के बारे में नेपाल के भीतर चिंताएं सार्वजनिक हैं। नतीजतन, नई सरकार कुछ परियोजनाओं पर फिर से बातचीत करने या उन्हें धीमा करने की कोशिश कर सकती है। भारतीय राजनयिकों ने कहा, ''यदि कोई बाहरी शक्ति वर्तमान में नेपाल की उभरती राजनीति में लोकप्रिय है, तो वह अमेरिका है।'' अमेरिका ने नेपाल में विभिन्न पहलों और योजनाओं में भारी निवेश किया है। आरएसपी के माध्यम से राजनीति में प्रवेश करने वाले कई कार्यकर्ताओं ने पहले पश्चिमी संस्थानों द्वारा समर्थित नागरिक समाज कार्यक्रमों के साथ बातचीत की थी। काठमांडू के राजनीतिक हलकों में एक व्यापक, हालांकि अप्रमाणित, विश्वास यह भी है कि पश्चिमी प्रोत्साहन ने भ्रष्टाचार विरोधी प्रदर्शनों को ऊर्जा देने में मदद की थी। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेन ट्रेड में पूर्व डब्ल्यूटीओ अध्यक्ष प्रो. विश्वजीत धर ने आगाह किया, ''हालांकि, बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि बालेन शाह अपनी सरकार को कैसे तैयार करते हैं। आने वाले मंत्रिमंडल में युवाओं के अधिक होने की उम्मीद है। हालांकि यह नेपाल के पुराने राजनीतिक वर्ग से एक बड़ा बदलाव है, लेकिन शासन के लिए प्रशासनिक अनुभव और नीतिगत विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है।'' नेपाल के राजनयिकों, तकनीकी विशेषज्ञों और सिविल सेवकों का गहरा अनुभव संस्थागत मार्गदर्शन प्रदान कर सकता है, जिससे नई सरकार स्थिरता बनाए रखते हुए सुधारों को आगे बढ़ा सकती है।

# पेज एक का शेष

## राज्य विश्वविद्यालय...

प्रति सेमेस्टर परीक्षा शुल्क निर्धारित किया गया है। उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने सोमवार को विधानसभा स्थित कार्यालय कक्ष में लखनऊ विश्वविद्यालय और संबद्ध महाविद्यालयों द्वारा शासनादेश के विपरीत फीस लिए जाने के संबंध में समीक्षा बैठक की। बैठक में विश्वविद्यालयों की शुल्क संरचना, परीक्षा शुल्क और वित्तीय प्रबंधन से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। उच्च शिक्षा मंत्री ने निर्देश दिए कि राज्य विश्वविद्यालयों को निर्धारित शासनादेश के अनुसार ही परीक्षा शुल्क लिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि कोई विश्वविद्यालय निर्धारित शुल्क से अधिक परीक्षा शुल्क वसूलता है तो उसकी ऑडिट कराई जा सकती है और उचित कार्रवाई की जाएगी। योगेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार शिक्षा को सुलभ, सस्ता, पारदर्शी व छात्र हितैषी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। फीस में अनावश्यक वृद्धि से आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाई होती है, इसलिए विश्वविद्यालयों को छात्रहित को सर्वोपरि रखते हुए निर्णय लेने चाहिए। उच्च शिक्षा मंत्री ने राज्य विश्वविद्यालयों को निर्देश दिए कि वे शासनादेशों का पूर्ण रूप से पालन सुनिश्चित करें और वित्तीय अनुशासन बनाए रखें। विश्वविद्यालयों को अपने संसाधनों को मजबूत करने, नए पाठ्यक्रम शुरू करने और वित्तीय प्रबंधन को बेहतर बनाने की दिशा में भी प्रयास करने चाहिए, ताकि संस्थान आत्मनिर्भर बन सकें। बैठक में अधिकारियों और विश्वविद्यालय प्रतिनिधियों ने विश्वविद्यालयों की वित्तीय स्थिति, परीक्षा संचालन से जुड़ी चुनौतियों और संभावित समाधानों पर भी सुझाव प्रस्तुत किए। उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि योगी सरकार विश्वविद्यालयों की वास्तविक आवश्यकताओं पर विचार करते हुए आवश्यक सहयोग प्रदान करने के लिए तैयार है, लेकिन शासनादेशों का पालन सभी संस्थानों के लिए अनिवार्य है। बैठक में एमएलसी उमेश द्विवेदी, अवनीश कुमार सिंह, प्रमुख सचिव एम. पी. अग्रवाल, सचिव अमृत त्रिपाठी, कुलपति लखनऊ विश्वविद्यालय प्रो. जय प्रकाश सैनी सहित विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## भारत का पश्चिम...

ने कहा कि सरकार की नीति तीन प्रमुख सिद्धांतों पर आधारित है– क्षेत्र में शांति और कूटनीतिक समाधान का समर्थन, पश्चिम एशिया में रह रहे भारतीय समुदाय की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देना और भारत के राष्ट्रीय हितों, विशेषकर ऊर्जा सुरक्षा तथा व्यापारिक प्रवाह की रक्षा करना। उन्होंने कहा कि भारत सभी पक्षों से संयम बरतने और संवाद के जरिए तनाव कम करने की अपील करता है।

## सीधी जंग में उतरा तुर्की...

मंत्रालय ने कहा कि देश क्षेत्र की सुरक्षा और आम नागरिकों की रक्षा के लिए पूरी तरह सतर्क है। मंत्रालय के बयान में कहा गया कि तुर्की पहले ही इस तरह की गतिविधियों के खिलाफ चेतावनी दे चुका था और सभी पक्षों के हित में है कि इन चेतावनियों को गंभीरता से लिया जाए। मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया कि तुर्की की सुरक्षा को किसी भी प्रकार का खतरा हुआ तो उसका जवाब देने के लिए सभी आवश्यक कदम बिना किसी झिझक के उठाए जाएंगे। इससे पहले तुर्की ने उत्तरी साइप्रस में सैन्य गतिविधियां तेज कर दी थीं। तुर्की ने वहां छह एफ-16 लड़ाकू विमानों के साथ-साथ एयर डिफेंस सिस्टम भी तैनात किए हैं। इसके अलावा क्षेत्र में तुर्की के युद्धपोतों की भी मौजूदगी बढ़ा दी गई है। तुर्की द्वारा मिसाइल को मार गिराने की घटना ऐसे समय हुई है जब ईरान ने साइप्रस क्षेत्र की ओर ड्रोन हमले किए थे। इन हमलों के बाद क्षेत्र में तनाव काफी बढ़ गया है। साइप्रस और तुर्की भौगोलिक रूप से पड़ोसी क्षेत्र में स्थित हैं और पूर्वी भूमध्यसागर में बढ़ती सैन्य गतिविधियों को लेकर तुर्की काफी सतर्क है। दरअसल, उत्तरी साइप्रस तुर्की के नियंत्रण में है और वहां तुर्की की सेना की मजबूत मौजूदगी है। इसी क्षेत्र में तुर्की ने अपने एफ-16 लड़ाकू विमानों को तैनात किया है। तुर्की को आशंका है कि ईरान या उसके समर्थित समूह इस इलाके को निशाना बना सकते हैं। इससे पहले तुर्की ने ईरान को स्पष्ट चेतावनी दी थी कि उसकी मिसाइलें तुर्की के हवाई क्षेत्र के आसपास न गिरें। लेकिन तुर्की का आरोप है कि ईरान ने इस चेतावनी को नजरअंदाज कर दिया। इसके बाद दोनों देशों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया। बढ़ते तनाव को देखते हुए तुर्की ने उत्तरी साइप्रस में अपने सैन्य संसाधनों को और मजबूत कर दिया है। वहां एफ-16 लड़ाकू विमानों के साथ उन्नत एयर डिफेंस सिस्टम तैनात किए गए हैं, ताकि किसी भी संभावित हमले का तुरंत जवाब दिया जा सके। विशेषज्ञों का मानना है कि पूर्वी भूमध्यसागर में बढ़ता यह तनाव आने वाले समय में और बड़ा रूप ले सकता है। यदि ईरान और तुर्की के बीच टकराव बढ़ता है तो इसका असर पूरे क्षेत्र की सुरक्षा स्थिति पर पड़ सकता है।

## किताबें पढ़ो, सोशल...

दर्शन' में मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान दो उद्यमियों ने अपनी समस्याएं रखें। मुख्यमंत्री ने प्रार्थना पत्र को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों, विशेष कर उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) व जिला प्रशासन को समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि प्रदेश में निवेश का बेहतरीन इकोसिस्टम तैयार किया गया है। सरकार ने सिंगल विंडो सिस्टम सहित कई पारदर्शी व्यवस्थाएं लागू की हैं। उद्यमियों की परेशानी को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए। उन्होंने दो टूक कहा कि निवेश और उद्योग विकास में किसी भी प्रकार की देरी या लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। अवैध कब्जे के मामले पर सीएम हुए सख्तकासगंज से आए पीड़ित ने सीएम के समक्ष पुलिस से जुड़ी शिकायत रखी। पीड़ित ने अपने प्रकरण में कार्रवाई पर देरी की शिकायत की। इस पर मुख्यमंत्री योगी ने पुलिस अधीक्षक को मामले का संज्ञान लेते हुए समस्या के समयबद्ध निराकरण का निर्देश दिया। वहीं एक प्रकरण पारिवारिक विवाद से भी जुड़ा आया। अवैध कब्जे से जुड़ी शिकायत पर मुख्यमंत्री सख्त हुए, उन्होंने कहा कि ऐसे मामले बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। उन्होंने पीड़ित को आश्वस्त किया कि नियमानुसार तत्काल कार्रवाई होगी।

## जन आकांक्षाओं की...

बेटियों को समान अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने एक मजबूत शोध पारिस्थितिकी तंत्र बनाने पर जोर दिया जिसमें युवा शोधकर्ताओं को नए विचारों पर प्रयोग करने और नवाचार करने का पूरा अवसर मिले। खेलों के महत्व पर चर्चा करते हुए मोदी ने कहा कि स्वस्थ और अनुशासित युवा किसी भी राष्ट्र की शक्ति का आधार होते हैं। उन्होंने 'खेलो इंडिया' का उल्लेख करते हुए कहा कि इसके माध्यम से देश के छोटे शहरों और दूरदराज के क्षेत्रों से प्रतिभाओं को पहचानने और उन्हें आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन के लिए अभी से युवा खिलाड़ियों को तैयार करना जरूरी है। उन्होंने खेल संगठनों को अधिक पेशेवर बनाने और खिलाड़ियों के लिए संरचित वित्तीय सहायता बढ़ाने की आवश्यकता पर भी बल दिया, ताकि आने वाले कॉमनवेल्थ खेलों और ओलंपिक जैसे आयोजनों में भारत का प्रदर्शन और बेहतर हो सके। पर्यटन और संस्कृति के क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाओं का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि पारंपरिक पर्यटन स्थलों के अलावा नए पर्यटन केंद्रों के विकास पर भी ध्यान दिया जा रहा है। इससे न केवल शहरों की पहचान मजबूत होगी बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि पर्यटन क्षेत्र में प्रशिक्षित गाइड, बेहतर आतिथ्य कौशल, डिजिटल कनेक्टिविटी और स्थानीय समुदाय की भागीदारी महत्वपूर्ण स्तंभ बनते जा रहे हैं। इसके साथ ही स्वच्छता और टिकाऊ विकास के सिद्धांतों को भी प्राथमिकता देनी होगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि संस्थानों, उद्योग और शिक्षाविदों के बीच बेहतर समन्वय से देश की प्रगति को और तेज किया जा सकता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस वेबिनार में होने वाली चर्चाएं भविष्य के लिए ठोस मार्गदर्शन प्रदान करेंगी और विकसित भारत की मजबूत नींव तैयार करने में सहायक होंगी।

# राज्यपाल ने बजट अभिभाषण में अगले वित्तीय वर्ष में राज्य सरकार की प्राथमिकताओं को रखा

**■ सरकार का उद्देश्य सतत विकास, सुशासन और समावेशी वृद्धि सुनिश्चित करना: राज्यपाल**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गैरसैंण, (भराड़ीसैंण)। उत्तराखण्ड विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त) ने ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण (भराड़ीसैंण) में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए सरकार की प्राथमिकताओं और उपलब्धियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया।

राज्यपाल ने सोमवार को विधानसभा में अपने अभिभाषण में कहा कि सरकार का उद्देश्य सतत विकास, सुशासन और समावेशी वृद्धि सुनिश्चित करना है। उन्होंने सभी विभागों और नागरिकों से सक्रिय भागीदारी की अपील करते हुए यह भरोसा दिया कि सभी योजनाओं में पारदर्शिता, जवाबदेही और जनता के प्रत्यक्ष लाभ को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। राज्यपाल सिंह ने कहा कि सरकार का लक्ष्य पर्वतीय और सीमांत क्षेत्रों में रिवर्स पलायन को बढ़ावा देना, रोजगार सृजन और आधारभूत अवसंरचना का विकास करना है। उन्होंने सभी विभागों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का निर्देश दिया। राज्यपाल ने कहा कि हमारा दृष्टिकोण है कि उत्तराखंड हर क्षेत्र में अग्रणी बने। सभी योजनाओं में पारदर्शिता, जवाबदेही और जनता के प्रत्यक्ष लाभ को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। हमारा उद्देश्य है कि राज्य का प्रत्येक नागरिक विकास का प्रत्यक्ष लाभ अनुभव करे।' प्रशासन और सुशासनमतदाता सूची में सुधार, सभी मतदाताओं को फोटो पहचान पत्र प्रदान करना, ई-ऑफिस प्रणाली से प्रशासनिक दक्षता, प्रवासी उत्तराखण्डियों के निवेश और योगदान को बढ़ावा। बुनियादी ढांचाशारदा कॉरिडोर परियोजना के तहत शारदा घाट का पुनर्निर्माण, नदी तट सुदृढ़ीकरण, ग्रामीण और शहरी सड़कों का निर्माण, 21 नए पुलों का निर्माण। वित्तीय प्रबंधनड्रोन सर्वेक्षण से भूमि का सटीक नक्शा तैयार करना, खनन क्षेत्र से एक हजार करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व, ल्लमेरी योजनाङ्क पुस्तिका के माध्यम से जनता तक योजनाओं की पहुंच बनाना। शिक्षा और नवाचार राज्य में840 से अधिक स्कूलों में स्मार्ट कक्षाएं, चार राजकीय पॉलिटेक्निक में एआई, आईओटी और रोबोटिक लैब, साइंस सिटी और क्षेत्रीय साइंस इनोवेशन सेंटर का निर्माण।

# दिल्ली शराब घोटाला मामले में हाई कोर्ट के फैसले का भाजपा ने किया स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली शराब घोटाले में पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया समेत अन्य आरोपितों को निचली अदालत द्वारा बरी किए जाने के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से दायर याचिका पर उच्च न्यायालय द्वारा सुनवाई के लिए स्वीकार किए जाने के फैसले का भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने स्वागत किया है।

दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने सोमवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि उच्च न्यायालय में लंबी और तार्किक सुनवाई के बाद इस याचिका को स्वीकार किया गया है। उन्होंने कहा कि न्यायिक प्रक्रिया भले ही लंबी हो, लेकिन अंततः सत्य की ही जीत होती है और दिल्ली में कथित शराब घोटाले के मामले में सच्चाई अदालत में सामने आएगी। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी निचली अदालत का सम्मान करती है, लेकिन जिस तरह उच्च न्यायालय ने सीबीआई अधिकारियों के खिलाफ की गई टिप्पणियों पर रोक लगाई है, उससे निचली अदालत के फैसले पर सवाल खड़े होते हैं। वीरेंद्र सचदेवा के अनुसार कई वरिष्ठ वकीलों ने निचली अदालत के फैसले में कई कमियां बताई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जस्टिस रंजन गोगोई समिति की रिपोर्ट को दिल्ली सरकार ने नजरअंदाज किया और कुछ आरोपियों द्वारा फर्जी ई-मेल के जरिए जनमत बनाने की कोशिश की गई। उन्होंने यह भी कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा चलाए जा रहे मामले को जारी रखने की अनुमति देकर उच्च न्यायालय ने न्यायिक प्रक्रिया को मजबूत किया है। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि निचली अदालत से बरी होना अंतिम फैसला नहीं होता। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि पहले भी लालू यादव, ए. राजा, कांनीमोझी जैसे नेताओं को निचली अदालतों से राहत मिली थी, लेकिन बाद में उन्हें सजा भी हुई। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि इस मामले में भी उच्च न्यायालय में होने वाली सुनवाई के बाद सच्चाई स्पष्ट हो जाएगी।

# उत्तम नगर हत्याकांड में पुलिस ने 7 और आरोपियों को किया गिरफ्तार, एक नाबालिग भी पकड़ा गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली,। द्वारका जिले के उत्तम नगर इलाके में दो समुदायों के बीच हुए विवाद और हत्या के मामले में पुलिस ने फरार चल रहे सात और आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। इसके अलावा एक 14 वर्षीय नाबालिग को भी हिरासत में लिया गया है। इस कार्रवाई के बाद अब तक इस मामले में कुल 14 आरोपितों की गिरफ्तारी हो चुकी है, जबकि दो नाबालिगों को भी पकड़ा जा चुका है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार किए गए आरोपितों की पहचान सायरा उर्फ काली (40), सरिफन (50), सलमा (36), सुहैल उर्फ साहिल (21), समीर चौहान (20), फिरोज (22) और इस्माइल (50) के रूप में हुई है। सभी आरोपित उत्तम नगर क्षेत्र के रहने वाले बताए जा रहे हैं। इनके अलावा पुलिस ने एक 14 वर्षीय नाबालिग को भी हिरासत में लिया है। द्वारका जिले के पुलिस उपायुक्त कुशल पाल सिंह ने सोमवार को बताया कि यह सभी आरोपित उत्तम नगर में दर्ज हत्या के मामले में वांछित थे और घटना के बाद से फरार चल रहे थे। पुलिस ने लगातार छापेमारी और तकनीकी जांच के आधार पर इन आरोपितों की पहचान की और उन्हें गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। उन्होंने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस की विशेष टीमों का गठन किया गया था। इन टीमों ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर फरार आरोपितों को पकड़ने की कार्रवाई की। पुलिस अब गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ कर रही है, ताकि मामले से जुड़े अन्य तथ्यों और संभावित रूप से शामिल लोगों के बारे में जानकारी मिल सके। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच अभी जारी है और जरूरत पड़ने पर अन्य संदिग्धों की गिरफ्तारी भी की जा सकती है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की हर पहलू से जांच कर रही है, ताकि घटना के पीछे की पूरी सच्चाई सामने लाई जा सके।

# किसान ट्रस्ट ने 'अपराजिता सम्मान' से महिलाओं को किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में किसान ट्रस्ट ने 'अपराजिता सम्मान समारोह' में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं।

अन्नपूर्णा देवी ने सम्मानित महिलाओं को बधाई देते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह द्वारा स्थापित किसान ट्रस्ट का महिलाओं, विशेष रूप से एसिड हमले के पीड़ितों को आर्थिक सहयोग और हौसला देना प्रेरणादायक पहल है। उन्होंने इस अवसर पर केंद्र सरकार की महिला सशक्तीकरण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी। कार्यक्रम की आयोजक और किसान ट्रस्ट की ट्रस्टी चारू चौधरी ने कहा कि यह आयोजन उन महिलाओं को सम्मान देने का प्रयास है, जो चुनौतियों के बावजूद अपने सपनों को साकार करने और समाज के लिए नई राह बनाने में जुटी हैं। महिलाओं को सम्मान, अवसर और संसाधन मिलने से समाज और देश का भविष्य मजबूत होता है। समारोह के दौरान 'रोजगार के माध्यम से सशक्तीकरण' विषय पर पैनल चर्चा भी आयोजित की गई। इसमें नीति आयोग की प्रिंसिपल इकोनॉमिक एडवाइज़र एना रॉय, यूएन विमेन इंडिया की कांता सिंह, बैंकिंग और फिनटेक विशेषज्ञ शिंजिनी कुमार तथा पूर्व दूरदर्शन समाचार एंकर सलमा सुल्तान ने भाग लिया। चर्चा का संचालन यूपी राज्य महिला आयोग की सदस्य मनीषा अहलावत ने किया। वक्ताओं ने महिला शिक्षा, रोजगार के अवसर और परिवार की जिम्मेदारियों के बीच संतुलन जैसे विषयों पर विचार रखे। कार्यक्रम में 'मिलेट मॉम' के नाम से प्रसिद्ध उद्यमी पूजा शर्मा ने महिला उद्यमिता और पोषण के क्षेत्र में अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर शास्त्रीय गायिका और हाल ही में पद्मश्री से सम्मानित प्रो. मंगला कपूर को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। उन्होंने तेजाब हमले के बाद संघर्ष करते हुए संगीत के क्षेत्र में सफलता हासिल करने की अपनी प्रेरक कहानी सुनाई। उल्लेखनीय है कि किसान ट्रस्ट की स्थापना पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह ने की थी। यह संगठन लंबे समय से किसानों और महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए कार्य कर रहा है तथा सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत एसिड अटैक सर्वाइवर्स के पुनर्वास में भी सहयोग देता रहा है।

# पंजाब में 'नशे की कमाई' से हवेलियाँ नहीं बनने देगी आप सरकार: चीमा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने सोमवार को विधानसभा में मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की ओर से नशा तस्करी के खिलाफ राज्य सरकार द्वारा की जा रही आक्रामक और अभूतपूर्व कार्रवाई पर एक व्यापक बयान पेश किया।

पायल के विधायक मनविंदर सिंह गियासपुरा द्वारा उठाए गए एक सवाल का जवाब देते हुए, वित्त मंत्री चीमा ने एक वर्षीय 'युद्ध नशों के विरुद्ध' अभियान की सफलता पर प्रकाश डाला। उन्होने कहा, ''एक मार्च 2025 से 28 फरवरी 2026 तक, आप सरकार ने सख्त प्रवर्तन, सामुदायिक भागीदारी और निवारक शिक्षा के माध्यम से नशा व्यापार के खिलाफ पूर्ण युद्ध छेड़ रखा है। इस अवधि के दौरान, पंजाब पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत 36,178 प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की हैं और 47,902 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

# पंजाब विश्व विद्यालय में आरएसएस नेता को आमंत्रित किए जाने के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

चंडीगढ़। चंडीगढ़ के पंजाब विश्व विद्यालय में सोमवार को श्री गुरु तेग बहादुर जी पर आयोजित एक व्याख्यान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़े एक नेता को आमंत्रित किए जाने के विरोध में एक छात्र संगठन (साथ) ने प्रदर्शन किया। छात्र संगठन के सदस्यों का कहना था कि विश्वविद्यालय एक शैक्षणिक संस्थान है और यहां होने वाले कार्यक्रमों में ऐसे व्यक्तियों को बुलाया जाना चाहिए जो पूरी तरह शैक्षणिक या शोध से जुड़े हों। प्रदर्शनकारी छात्रों ने आरोप लगाया कि कार्यक्रम में आरएसएस से जुड़े नेता को बुलाना विश्वविद्यालय के माहौल को राजनीतिक बनाने की कोशिश है। इसी मुद्दे को लेकर संगठन के सदस्य विश्वविद्यालय परिसर में एकत्र हुए और नारेबाजी करते हुए अपना विरोध दर्ज कराया।

# दिल्ली एनसीआर रत्न से सम्मानित हुए योगाचार्य प्रभाकर

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सहरसा। जिले के सिमरी बख्तियारपुर प्रखंड अंतर्गत साधना स्थल खजुरी योगाचार्य प्रभाकर को योग प्राकृतिक चिकित्सा एवं समाज में दो दशक से उत्कृष्ट कार्य करने के लिए रविवार को मेरठ स्थित शांतिनिकेतन विद्यापीठ में आयोजित 48 वां ऑल इंडिया कॉन्फ्रेंस आफ इंटेलेक्चुअल समारोह में दिल्ली रत्न से सम्मानित किया गया।

यह सम्मान संस्था के प्रेसिडेंट जस्टिस राजेश टंडन द्वारा प्रशस्ति पत्र मोमेंटम और मेडल प्रदान किया गया। योग प्रशिक्षक प्रभाकर ने कहा यह सम्मान पूरे मिथिला का माता-पिता गुरुजन समाज के बड़े बुजुर्ग नौ जवानों का सम्मान है।साधक सुख दुख मान अपमान में समत्व रहता है, समत्वं योग उच्चयते।योगीराज परमहंस संत शिरोमणि लक्ष्मीनाथ गोसांई जी के प्रेरणा से योग आरंभ किये। प्रारंभिक शिक्षा 2002 ई, में स्वामी रामदेव से शुरू हुई । वर्ष 2007 में विश्व प्रथम योग संस्थान गंगा दर्शन मुंगेर के परमाचार्य पद्म भूषण परमहंस स्वामी निरंजनानंद सरस्वती जी पूज्य गूरुदेव के श्री चरणों में रहकर योग जीवन जीने की कला है ,आत्मसात किया और स्वामी जी का आशीर्वाद शिरोधार्य कर योग को नगर नगर डगर डगर पहुंचाने में जुड़ गए।2012 आरोग्य मंदिर गोरखपुर डॉ ,विमल कुमार मोदी से योग प्राकृतिक चिकित्सा प्रशिक्षण प्राप्त कर बिहार के 10 से 12 जिला तथा देश के कई राज्यों में घूम-घूम कर योग प्राकृतिक चिकित्सा का प्रचार प्रसार किया। साधना स्थल खजुरी में स्वास्थ्य लाभ लेने के लिए दूर-दूर से दरभंगा मधुबनी खगड़िया मानसी मधेपुरा कोसी कमिश्नरी के दियारा क्षेत्र से गरीब, रोगी,दूखी लोग आकर फ्री निःशुल्क स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करते हैं।फल आशा त्याग शुभ कर्म करते रहना चाहिए निष्ठा पूर्वक सेवा भाव से कार्य किया उसी का प्रतिफल आज प्राप्त हो रहा है।कार्यक्रम को सफल बनाने में व्यवस्थापक प्रकाश निधि शर्मा एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट एवं पूर्व कमिश्नर देवदत्त शर्मा जी के अथक प्रयास से सफल हो पाया।

# घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी के खिलाफ महिला कांग्रेस का प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्का लाम्बा के आह्वान पर देशभर में रसोई गैस सिलेंडर के दाम में बढ़ोतरी के खिलाफ महिला कांग्रेस लगातार विरोध प्रदर्शन कर रही है। इसी क्रम में आज उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला के नेतृत्व में देहरादून में महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अनोखे ढंग से विरोध प्रदर्शन किया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन से सर पर गैस सिलेंडर उठाकर गैस के दाम बढ़ाये जाने के विरोध में नारेबाजी करते हुए भाजपा जिला मुख्यालय की ओर पदयात्रा निकाली। यह पदयात्रा कनक चौक तक पहुंची, जहां पुलिस प्रशासन ने बैरिकेटिंग लगा कर प्रदर्शनकारियों को आगे बढ़ने से रोक दिया गया। इसके बाद महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बढ़ती महंगाई और गैस सिलेंडर के बढ़ते दामों के विरोध में प्रतीकात्मक रूप से गैस सिलेंडर को फूल-माला पहना कर उसकी 'अंत्येष्टि' की। इस दौरान महिलाओं ने धूपबत्ती जलाकर केंद्र सरकार की महंगाई की नीतियों के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चूल्हे पर लकड़ी जलाकर रोटी और सब्जी बनाकर यह संदेश दिया कि बढ़ती महंगाई के कारण गरीब परिवारों को एक बार फिर पुराने दौर की तरह चूल्हे पर खाना बनाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। बाद में महिलाओं ने वहीं पर बनी रोटी और सब्जी लोगों को खिलाकर सरकार की नीतियों के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया।

# मुख्यमंत्री समृद्धि यात्रा में 10 मार्च को पहुंचेगे सुपौल कई योजनाओं का करेंगे उद्घाटन-शिलान्यास

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुपौल। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 10 मार्च 2026 को अपनी जिलावार 'समृद्धि यात्रा' के तहत सुपौल जिले के दौरे पर आएंगे। इस दौरान वे जिले में चल रही विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा करेंगे तथा कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी करेंगे। मुख्यमंत्री का कार्यक्रम मुख्य रूप से निर्मली अनुमंडल में निर्धारित किया गया है, जहां वे निर्मली रिंग बांध का निरीक्षण करने के साथ-साथ जनसंवाद कार्यक्रम में भी भाग लेंगे।

बिहार सरकार के मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार समृद्धि यात्रा का तृतीय चरण 10 मार्च से 14 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। इस दौरान मुख्यमंत्री राज्य के विभिन्न जिलों का दौरा कर विकास योजनाओं की प्रगति का जायजा लेंगे और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी देंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री 10 मार्च को सुबह लगभग 10:45 बजे निर्मली अनुमंडल कार्यालय के सामने नव निर्मित हेलीपैड पर हेलीकॉप्टर से पहुंचेंगे। इसके बाद वे 10:50 बजे निर्मली रिंग बांध (सिपाही चौक) के लिए प्रस्थान करेंगे और लगभग 11:00 बजे रिंग बांध पर पहुंचकर निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद 11:05 बजे अनुमंडल कार्यालय परिसर में लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टॉल का निरीक्षण करेंगे, जहां विकास योजनाओं से संबंधित जानकारी ली जाएगी तथा कुछ योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया जाएगा। इसके बाद मुख्यमंत्री 11:40 बजे अनुमंडल कार्यालय परिसर स्थित सभागार में पहुंचेंगे और 11:42 बजे से जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में भाग लेंगे। इस बैठक में जिले की विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। इसके उपरांत दोपहर 12:20 बजे वे जन संवाद कार्यक्रम के लिए सभा मंच की ओर प्रस्थान करेंगे और 12:22 बजे मंच पर पहुंचकर आम लोगों को संबोधित करेंगे।

कार्यक्रम के समापन के बाद मुख्यमंत्री दोपहर 1:20 बजे मंच से हेलीपैड के लिए रवाना होंगे और 1:22 बजे हेलीकॉप्टर से मधेपुरा के लिए प्रस्थान करेंगे। मुख्यमंत्री के सुपौल आगमन को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज कर दी गई हैं। सोमवार को निर्मली अनुमंडल में बिहार सरकार के ऊर्जा, योजना एवं विकास विभाग के मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव, विधायक अनिरुद्ध प्रसाद यादव, जिलाधिकारी सावन कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

# जनगणना 2027 की तैयारी शुरू, सीवान में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीवान। भारत की जनगणना 2027 की तैयारियों के तहत सोमवार को सीवान समाहरणालय स्थित संवाद कक्ष, अंबेडकर भवन में प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय ने दीप प्रज्वलित कर किया।प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनगणना कार्य के लिए नामित पदाधिकारियों एवं अन्य शासकीय सेवकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं।

पहले बैच का तीन दिवसीय प्रशिक्षण सोमवार से शुरू हुआ, जो 09 मार्च से 11 मार्च 2026 तक आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण प्रतिदिन सुबह 9:30 बजे से शाम 5:00 बजे तक संचालित होगा।प्रथम बैच में आईटी मैनेजर, एनआईसी के नेटवर्क अभियंता, जनगणना कोषांग के सभी कर्मी, चार्ज स्तर के सभी लिपिक तथा अस्थायी तकनीकी सहायक शामिल हैं। इस बैच में कुल 63 प्रतिभागी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। प्रशिक्षण की शुरुआत निदेशालय स्तर से प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा की गई।वहीं द्वितीय बैच का प्रशिक्षण 12 मार्च से 14 मार्च 2026 तक आयोजित होगा। इसमें अपर समाहर्ता (राजस्व), उप विकास आयुक्त, स्थापना उप समाहर्ता, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी सीवान सदर एवं महाराजगंज, नजारत उपसमाहर्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, नगर परिषद सीवान के कार्यपालक पदाधिकारी, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी तथा अन्य अपर चार्ज एवं चार्ज पदाधिकारी शामिल होंगे। इसके अलावा सीवान सदर, हसनपुरा, दरौली, गोरियाकोठी, सिसवन, भगवानपुरहाट एवं महाराजगंज के अंचल पदाधिकारी भी प्रशिक्षण में भाग लेंगे। द्वितीय बैच में कुल 69 प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया जाएगा।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063